ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 20 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-274 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00


'प्रोजेक्ट के' ग्रैंड इवेंट में शामिल नहीं होगी ...

पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### हाई कोर्ट ने आरोपी अफसर उर्फ लंगड़ा को बेल देने से किया इंकार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने बुधवार को रांची सिविल कोर्ट के दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड के आरोपित अफसर आलम उर्फ छोटू उर्फ लंगड़ा को बेल देने से इनकार कर दिया है। लंगड़ा ने अपने वकील के माध्यम से हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद अदालत ने लंगड़ा की याचिका खारिज कर दी। वर्ष 2021 में रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में कई लोगों को आरोपी बनाया गया है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा के परिजनों की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता हेमंत शिकरवार ने बहस की। इस केस में बहस के लिए अधिवक्ता हेमंत शिकरवार कोई फीस नहीं ले रहे हैं।

### रांची में स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त, कई बच्चे घायल, तीन की हालत गंभीर

**रांची।** शहर के ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित इरबा में बुधवार को माउंट कारमेल स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बस में सवार 12 से अधिक बच्चे घायल हो गए। सभी बच्चों को क्योरेस्टा ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से तीन बच्चों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। बताया जाता है कि स्कूल बस में 40 बच्चे मौजूद थे। जानकारी के अनुसार स्कूल बस का ब्रेक फेल हो गया था। इसकी वजह से ही बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है।

### हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनोज पुनमिया की याचिका की खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी क्रिमिनल रिवीजन को खारिज कर दिया। दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। मनोज पुनमिया की ओर से ईडी की विशेष अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह कोर्ट से किया गया है। उनकी ओर से खुद की बजाय अधिवक्ता के माध्यम से ईडी कोर्ट में उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आग्रह हाई कोर्ट से किया गया।

---

रामेश्वर उरांव ने पलामू के चियांकी पहाड़ परिसर में किया पौधारोपण, कहा

## पौधरोपण से जिले को सूखाग्रस्त होने से बचाया जा सकता है

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू के चियांकी पहाड़ परिसर में राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बतौर मुख्य अतिथि 74वें वन महोत्सव के तहत बुधवार को पौधरोपण किया। यह कार्यक्रम सामाजिक वानिकी प्रमंडल लातेहार की ओर से आयोजित किया गया था। मौके पर मंत्री ने कहा कि पौधारोपण से जिले को सूखाग्रस्त होने से बचाया जा सकता है तथा पेड़ों से गर्मी में कमी भी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि घरों या परती पड़े जमीन में अच्छे फलदार पौधे लगाने से भविष्य में अच्छी आमदनी हो सकती है। उरांव ने कहा कि कई मायनों में हमारा राज्य प्राकृतिक रूप से धनी है लेकिन विगत कुछ वर्षों से वन प्रतिशत में कमी आना हमारे लिए चिंता का विषय है। हम सबको अधिक से अधिक पेड़ लगाने की ओर ध्यान देना चाहिये। मंत्री ने कहा कि आज जंगलों की संख्या जहां ज्यादा है वो देश उन्नति की ओर हैं। ऐसे में आप सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाएं व उसकी देखभाल करें। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन कर की गयी, जिसके पश्चात मंत्री श्री उरांव ने परिसर में पीपल का पौधा भी लगाया। वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला ने लोगों से एक दिन नहीं, बल्कि प्रत्येक दिन को वन महोत्सव के रूप में मनाने की अपील की। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने भी पेड़ों की महत्ता के विषय पर प्रकाश डाला। इस दौरान चियांकी पहाड़ में कुल 500 से अधिक पौधे गैबियन के साथ लगाये गये। कार्यक्रम में लातेहार के सामाजिक वानिकी प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, गढ़वा के सामाजिक वानिकी प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी सीएन त्रिपाठी, सहायक वन संरक्षक आलोक सिन्हा, वन क्षेत्र पदाधिकारी संजीव कुमार, स्कूली बच्चे, वन कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पलामू जिले में खोले जाएंगे दो बिरसा केंद्र

### प्रशिक्षण उपरांत 1000 रु. बेरोजगारी भत्ता मिलेगा

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार द्वारा राज्य के युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने को लेकर मुख्यमंत्री सारथी योजना की शुरूआत हुई थी। झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के द्वारा बिरसा केंद्र का संचालन होगा। राज्य भर में 80 बिरसा केंद्र खोले जाएंगे। प्रशिक्षण के उपरांत 1 साल तक बेरोजगारी भत्ता के रूप में उन्हें 1000 महीने दिए जायेंगे। पलामू जिले में बिरसा केंद्र खोले जाने के लिए 2 प्रखंड पाखी और छतरपुर का चयन हुआ है। इन केंद्रों में एससी, एसटी और ओबीसी युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पलामू जिले में बिरसा केंद्र बनकर तैयार हो गया है। छतरपुर प्रखंड में रीवा की फेस सोसाइटी और पांकी में दुग्ध के यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। पलामू श्रम अधीक्षक इतवारी महतो ने बताया कि पलामू जिले में दो बिरसा केंद्र खोले जाएंगे। इसके लिए 2 प्रखंडों का चयन कर लिया गया है। एसटी और ओबीसी बेरोजगार युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। इस सेंटर का संचालन नॉन रेसिडेशियल होगा। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को परिवहन भत्ता दिया जायेगा। जल्द ही राज्य सरकार के निर्देश पर इस प्रशिक्षण केंद्र को शुरू कर दिया जायेगा। यहां 3 महीने के प्रशिक्षण के उपरांत 1 साल तक सरकार द्वारा 1000 रुपए बेरोजगारी भत्ता के रूप में मिलेगा। आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा कई महत्वकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है, जिसमें से एक बिरसा योजना भी है। श्रम अधीक्षक ने बताया की कारपेंटर, इलेक्ट्रिशियन, मशीन ऑपरेटर, सिलाई, मोबाइल एसेंबलिंग, प्लंबिंग, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कंप्यूटर ट्रेनिंग और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट भी सिखाया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री ने गिरिडीह में करोड़ों की योजनाओं का किया उद्घाटन- शिलान्यास, कहा

# खेलों को नया आयाम देने का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। यह सरकार हर किसी की बात सुनती है और उसका समाधान करती है। सरकार जनता के साथ लगातार संवाद कर रही है। मैं भी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहा हूं, ताकि योजनाओं की जमीनी हकीकत के साथ आपकी समस्याओं को जान और समझ सकूं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को गिरिडीह के डुमरी में योजनाओं के उद्घाटन- शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के अलग राज्य बने दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार एवं कई अन्य क्षेत्र में राज्यवासियों की उम्मीदें पूरी नहीं हो सकी। गरीबी और पिछड़ापन का टैग झारखंड के साथ जुड़ा रहा लेकिन हमारी सरकार विभिन्न चुनौतियों के बीच लगातार राज्य के विकास को गति देने का काम कर रही है। हम कोरोना काल में भी लोगों को जीवन और जीविका के साधन उपलब्ध कराये और अब झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए पूरी ताकत के साथ काम कर रहे हैं।



**वर्षों से लंबित समस्याओं का कर रहे समाधान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार समस्याओं को लटकाने की बजाय उसके निपटारे की नीति पर कार्य कर रही है। पारा शिक्षकों और सहायिका-सेविका के वर्षों से लंबित मांगों को पूरा करने का काम किया है तो सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना फिर से बहाल कर दी गई है। दूसरी तरफ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मार्फत सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के दरवाजे पर पहुंचकर अधिकारियों ने आपकी समस्याओं का समाधान किया है और आपको विभिन्न योजनाओं से जोड़ा है।

**बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर विशेष फोकस :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा सरकारी विद्यालय में देंगे की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिये हैं। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इसका उदाहरण है यहां के शिक्षकों को आईआईएम से प्रशिक्षण दिलाया गया है, ताकि वे आधुनिक एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा बच्चों को दे सके। इसके अलावा विद्यालयों में प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। वहीं, खेल और संगीत की भी पढ़ाई होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास की दिशा में भी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। गांव-पंचायतों में खेल मैदान विकसित किये जा रहे हैं। पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। विद्यालयों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बड़े पैमाने पर हो रही नियुक्ति पारदर्शिता का पूरा रखा जा रहा ख्याल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों का सिलसिला शुरू हो चुका है । कई विभागों में बड़े पैमाने पर अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे जा चुके हैं और आगे भी यह जारी रहेगा। प्रतियोगिता परीक्षाओं का रिजल्ट समय पर प्रकाशित हो और इसमें पूरी पारदर्शिता का ख्याल रखा जाए, इस बाबत अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। अगर इसमे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होती है, तो आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड में धीमा पड़ा मानसून, 24 जुलाई तक रुक-रुक कर होगी बारिश

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है। बीते कुछ दिनों में हल्की-फुल्की बारिश हुई थी। प्रदेश के लोगों को लगा था कि अब शायद उन्हें थोड़ी राहत मिले लेकिन अगले चार दिनों के लिए मानसून फिर से शिथिल हो सकता है। कई जिलों में कम बारिश की वजह से परेशानी बढ़ी है। बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सरकुलेशन बन रहा है। इसका असर 20 जुलाई तक दिख सकता है। पिछले 24 घंटे में झारखंड के कई हिस्सों में रुक- रुक कर बारिश हुई है। रांची मौसम विभाग के अनुसार चार-पांच दिनों तक झारखंड में मौसम का मिजाज सामान्य रहने की संभावना है। मानसून बहुत अधिक सक्रिय नहीं होगा। इस कारण राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि 24 जुलाई तक राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका जाहिर की गयी है। साथ ही सभी से सतर्क रहने की अपील की गयी है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में राज्य कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक करीब 23 मिमी के आसपास बारिश संताल परगना के करमाटांड़ में दर्ज की गयी है।

## झारखंड सरकार ने पहली बार, एक साथ 26 हजार पदों पर निकाली नियुक्ति

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने नियुक्ति प्रक्रिया को गति देने की दिशा में तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत झारखण्ड के इतिहास में पहली बार एक साथ 26 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। जिन 26 हजार पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, वे सभी राज्य के विद्यालयों में नियुक्त किए जाने वाले सहायक आचार्य के पद हैं। इसके साथ झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने अभी तक लगभग 35 हजार से अधिक रिक्तियों के लिए विज्ञापन निकाल दिया है।

**बेहतर शिक्षा प्रदान करना एवं रिक्तियों को भरना लक्ष्य :** सहायक आचार्यों की नियुक्ति होने से विद्यालयों में पठन-पाठन को बल मिलेगा, साथ ही इससे विद्यालयों में शिक्षकों की जो कमी है उसे पूरा कर टीचर-स्टूडेंट अनुपात में भी बढ़ोत्तरी होगी। शिक्षा के क्षेत्र में झारखण्ड आगे बढ़े, यही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का संकल्प है। राज्य स्तर पर खुले उत्कृष्ट विद्यालय उसी का प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री ने प्रारंभ से विभिन्न विभागों की रिक्तियों को भरने के प्रति गंभीरता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## 25 लाख के ईनामी सौरभ उर्फ मारकुस बाबा का सरेंडर

**रांची।** झारखंड में सक्रिय 25 लाख का ईनामी सौरभ उर्फ मारकुस बाबा ने पुलिस व खुफिया एजेंसियों के समक्ष सरेंडर कर दिया है। सैक कमांडर रहते हुए मारकुस को बूढ़ापहाड़ की जिम्मेदारी साल 2021 में दी गई थी। लेकिन 2022 सितंबर में सुरक्षाबलों के द्वारा बूढ़ापहाड़ की मुक्ति कराए जाने के बाद मारकुस वहां से भाग खड़ा हुआ था। बूढ़ापहाड़ से भागने के बाद वह बिहार जाने की तैयारी में लगा था, लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, झारखंड- बिहार के सीमावर्ती इलाके में मारकुस बाबा ने सरेंडर किया है। बिहार पुलिस उससे पूछताछ कर रही हैं, वहीं उसे सरेंडर कराया जाएगा। मारकुस पर 50 से अधिक नक्सल कांड दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक, बीते दिनों वह झारखंड पुलिस के संपर्क में आया था। इसके बाद उसके सरेंडर की पहल शुरू हुई थी। मारकुस बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा का रहने वाला है।

## भंडरा के लापता दो युवकों के शव विशुनपुर से बरामद, हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा (लोहरदगा)**

भंडरा थाना अंतर्गत बेदाल गांव निवासी स्वर्गीय करमु ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र परमेश्वर ठाकुर एवं स्वर्गीय झलकू ठाकुर के 42 वर्षीय पुत्र सुखसागर साहू के शव सोमवार को गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना क्षेत्र के खेत से बरामद किये गये। भंडरा थाना पुलिस ने परिजनों को शवों की शिनाख्त के लिए थाना बुलाया। शव की पहचान कराने के पश्चात उन्हें घटनास्थल बिशनपुर भेजा गया। मृतक के परिजनों परमेश्वर ठाकुर की पत्नी अनिता देवी सहित अन्य ने बताया कि 16 जुलाई को अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट भंडरा थाने में दर्ज कराई थी। परिजनों ने बताया था कि 16 जुलाई को लगभग 7:00 बजे सुबह परमेश्वर और सुखसागर साहू दोनों मोटरसाइकिल से सिसई जाने की बात कह कर निकले थे। दोपहर में संपर्क किया गया तो परमेश्वर ने बताया कि वे दोनों सेन्हा थाना अंतर्गत कंडरा चौक में हैं। परमेश्वर ने यह भी कहा कि शाम तक घर वापस आ जाएंगे। उसकी पत्नी ने बताया कि जब शाम तक परमेश्वर घर नहीं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

---

**बैठक** विपक्ष मणिपुर मुद्दा, अडानी, द्रोण, राफेल घोटाला को लेकर करेगा संसद ठप्प

# मानसून सत्र में यूसीसी पर कोई चर्चा नहीं

**-कृष्णमोहन सिंह**



**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। इस सत्र की ज्यादा चर्चा सरकार द्वारा यूसीसी का ड्राफ्ट पेश करने की संभावना को लेकर होती रही है। लेकिन सरकार ने सर्वदलीय बैठक में जो सूची रखी, उसमें यूसीसी का कहीं कोई अता -पता ही नहीं है। उस पर एक शब्द भी नहीं है। इसको देख विपक्षी दलों के कई सांसदों का आपसी बातचीत में कहना है - लगता है विपक्षी संगठन इंडिया से भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार सतर्क हो गई है। और अपने बचाव के लिए लॉ कमीशन द्वारा लोगों से सुझाव मांगने वाली डेडलाइन को आगे बढ़ा दिये जाने का सहारा लिया जा रहा है। इस सत्र में उस दिल्ली अध्यादेश जिसको लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा में घमासान मचा हुआ है, जिसके विरोध के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल देश के सभी विपक्षी पार्टियों से मदद मांग रहे हैं, केन्द्र सरकार ने उससे जुड़ा विधेयक पेश करने की तैयारी कर ली है। इस सत्र में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक लाया जाएगा। इस सत्र में प्रोविजनल कलेक्शन ऑफ टैक्सेज बिल, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड एंड बैंक बिल, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, पोस्टल सर्विसेज बिल, जन विश्वास बिल, ड्रग्स, मेडिकल डिवाइसेज एंड कॉस्मेटिक्स बिल भी लाये जाने की तैयारी है। इधर, विपक्ष चाहता है कि सरकार मणिपुर हिंसा पर भी चर्चा करवाए। इस पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी का कहना था -सरकार चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लोकसभा अध्यक्ष अनुमति देंगे तो उस पर भी बात हो जाएगी। मालूम हो कि मणिपुर में दो महीने बाद भी हिंसा का दौर जारी है। वहां हर रोज हिंसक घटना सामने आ रही हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर का दौरा किया था। कुछ संगठनों ने दौरा किया, जबकि कुछ को रोक दिया गया। ऐसे में विपक्ष के लिए यह एक बड़ा मुद्दा है जिस पर वह सरकार को घेरना चाहती है। लेकिन विपक्ष केवल वहीं तक सीमित नहीं रह, अडानी घोटाला, द्रोण घोटाला, राफेल घोटाला सहित कई अन्य मामलों को भी संसद के मानसून सत्र में उठाने व इन मुद्दों को लेकर सदन की कार्यवाही ठप करने की गोलबंदी कर रहा है।

### झारखंड के शिक्षक इस बार राष्ट्रपति सम्मान से रह जाएंगे वंचित

**रांची।** झारखंड के शिक्षक इस बार राष्ट्रपति सम्मान से वंचित रह जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 15 जुलाई थी। इस दिन तक झारखंड के किसी शिक्षकों ने आवेदन नहीं किया था। इस वजह से पांच सितंबर को मिलने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार से झारखंड के सरकारी स्कूल के शिक्षक के वंचित होने की आशंका बढ़ गई है। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 23 जून को ही पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया था, जिसमें 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले वैसे शिक्षक जो शिक्षण कार्य के अलावा समाज के लिए कुछ अलग हटकर कार्य किए हों, उसकी योग्यता निर्धारित की गई थी। सभी कागजात को पीडीएफ फोर्मेट में पोर्टल पर अपलोड करना था। इस संबंध में बुधवार को शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने बताया कि झारखंड से किसी भी शिक्षक का आवेदन नहीं करना ये बहुत आश्चर्य की बात है।

## डीएसपी व दारोगा को गोली मारने वाले बॉबी सहित दो अपराधी गिरफ्तार





**रांची।** रामगढ़ जिले के पतरातू में डीएसपी नीरज कुमार और दरोगा सोनू साव को गोली मारने वाले बॉबी खान समेत दो अपराधियों को एटीएस की टीम ने मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया है। इससे पहले बीते 17 जुलाई को एटीएस ने अमन साहू गिरोह के शार्प शूटर चंदन साव सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते सात जुलाई को रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता को गोली मारने में अमन साहू गिरोह का शार्प शूटर चंदन साव के साथ बॉबी खान भी शामिल था। गिरफ्तार अपराधी जेल में बंद अमन साहू के नाम पर कोल कंपनियों के अधिकारियों और अन्य व्यापारियों को जान से मारने की धमकी देकर उनसे मोटी रंगदारी वसूलने का काम करते थे। उल्लेखनीय है कि एटीएस की टीम ने अमन साहू गिरोह के चंदन साव समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने गैंग के सदस्य बॉबी खान के बारे में जानकारी दी थी इसके बाद पुलिस ने बॉबी खान का लोकेशन ट्रैक किया था। एटीएस और रामगढ़ पुलिस की टीम संयुक्त रूप से बॉबी खान को गिरफ्तार करने के लिए पतरातू इलाके में गयी थी। टीम रात करीब 8.30 बजे जब सरना उच्च विद्यालय के पास पहुंची तो उस वक्त बॉबी खान एक अन्य युवक के साथ बाइक से जा रहा था। टीम ने जैसे ही बॉबी खान को पकड़ने की कोशिश की तो बाइक के पीछे बैठे अपराधी ने ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान डीएसपी और दारोगा को गोली लग गयी। दोनों रांची मेडिका में इलाजरत हैं।

NEWS इन ब्रीफ

## गरीब रथ ट्रेन की प्रतिदिन संचालन की मांग




**हुसैनाबाद।** अधौरा गांव निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता नितीश सिंह ने माननीय प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, ईस्ट सेंट्रल रेलवे एवं डीआरएम को पत्र लिखकर 12877 गरीब रथ सुपर फास्ट ट्रेन जो नई दिल्ली से रांची एवं 12878 रांची से नई दिल्ली हफ्ते में तीन दिवसीय आवागमन है, उसका संचालन सप्ताह में प्रत्येक दिन किये जाने एवं मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने पर कोयल नदी के उसपार के आम आवाम एवं आसपास के सभी गांवों के लोगों को इससे काफी सुविधा मिलेगी।

# पांच दिनों से जलापूर्ति पूर्णतः बंद, उपभोक्ता परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्रों में देवरी सोन नदी से सिटी में होने होने वाली जलापूर्ति मोटर जलने के कारण पिछले पांच दिनों से बंद हैं। इससे उपभोक्ताओं को बरसात में भी पीने की पानी की घोर संकट उत्पन्न हो गया हैं। पेयजल आपूर्ति कर्मी उमेन्द्र ठाकुर ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी मो. परवेज के अथक प्रयास से मोटर बनाकर लगाने का कार्य अंतिम चरण में हैं। शीघ्र शहर में पेयजल आपूर्ति बहाल की जायेगी। उपभोक्ताओं का कहना है कि शहर में कई दिनों तक जलापूर्ति बंद रहती हैं, फिर भी पानी का टैक्स पूरे महीने का लिया जाता हैं। उपभोक्ताओं ने एक वर्ष में जितने दिन पानी की आपूर्ति बंद है, उतने दिनों का टैक्स माफ करने और शहरी क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति कराने की मांग की है। ताकि लोग शुद्ध पेयजल का लाभ लें सकें।

# लिंक फेल होने से जपला मुख्य डाकघर में दो दिनों से कार्य ठप्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य डाकघर में लिंक फेल रहने से विगत दो दिनों से सभी कार्य ठप हैं । दर्जनों ग्राहक दूर दराज गांव से आकर इस भीषण उमस भरी गर्मी में परेशान होकर लौट जा रहे हैं । यहां आधार का भी कार्य प्रभावित हो रहा है । इतना ही नहीं विगत तीन माह से यहां पासबुक भी उपलब्ध नहीं हुआ है, जबकि डाक अधीक्षक पलामू ने 15 जुलाई तक पासबुक उपलब्ध होने की बात कही थी। परंतु 19 जुलाई तक पासबुक उपलब्ध नहीं हुआ है। जब इस बाबत डाक अधीक्षक से मोबाइल पर सम्पर्क किया तो बार बार बिजी बताया । लिंक फेल होने पर प्रभारी उप डाकपाल विक्रम कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। जबकि हुसैनाबाद के डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता ने बताया कि मेरे कार्यालय में भी कार्य बाधित है। आज हमलोग पीएलआई व आरपीएल का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

## डीलरों की बैठक 24 को

**हरिहरगंज।** जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ हरिहरगंज की एक बैठक आगामी 24 जुलाई के पूर्वाहन 11 बजे स्थानीय डाक बंगला परिसर में आहूत की गयी है। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के तमाम पंचायतों के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के भाग लेने की बात बताई गयी। उक्त बात कि जानकारी देते हुए डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सिंह ने बताया कि ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर बैठक रखी गयी है।

### पीसीसी पथ का निरीक्षण करने गये नप अधिकारियों पर जानलेवा हमला

# सहायक नगर आयुक्त मो. प्रावेज का सर फटा, नगर प्रबंधक को भी लगी चोट



## हमलावरों ने सड़क निर्माण में लगी मशीनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमा गांव में निमार्णाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण करने गए नप अधिकारियों पर एक विषेश समुदाय द्वारा जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में सहायक नगर आयुक्त मो.प्रवेज को गंभीर चोट आई है। उनका सर फट गया है। वहीं सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह व नगर प्रबंधक प्रभात कुमार को भी चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा गांव में नगर परिषद द्वारा छठ घाट तक जाने हेतु पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। इसी रास्ते के किनारे कब्रिस्तान भी पड़ता है। जिसकी चहरदीवारी वर्षों पूर्व कल्याण विभाग द्वारा करा दी गयी है। मुस्लिम समुदाय द्वारा कब्रिस्तान के बगल से सड़क बनने पर आपत्ति दर्ज कराई गई। जिसके बाद सड़क निर्माण कार्य बंद कराकर अंचल कार्यालय द्वारा कब्रिस्तान का सीमांकान करते हुए सड़क की मापी कराई गई। मापी के बाद नप द्वारा निर्माण कार्य पुनः शुरू करने का आदेश निर्गत किया गया। जिसके बाद बुधवार को सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया। निमार्णाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण करने लगभग 11.30 बजे सहायक नगर आयुक्त मो.प्रवेज नप पदाधिकार्यो के साथ स्थल पहुंचे। इसी बीच एक समुदाय विशेष के लगभग 70-80 लोग लाठी डंडा लेकर एकाएक वहां पहुंचे और मो.प्रवेज सहित नप पदाधिकारियों पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने सड़क निर्माण में लगी मशीनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नही सड़क निर्माण की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय पर भी हमला करने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने नाकाम किया। आनन फानन में सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां सबका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, सीओ विक्रम आनंद,पुलिस निरीक्षक अजय कुमार,बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन,रेहला थाना के एसआई अलख नाथ चौबे व उंटारी थाना प्रभारी अशोक मेहता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इस संबंध में मो प्रवेज ने रेहला थाना में 15 नामजद सहित 170 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण में बरती जा रही है अनियमितता

**नौडीहा बाजार।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड की सुदूरवर्ती पंचायत खैरादोहर के ग्राम शिल्दा खुर्द पूर्वी में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण 16 लाख के लागत से टेंडर ठेकेदारों के द्वारा निर्माण किया जा रहा है। बुधवार को पूर्वी पंचायत समिति संतोष यादव ने हो रहे आंगनबाड़ी भवन निर्माण में हो रहे कार्यों एवं गुणवत्ता का निरीक्षण कर कहा कि जिस तरीके से ईस्टीमेट के तहत लगने वाली सभी सामग्री दो नंबर का ईंटा, छड, सीमेंट, बालू का प्रयोग कर ठेकेदार के द्वारा लीपापोती किया जा रहा है व बिना इसक्युटीव, जेई की निगरानी में यह कार्य का अंजाम दिया जा रहा है। वह आपत्तीजनक है। जब तक ईस्टीमेट के तहत एक नंबर सामग्री एवं जेई की उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण क्वालिटी से निर्माण नहीं होगा। तब तक भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाय। स्थानीय ग्रामीणों बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र भवन के निर्माण कार्य में विरोध कर गुणवत्ता के साथ काम कराने की मांग कर रहे हैं।

## अमर बांध से निकलने वाली पइन के जीर्णोद्धार का शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड के दर्जनों गांव के किसानों की भूमि सिंचित करने वाली अमर बांध पइन के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास हैदरनगर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी व बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस पइन के जीर्णोद्धार हो जाने से लपेया, सरहु,खिलपर, कुकही, गोरियावटा,भैसना व सिमरसोत गांव के किसानों के खेतों की सिंचाई होगी। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किसानों व ग्रामीणों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड प्रमुख कलावती देवी के आग्रह पर उन्होंने अमर बांध से निकलने वाली पाइन के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि किसानों को लगातार सुखाड़ का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए किसानों के आग्रह पर जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार का काम आगे भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता की एक एक समस्या का वह समाधान कर रहे हैं। किसानों व ग्रामीणों के द्वारा जिस कार्य को कराने का आदेश उन्हे मिलता है, उसे टीम भेज कर निरीक्षण कराने के बाद योजनाओं की स्वीकृति मिलती है। कार्यक्रम में कुकही गांव के ग्रामीण व किसान गुड्डू सिंह, मिथिलेश सिंह, राजेश्वर यादव, प्रदीप पासवान, जॉनी सिंह, राजेश मेहता,पप्पू सिंह, सुबोध मेहता, कामता मेहता, सुदेश्वर मेहता,अनिल मेहता, महेंद्र मेहता, लल्लू यादव के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सुदूरवर्ती गांव हेडूम गरीहारा में विधायक ने निजी खर्च से सड़क बनवायी

**पांकी।** पांकी विधानसभा के केकरगढ़ पंचायत के हेडूम गरीहरा में आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी वहाँ के ग्रामीण सड़क के लिए तरस रहे है। केकरगढ़ पंचायत कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। हमेशा नक्सलियों की गड़गड़ाहट होते रहती थी। भाजपा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल कार्यकाल बेमिसाल को प्रचारित करने के लिए निकले थे, वहां के ग्रामीणों ने सड़क और पुलिया के लिए अपनी समस्या को रखा। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अपनी निजी खर्च से नावाडीह से गरीहरा तक चलने लायक सड़क बनवाया। जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। वही विधायक डॉ मेहता ने पूर्व के जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि 15 साल तक शाशन करने वाले जनप्रतिनिधि विकास के नाम पर लूटने का काम किये, पूरे विधानसभा में सड़क की हालत जर्जर है, मैं भरपूर प्रयास कर रहा हुं कि पांकी विधानसभा में सड़क ,स्वास्थ्य , बिजली, पानी,शिक्षा बेहतर हो।मौके पर, अमलेश यादव ,बिंदु यादव,मुकेश पांडेय, भुनेश्वर भुइयां, शंकर यादव, बालकिशुन उरांव ,अमरेश यादव, प्रोफेसर बचन ठाकुर, संजय वर्मा ,सुनील प्रसाद गुप्ता, रंजय ठाकुर ,प्रकाश मेहता, रौशन सिंह राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पाँच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

# बिजली विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के विशेष छापेमारी अभियान में मंगलवार को 5 लोगों को अवैध कनेक्शन से बिजली का उपभोग करते पाये जाने पर उन सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत जेई प्रदीप कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, उनमें भजनियां गांव के विभिन्न टोले के 4 लोग शामिल हैं। उनमें शिवनारायण मेहता (टोला पासी मोड़) के अलावा राजीव कुमार रंजन, राजकुमार दास, अजय राम (बैरिया टोला) और प्रभू रजवार (शिलापर) के नाम शामिल हैं। इनमें शिवनारायण मेहता और राजीव कुमार रंजन पर 20 व 35000 जबकि शेष 3 पर 5-5 हजार कुल 70,000 रुपए जुर्माना लगाया गया है। वहीं अजय राम व प्रभू रजवार को पहले के कुल क्रमशः 8306 व 56690 रुपए बकाया रहने के बावजूद अवैध तरीके से टोका लगाकर विद्युत ऊर्जा की चोरी करते पाया गया है। जबकि इस वजह से उनका कनेक्शन विच्छेदित कर दिया गया था। इस अभियान में इनके अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता, रंजय कुमार व ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह भी शामिल थे। कनीय अभियंता ने बताया कि आगे भी छापेमारी अभियान में 5000 रुपए से अधिक के बकायेदारों के खिलाफ भी ऐसी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने ऐसे बकाएदारों को इससे बचने के लिए यथाशीघ्र बकाये बिल का भुगतान करने की हिदायत की है।

## आश्वासन के बाद कांग्रेसी नेता का अनशन तीसरे दिन समाप्त

**विश्रामपुर।** कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय का आमरण अनशन प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद बुधवार को तीसरे दिन समाप्त हो गया। यहां बताते चलें कि श्री पांडेय गोदारमा गांव में निमार्णाधीन सड़क किनारे सोमवार से ही आमरण अनशन पर बैठे थे। उनकी मांग थी कि छठ घाट जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य पुनः शुरू किया जाए। बुधवार को विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, सीओ विक्रम आनंद,पुलिस निरीक्षक अजय कुमार,विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, उंटारी थाना प्रभारी अशोक मेहता, एसआई अलख नाथ चौबे अनशन स्थल पर पहुंचे। प्रशासनिक पदाधिकारियों से वार्ता के बाद मणिभूषण पांडेय अनशन खत्म करने पर राजी हुए।

## कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद

पत्रांक–................../ **आम–सूचना (3rd Call)** दिनांक–....................

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर पंचायत हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 25.07.2023 को नगर पंचायत हुसैनाबाद को पूर्वाह्न 01:00 PM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 02 (दो पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) | |

दिनांक 25.07.2023 को नगर पंचायत हुसैनाबाद को पूर्वाह्न 01:00 PM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 302662 District(23-24)#D

## कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार
(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**सूचना**

डा0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोराबादी, राँची द्वारा झारखण्ड के 08 (आठ) अति संवेदनशील जनजातीय (PVTG) समुदाय के युवकों/युवतियों के लिए झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग (JSSC), झारखण्ड/कर्मचारी चयन आयोग (SSC), भारत सरकार एवं अन्य समकक्ष नियोजन (नौकरी) संबंधी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रारंभ करने का प्रस्ताव है। इसके लिए इच्छुक प्रतिभागियों (PVTG) समुदायों का आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन के लिए शर्तें निम्नवत् है :–

1. आवेदक को झारखण्ड का निवासी होना चाहिए।
2. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के दिन आवेदक की आयु 21 से 40 वर्ष हो।
3. आवेदकों का चयन 10वीं, 12वीं एवं स्नातक में प्राप्त अंक के आधार पर किया जायेगा।
4. JSSC एवं SSC द्वारा विज्ञापित पदों पर आवेदन दिए गए अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2023 संध्या 06:00 बजे तक है।
6. आवेदक अपना आवेदन संस्थान कार्यालय डा0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोराबादी, राँची अथवा ई0मेल (Email:tri.directorate@gmail.com) या पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। 30 जुलाई, 2023 संध्या 06:00 बजे के बाद के आवेदन मान्य नहीं होंगे।
7. आवेदन के साथ आवश्यक कागजात की छायाप्रति :–

I. जाति प्रमाण–पत्र।
II. सरकार द्वारा निर्गत फोटो पहचान–पत्र।
III. शैक्षणिक अंक–पत्र (10वीं/12वीं/स्नातक)।
IV. JSSC/SSC द्वारा विज्ञापित पदों पर आवेदन का साक्ष्य (छायाप्रति)।

(आवेदन का प्रारूप अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अपने प्रखण्ड के प्रभारी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी –सह– प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।)

PR.NO.302684 Welfare(23-24):D

परियोजना निदेशक, आई०टी०डी०ए०, लातेहार।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

**e-Procurement Notice, (2nd Call)**

e-Tender Ref No - 1/ RCD/Daltonganj/2023-24/683 Dated:- 18.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Widening & Strengthening/Reconstruction of Japla – Navinagar (MDR 127) Bihar Border Road (Total Length- 14.895 K.m) for the year 2022-23. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 47,84,58,981.31 (Rupees Forty Seven Crore Eighty Four Lacs Fifty Eight Thousand Nine Hundred Eighty One and Thirty One Paise) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 47,84,600.00 (Rupees Forty Seven Lac Eighty Four Thousand Six Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 18 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 25.07.2023, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Timeof Online Bid Submission | 11.08.2023, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 17.08.2023, 12:30 PM |
| 8. | Pre Bid Meeting Date & Time | 31.07.2023, 15:00 PM |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Office of the Chairman, e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi. |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562–225019 |
| 11. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline number of eProcurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 302685 Road(23-24)#D

## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।
(email-districtboardhazaribag@gmail.com, Phone No. 06546-261407)

**–: अल्पकालीन निविदा सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला अन्तर्गत विधायक मद से विभिन्न स्थानों में Solar Street Light अधिष्ठापन का कार्य किया जाना है। Solar Street Light अधिष्ठापन हेतु विधुत कार्यपालक अभियंता, ज्रेडा, रॉची के पत्रांक 139/2023 दिनांक 25.01.23 से प्राप्त दर एवं Specification के आलोक में प्रति इकाई Solar Street Light की दर (सभी कर सहित) के लिए इच्छुक कम्पनी/Solar Street Light के अधिकृत विक्रेता/निर्माता/Solar Street Light सामग्रियों के अधिकृत निबंधित आपूर्तिकर्ता से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी, कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site-www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 04/08/2023 समय 2.00 अपराह्न तक।
2. निविदा जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 04/08/2023 समय 3.00 अपराह्न।
4. निविदा खोलने का स्थान :– उप विकास आयुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 302774 (District) 23-24 (D)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

**e-Procurement Notice (2nd Call)**

e-Tender Ref No- 2/ RCD/Daltonganj/2023-24/682 Dated:- 18.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Reconstruction of Bhajania of Mohammadganj to Haidernagar Via Kolhua, Bardiha, Pansa, Adhori and Ranideva Road (Total length - 17.372 km) under Central Road Fund for the year 2022-23 (Job No.- CRF-JHR-2022-23/63) |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 66,62,54,075.66 (Rupees Sixty Six Crore Sixty Two Lacs Fifty Four Thousand Seventy Five Rupees and Sixty Six Paise) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 66,62,541.00 (Rupees Sixty Six Lac Sixty Two Thousand Five Hundred Forty One) Only. |
| 4. | Time of Completion | 24 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 25.07.2023, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 11.08.2023, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 17.08.2023, 12:30 PM |
| 8. | Pre Bid Meeting Date & Time | 31.07.2023, 15:00 PM |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Office of the Chairman , e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi. |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D, Road Division, Daltonganj06562–225019 |
| 11. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline number of eProcurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 302683 (Road) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई– निविदा सूचना संख्या.:– RWD/SD/LATEHAR/11/2022-23/RE PR NO- 293994

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिला के प्रखण्ड बरवाडीह अन्तर्गत पंचायत मोरवाईकला के ग्राम सैदुप में सैदुप नदीं पर पुल निर्माण। | 4,22,42,100.00 | 8,45,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 2 | लातेहार जिला के प्रखण्ड हेरहंज पंचायत–सलैया ग्राम–होंजर में होंजर नदी पर पुल निर्माण। | 4,96,37,000.00 | 9,93,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड–बरवाडीह के पंचायत मंगरा के ग्राम मंगरा में पंचायत भवन के पास कुशमाही नदी पर पुल निर्माण। | 3,58,13,318.00 | 7,17,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 4 | लातेहार जिला के प्रखण्ड हेरहंज में पंचायत–सलैया अन्तर्गत ग्राम–कटांग में कटांग नदी पर पुल निर्माण। | 3,09,12,259.00 | 6,19,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः– दिनांक–21.07.2023 से दिनांक–10.08.2023 को अपराह्न् **05:00** बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 11.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः–
   I) जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार
   II) जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
   III) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, रांची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.08.2023 अपराह्न **02:00** बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9122180770, 7061815124
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR 302712 (Rural Development) 23-24 (D)

## आदर्श क्लिनिक में लगा रक्त दान शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना के सामने मेन रोड़ स्थित आदर्श क्लिनिक में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पथ प्रदर्शक संस्था के तत्वाधान में तथा आदर्श क्लिनिक के सहयोग से आयोजित रक्त दान शिविर का उद्घाटन संस्था के सचिव बमेन्द्र कुमार सिंह तथा आदर्श क्लिनिक के डॉ. अनुज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व केक काटकर किया। मौके पर डॉ. अनुज कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था पथ प्रदर्शक के रक्तसेवक बमेंद्र कुमार सिंह का प्रयास काफी सराहनीय है। जबकि संस्था के सचिव बमेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जरूरतमंद व गरीब असहायों को जरूरत पड़ने पर खून दिया जाता है।

## सदर अस्पताल में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान, शारीक इरशाद, संतन कुमार ने सदर अस्पताल में लगातार चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर राजा अंसारी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताते चलें कि सदर अस्पताल में लगातार मरीजों के पर्स पैसे सहित अन्य सामान की चोरी हो रही थी। इसकी वजह से अस्पताल में भर्ती मरीज, इलाज कराने आने वाले



मरीज व उनके परिजन काफी परेशान थे। चोरी की घटना की खबर मिलने पर पुलिस भी चोर को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। इसी बीच बुधवार को शहर थाना की पुलिस ने शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला स्थित गोसया मदरसा निवासी स्वर्गीय अयूब अंसारी के पुत्र राजा अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताते चलें कि मंगलवार को टाटा जमशेदपुर निवासी चंद्रमणि कुमार जो वर्तमान में मेदनीनगर शहर के रेडमा श्रीरामपथ में किराए के मकान में रहते हैं, वह मंगलवार को अपना इलाज कराने के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल के 16 नंबर वार्ड में लाइन में लगे थे। इसी बीच चोर राजा के द्वारा उनके पर्स की चोरी कर ली गई थी। चोरी की घटना होने के बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज से चोर राजा की पहचान की और उसे धर दबोचा। भुक्तभोगी चंद्रमणि के पर्स में 55 सौ रुपए थे। पुलिस ने जब चोर को पकड़ा तो चोर के पास से पुलिस ने चंद्रमणि कुमार का पर्स बरामद किया जिसमें ढाई हजार रुपये मौजूद थे। वही शातिर चोर के पकड़े जाने के बाद से अन्य चोर भी सावधान हो चुके हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### 20 सूत्री अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने आपूर्ति गोदाम का निरीक्षण किया

**पाटन ।** बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय व उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने प्रखंड आपूर्ति विभाग के गोदाम का औचक निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम की टूटी छत, चारों तरफ झाड़ी व गंदगी देख कर भड़के। बरसात के दिनों में गोदाम में रखे चावल पर पानी गोदाम की छत से टपकता रहता है। जिससे डीलर तथा कार्ड धारी लाभुकों को भीगा हुआ चावल वितरण किया जा रहा है। जिससे लाभुकों में रोष है। उन्होंने एजीएम, प्रभार आपूर्ति पदाधिकारी को साफ-स्वच्छ रखने का निर्देश किया। कहां की गोदाम की मरम्मत कराएं। निरीक्षण के दौरान एजीएम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मुहर्रम इन्तेजामिया जेनरल की जम्बोजेट कमेटी घोषित

**मेदिनीनगर।** पलामू मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का विस्तार किया गया है। कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा आज शाम जेनरल खलीफा मो. शहरयार अली ने की। वे जेनरल के कार्यालय में पत्रकारों से रुबरु थे। घोषित कमेटी में मुमताज अहमद खान एवं सदर गुडू खान मुख्य सरपरस्त बनाये गये हैं, जबकि नायब जेनरल : इमामुद्दीन राईन, सन्नू खान (हुरलौंग), जाबिर खान उर्फ मिठू खान, शाहबाज खान उर्फ विक्की (झामुमो), सैयद वाजुल हक उर्फ तब्बू, विक्की राईन, असफर रब्बानी, वसीम अहमद खान, राजा सिद्दीकी घोषित किये गये हैं। इमाममुद्दीन खान महासचिव बनाये गये हैं। इनके अलावे,सचिव :अहमद जमा खान, हसनैन खान डब्लू, चांद मुराद, गुड्डु शाह व चंदू शाह, मो फैयाज छोटू, फहद फारूख, आशिक जमाल,राजा अशरफी, बबलू हाशमी, नजीरुल्लाह उर्फ नजीर, इरफान खान, मो फिराज रंगसाज उर्फ मिंटू, शान खान, आदिल अंसारी, शमशाद खान, शोएब अशरफ, साहेब सिद्दीकी, मो असफर नन्कू, शिबगत शेख, मो मोकीम, मो आतीफ,व मो शाकीब होंगे। **संयुक्त सचिव :** अहमद रजा, मो मन्नु, मो अरमान, चंदू खान, इसराफिल उर्फ बादल, पप्पू शाह, अजहर आलम, महबूब आलम सोनू,शाहबाज अंसारी, इम्तेयाज अहमद, अशरफ अली, आसिफ खान, मो शोएब, शेर अली, मो सैफबनाये गये हैं। ख्वाजा मो अब्बास खान उर्फ रानू व मोख्तार हुसैन मक्क कमेटी में खजाँची होंगे।

### अविनियमित जमा योजनाओं पर लगेगी रोक

## अनाधिकृत नन बैंकिंग कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान : आयुक्त

**पीड़ित व्यक्ति प्रमंडलीय आयुक्त अथवा संबंधित जिलों के उपायुक्त के समक्ष शिकायत कर सकते हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रमंडलस्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आयुक्त मनोज जायसवाल ने कहा कि अविनियमित जमा योजनाओं के प्रतिबंध हेतु 2019 में बने नियम के अंतर्गत अविनियमित जमा योजनाओं को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से कड़ी कार्रवाई के प्रावधान किए गए हैं। इसके विनियमन के लिए सरकार द्वारा संबंधित प्रमंडल के आयुक्त को सक्षम प्राधिकार नामित किया गया है। वहीं संबंधित जिलों के उपायुक्त सक्षम प्राधिकार के सहायक पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ऐसे किसी भी मामलों के पीड़ित व्यक्ति प्रमंडलीय आयुक्त अथवा संबंधित जिलों के उपायुक्त के समक्ष शिकायत कर सकते हैं। आयुक्त ने संवेदीकरण कार्यक्रम में उपस्थित पलामू प्रमंडल के तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें। इस संबंध में शिकायत मिलने पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाए।वित्त विभाग के संयुक्त सचिव अखौरी शशांक सिन्हा ने अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि फर्जी प्रचार के जरिए अधिक लाभ का प्रलोभन देकर अविनियमित कंपनियां आम निवेशकों से पैसे जमा कराती है, तो उस स्थिति में कम-से-कम 2 साल से लेकर 7 साल की सजा एवं अधिकतम 3 लाख से लेकर 10 लाख तक जुमार्ने का प्रावधान है। ऐसी अविनियमित कंपनियां प्रलोभन के उद्देश्य से फर्जी स्कीम का प्रचार-प्रसार भी कराएंगी, तो कम-से-कम 1 साल की सजा एवं 2 लाख रुपये जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। वहीं अधिकतम 5 साल की सजा और 10 लाख तक जुर्माना भी हो सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से वित्त विभाग मुख्यालय, रांची की टीम द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से उक्त अधिनियम से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। संवेदीकरण कार्यक्रम में आयुक्त मनोज जायसवाल, वित्त विभाग के संयुक्त सचिव अखौरी शशांक सिन्हा, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, आयुक्त के सचिव मतियस विजय टोप्पो, पलामू के अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिवेन्द्र कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, वित्त विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी श्रीकांत सारंगी, कनीय सचिवालय सहायक पियूष नयन के अलावा तीनों जिले के के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाइक दुर्घटना में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेडमा बारालोटा निवासी अजीत मेहता उम्र 45 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अजीत मेहता बुधवार की दोपहर बाइक पर सवार होकर अपने घर से किसी काम के लिए लेस्लीगंज जा रहे थे। तभी रास्ते में भैसाखुर गांव के पास अचानक उनकी तबीयत खराब हो गयी और वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जांच इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपनी देखरेख में अजीत मेहता का इलाज करवा रहे हैं।

### विधायक ने किया क्लास रूम निर्माण का शिलान्यास

**मेदिनीनगर।** छत्तरपुर प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रांगण में डी एम एफ टी मद से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 6 क्लास रूम के निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा विधायक पुष्पा देवी ने किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डन किरण सिंह के द्वारा विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि क्लास रूम बन जाने से छात्राओं को परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। भवन निर्माण में गुणवत्ता के लिए विधायक ने संवेदक को निर्देश दिया। इस मौके पर संतोष गुप्ता, मंडल मंत्री कमलेश प्रसाद, चंदन यादव, शिवकुमार राम, रामजतन यादव, अजित प्रजापति, अशोक तिवारी, नसरुल्ला अंसारी, सन्तोष कुमार, सुदामा चन्द्रवंशी, मुरारी गुप्ता, अनमोल मिश्रा, राजेन्द्र यादव, और विद्यालय परिवार के सभी सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।

### दुर्गा बाड़ी की बैठक में हॉल बुकिंग करने का निर्णय

**मेदिनीनगर।** बंगीय दुर्गा बाड़ी के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा की अध्यक्षता में संस्था की एक बैठक की गयी व कई निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि दुर्गा बड़ी का हॉल जो पूर्व में कुछ दिनों के लिए कतिपय कारणों से बुकिंग के लिए उपलब्ध नहीं किया जा रहा था, उसकी बुकिंग अब शुरू कर दी जायेगी। दुर्गा बाड़ी की बुकिंग के लिए सचिव दिवेन्दु गुप्ता व अन्य सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है। बैठक में सचिव ने जानकारी दी कि मुख्य हॉल के पीछे भी हॉल का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है। जो दुर्गा पूजा के पहले इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हो जायेगा। इसके अलावा दुर्गा बाड़ी के रंग रोंगन तथा अन्य सुंदरीकरण कार्यो को करने के लिए भी अलग -अलग सदस्यों को जिम्मेवारी दी गयी।

## स्थापना दिवस के अवसर पर शिव मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिव मंदिर की स्थापना दिवस के अवसर पर शहर के हमीदगंज स्थित बंगाली मोड़ शिव मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। शिव मंदिर कमेटी के द्वारा आयोजित इस भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। यह भंडारा मंगलवार की दोपहर से लेकर देर रात तक चला। भंडारे के आयोजकों ने बताया कि इससे पूर्व भी यहां के स्थानीय लोगों के द्वारा भंडारे का आयोजन कराया गया है।आयोजकों ने बताया कि इस शिव मंदिर में वर्षो से भंडारे का आयोजन होता चला आ रहा है। पिछले दो वर्षो से कोरोना के चलते हुए व्यवधान में आयोजन रद्द हुआ था। लेकिन इस वर्ष पूरे उत्साह के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि इस मंदिर में सावन के हर सोमवार के दिन भगवान की पूजा और जल चढ़ाने के लिए भक्तो का तांता लगा रहता है। सावन माह में बाबा धाम जाने वाले लोग भी इस मंदिर में पूजा करके ही बाबा धाम के लिए रवाना होते हैं। आयोजकों ने बताया कि यहां के स्थानीय लोगों के सहयोग से इस मंदिर में तरह-तरह के कार्यक्रम हमेशा होते रहते हैं। लोग बिना सहयोग मांगे ही अपने मन से भगवान के लिए सहयोग राशि प्रदान करते हैं। मौके पर शिव मंदिर के आयोजक अजय कुमार, आशीष कुमार, सोनू कुमार,बंटी कुमार, बिल्टू कुमार, मयंक कुमार, शिवम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास केंद्र निष्ठा मेगा स्किल आईटीआई कॉलेज नावा बाजार के प्रशाल में बुधवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का शुभारंभ एमजीएनएफ शुभम कुमार, डीएससी देवेश कुमार ,प्लेसमेंट मैनेजर शुभम मिश्रा, बेस्ट कॉर्पोरेशन कंपनी से सादिक बाशा, नावा बाजार सेंटर मनेजर अनिल यादव ,एमआईएस मैनेजर संजीव कुमार गुप्ता, प्लेसमेंट हेड राजा रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव ने किया। कार्यक्रम शुभारंभ उपरांत अतिथियों को बुके प्रदान कर स्वागत में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, नागपुरी डांस , क्लासिकल डांस व झारखंडी गीत का प्रदर्शन किया गया। मौके पर एमजीएनएफ शुभम कुमार ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास प्रशिक्षण एवं मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत झारखंड के बेरोजगार युवाओं को मेगा स्किल का प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने की मुहिम चलायी जा रही है। जिसमें झारखंड के युवक-युवतियां प्रशिक्षित होकर बेस्ट कॉर्पोरेशन, जुबली टैक्स ,सेलिब्रिटी, सुजुकी मारुति जैसी कंपनियों में जॉब कर रहे हैं। फिलहाल पास आउट युवतियां प्रशिक्षण सर्टिफिकेट प्राप्त कर बेस्ट कंपनी में जॉब के लिए जाएंगी। मौके पर ट्रेनर अमर कुमार, पूजा कुमारी, प्रतिमा कुमारी , कशीदा कुमारी, कविता कुमारी, संजू कुमारी, प्रियंका कुमारी, शहाबुद्दीन अंसारी, अनूप कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### ढेला रोड में जल जमाव के संकट पर बिफरे शुक्ला



**मेदिनीनगर।** ढेला रोड के इस गम्भीर समस्या पर ग्रामीणों के बीच पहुँचे पूर्व विधायक प्रत्याशी पांकी विधानसभा रुद्र शुक्ला और ग्रामीणों और वहाँ के मुख्य लोगो से मुलाकात की। ढेला रोड में जल जमाव और कीचड़ से आवागमन बाधित होने और कई दुर्घटना होने से आम जनता ने युवा नेता के सामने वर्तमान विधायक शशि भूषण मेहता और पूर्व विधायक के प्रति आक्रोश व्यक्त किया और जल जमाव का संकट जल्द दूर हो सके, इन बातों को रखा। युवा नेता रुद्र शुक्ला ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलाम्बर पिताम्बपुर प्रखण्ड के प्रखण्ड मुख्यालय के ढेला रोड में जल जमाव और कीचड़ से नरकीय स्थिति बनी हुई है और इस रोड पर वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक गन्दी राजनीति कर रहे है। वर्तमान विधायक कभी इसी रोड में धान रोपते थे और आज विधायक बने लगभग चार वर्ष होने को है पर इस जल जमाव पर सिर्फ झूठा अस्वासन देकर जनता को छल रहे है । वहीं पूर्व विधायक के लोगो के द्वारा ही इस रोड का ठेकेदारी किया गया था पर आज वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता और विकास के लिए विनाश पुरुष साबित हो रहे है । मैं झारखंड सरकार से और सम्बंधित विभाग से बात करूंगा कि ढेला रोड की जनता को इस संकट से जल्द निजात मिल सके और अगर ये काम विभाग नही करती है तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन को तैयार हूँ।

## संगठन के सशक्तिकरण को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**नौडीहा बाजार ।** प्रखंड में दिनांक 19 जुलाई को कांग्रेस की प्रखंड एवं मंडल कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रवेज आलम ने की। बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, एवं 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रखंड प्रभारी विजय अग्रवाल व प्रभारी छोटू सिंह उपस्थित थे। बैठक का संचालन पलामू उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि कार्यकताओं के बल पर लोकसभा एवं सभी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी परचम लहराएगी। प्रखंड, मंडल पंचायत अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द बूथ में काम शुरू किया जाए। लक्ष्य 2024 को लेकर आगे कहा कि सभी मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार विफल साबित हुई है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार को मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। मौके पर प्रमुख रूप सेवरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी,मिथलेश कुमार सिंह, अशोक पासवान, अनिल सिंह, अभय पांडे, शाहजहां अंसारी, महेंद्र पासवान, अताउल हक, प्रेमशंकर सिंह, मुस्तकीम अंसारी, फगुनी पासवान और पंचायत अध्यक्ष गुलाम सरवर के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हलचल

### थोक सब्जी बाजार हटाने को लेकर व्यवसायियों ने सौंपा ज्ञापन

## मामले को धार्मिक न्यास बोर्ड कि बैठक में रखेंगे : संजीव

**सब्जी को लेकर आने वाले दर्जनों वाहनों के साथ - साथ खरीदने- बेचने वालों की भीड़ के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के सतार सेठ, लाल कोठा एवं विष्णु मंदिर के आस पास सुबह के समय लगाये जाने वाले थोक सब्जी बाजार को हटाने की मांग को लेकर बाजार व्यवसायी एकता मंच के बैनर तले पिछले करीब एक पखवारे से आंदोलन कर रहे व्यवसायियों ने आज झारखण्ड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य सह झामुमो के केंद्रीय नेता संजीव कुमार तिवारी को ज्ञापन देकर आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है। मंच द्वारा श्री तिवारी को सौपे गये पत्र में बताया गया है कि बाजार क्षेत्र के उपरोक्त स्थलों पर हर दिन अहले सुबह 3बजे से दिन के 11बजे तक थोक सब्जी का बाजार लगा दिया जाता है । नतीजा सब्जी को लेकर आने वाले दर्जनों वाहनों के साथ साथ खरीदने- बेचने वालों की भीड़ के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ साथ पूजा अर्चना के लिए मंदिर जाने वाली महिलाओं को काफी कठिनाई होती है। बताया गया है पिछले दिनों नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के बाद निगम की ओर से उपरोक्त क्षेत्र को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है, लेकिन नगर आयुक्त के आदेश का अब तक अनुपालना नहीं कराया जा रहा है। मंच के व्यवसायियों ने श्री तिवारी से आम परेशानियों के आलोक में थोक सब्जी बाजार अन्यत्र स्थानांतरित कराने की मांग की है। इसके अलावे शहर के श्री विष्णु मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुचित्रा अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष बब्लू गुप्ता ने भी बोर्ड के सदस्य श्री तिवारी को ज्ञापन देकर सब्जी बाजार से होने वाली जाम की स्थिति से मंदिर आने जाने वाले भक्तों हो रही



परेशानियों को देखते हुए थोक सब्जी बाजार अन्यत्र हटवाने की मांग किया है। ज्ञापन सौंपने वाले मंच के व्यवसायियों में धीरज गुप्ता, ट्विंकल गुप्ता, राजेश कुमार, अनमोल सिन्हा, रोहित शर्मा, तिलक राज, उमेश गुप्ता, श्रवण गुप्ता, राजकुमार मोची, भालचंद्र शर्मा, समेत करीब पचास से अधिक लोग शामिल हैं। इधर इस सम्बन्ध में झाराहि धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी ने व्यवसायियों को आवश्यक कार्रवाई के प्रति आश्वस्त करते हुए बताया है कि शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाना है। थोक सब्जी बाजार को लेकर नगर आयुक्त ने आदेश जारी किया है। उसे लागू कराने की कार्रवाई प्रशासन कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को न्यास बोर्ड की बैठक में रखेंगे। बोर्ड के निर्णय के आलोक में कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों के साथ संयुक्त बैठक कर मामले का हल निकाला जायेगा, ताकि किसी को कोई परेशानी नहीं हो।

## एक तरफ पीसीसी सड़क को तोड़कर किया जा रहा कालीकरण कार्य

# कंपनी के कई वाहनों को ग्रामीणों ने वापस लौटाया

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
डंडाई से रारो बेलवा टिककर होते पनघटवा डैम तक बनाए जा रहे कालीकरण सड़क निर्माण की कंपनी की ओर से जहां अनियमितता बरती जा रही है, वहीं कार्य में काफी मनमानी भी की जा रही है। यह आमतौर पर डंडाई गांव में देखा जा रहा है।

डंडाई गांव से प्रारंभ हुये सड़क निर्माण कार्य में कई जगहों पर प्राक्कलन के अनुरूप सड़क की चौड़ाई न कर उससे आगे बढ़ पुनः कार्य को शुरू कर दिया जा रहा है। इसके कारण पूर्व से बनी पीसीसी सड़क के आकार में ही नये सड़क का भी निर्माण होते चला जा रहा है, जबकि 21 फीट चौड़ाई के आकार में नया कालीकरण सड़क का निर्माण होना है। इसी तरह कई जगहों पर बराबरी के अनुसार पूर्व की पीसीसी सड़क को नहीं तोड़ने से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के लिए कोई भी ग्रामीण बाधक नहीं बन रहा है। लेकिन कंपनी के मुंशी लोगों के द्वारा सिर्फ एक तरफा पूर्व से बनी पीसीसी को तोड़कर नया सड़क निर्माण कार्य शुरू कर देने से ही वहां विवाद खड़ा हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि डंडाई गांव स्थित पुरानी बाजार हनुमान मंदिर के पास कंपनी के मुंशी के द्वारा पूरी तरह मनमानी करने का काम किया गया है। उक्त स्थल पर पूर्व से ढलाई हुए पीसीसी सड़क को दोनों तरफ में बराबर हिस्से में ना तोड़ कर उसे सिर्फ एक तरफ तोड़कर निर्माण कार्य शुरू कर देने से मामले को लेकर बुधवार को अहले सुबह विवाद उत्पन्न हो गया।



बुधवार को निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे कंपनी की कई जेसीबी रोलर के साथ-साथ अन्य वाहनों को ग्रामीणों के द्वारा बिना काम किए ही बैरंग वापस लौटा दिया गया। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि जब तक पीसीसी सड़क के दोनों ओर बराबर बराबर की चौड़ाई में नहीं तोड़ा जाएगा तब तक एक तरफा पीसीसी की तोड़ाई कर सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने देंगे। कंपनी के मुंशी लोगों को नियम को ध्यान में रखकर ही शुरू से अंत तक सड़क का निर्माण कराना होगा। नहीं तो किसी को क्षति पहुंचा कर और किसी को फायदा पहुंचाने से सड़क का निर्माण नहीं हो पायेगा।

## वन आश्रित परिवार ने अंचलाधिकारी को दावा पत्र सौंपा

**श्री बंशीधर नगर।** वन आश्रित परिवार के सदस्यों ने बुधवार को अंचल पदाधिकारी अरूण मुंडा को दावा पत्र सौंपा। दहेड़िया, भोजपुर, कधवन, तुलसीदामर सहित अन्य गांवों के लोग पीसीसी डेलीगेट सुशील चौबे, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, कांग्रेस महासचिव ओमप्रकाश चौबे उर्फ दिलु चौबे के नेतृत्व में अंचल कार्यालय जाकर दावा पत्र सौंपते हुए वन पट्टा देने की मांग की। इस संबंध में ओमप्रकाश चौबे ने बताया कि सरकार के निर्देश पर जिला उपायुक्त ने सभी अंचल पदाधिकारी से इस संबंध में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

## बिजली तार के संपर्क में आने से बैल की मौत

**मेराल।** तेनार गांव के बगही टोला में विद्युत तार के संपर्क में आ जाने से किसान के बैल की मौत हो गई। बैल लगभग 20000 रुपये मूल्य का बताया गया है। बैल किसान पशुपालक सुदामा यादव का है। बैल की मौत होने से कृषि कार्य प्रभावित हो गया। पशुपालक ने अंचल एवं थाना में आवेदन देकर मुआवजा की मांग की है।

## सरकारी भूमि पर अवैध जोत-कोड़ को लेकर ग्रामीणों ने सीओ को दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
सुंडी पंचायत के खोखा गांव के आधा दर्जन ग्रामीणों ने बीडीओ सह सीओ गणेश महतो से मिलकर केशर हिंद भूमि (भारत सरकार) को जबरदस्ती जोत कोड़ करने वाले लोगो पर जांच कर कार्रवाई करने का मांग किया है। ग्रामीण कृष्ण चन्द राय, अनिल कुमार सिंह, नेबूलाल खरवार, कोमल चौधरी, कौशल सिंह, लव कुमार सिंह, लाल बिहारी चौधरी ने बीडीओ सह सीओ को बताया खोखा गांव में केशर हिंद भूमि(भारत सरकार) का 1 एकड़ 90 डिसमिल प्लॉट का जमीन है। इस जमीन को कई वर्षों से गांव के दर्जनों ग्रामीण ने सर्वसम्मति से खेती करने से रोका लगा दिया था। उस जमीन को गांव के ही जगदीश कहार, योगेंद्र कहार, प्रकाश कहार, परीखा कहार ने ग्रामीणों को गाली गलौज, मारपीट तथा लाठी डंडा का भय दिखाकर उक्त जमीन को जोत रहे हैं। इसकी जांच कर कार्रवाई करने के लिए ग्रामीण पहले भी आवेदन अंचल कार्यालय को दिया था। आवेदन के साथ 1932 का खतियान भी दिया था। खतियान में केशर हिंद भूमि अर्थात भारत सरकार का होने का जिक्र है। 16 जुलाई को पुनः उनलोग उक्त जमीन को जोतने लगे। जब ग्रामीण उन्हे ऐसा करने से रोकना चाहा तो उनलोग सभी इक्टठे ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज देने लगे तथा मारपीट करने पर उतारू हो गए। अगर तत्काल उनलोगो को भारत सरकार के जमीन को जोतने से रोका नही गया तो भविष्य में मारपीट तथा खून खराबा होने की संभावना है। साथ ही इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करे। बीडीओ सह सीओ खरौंधी गणेश महतो ने इस संबंध में बताया कि इस जमीन की जांच के लिए अंचल कार्यालय से अभिलेख मांग किया गया है। अभिलेख जांच कर संबंधितों पर कार्रवाई की जायेगी।



## मुखिया पर शेड व कूप की कम राशि देने का आरोप, डीडीसी से कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
खरौंधी प्रखंड के अरंगी दिनेश मेहता तथा नंदलाल मेहता ने उप विकास आयुक्त से मिलकर मुखिया तथा भेंडर पर गाय शेड तथा कूप की राशि कम देने का गंभीर आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग कीहै। कूप लाभुक दिनेश मेहता ने बताया मनरेगा योजना के तहत मुझे कुआं मिला था। स्वयं से मटेरियल खरीदकर कुआं का निर्माण कर दिया। जब कुआं का पैसा भवनाथपुर लक्ष्मी ट्रेडर्स के खाते में 2,09,700 रुपये आया था। जब भेंडर लक्ष्मी ट्रेडर्स के पास पैसा लेने गए तो उसने 1,29,000 रुपए ही दिया। पूरा पैसा मांगने पर उसने कहा आप मुखिया से जाकर मिल लीजिएगा। वहीं अरंगी पंचायत के अन्य एक लाभुक नंदलाल मेहता ने बताया गाय शेड का निर्माण स्वयं से मटेरियल खरीदकर पूर्ण किया था। शेड का पैसा हर्ष ट्रेडर्स के खाते में आया। हर्ष ट्रेडर्स ने खाता नंबर लेकर मात्र 29,900 रुपए ही भुगतान किया। शेड का पूरा पैसा मांग किया तो भेंडर ने मुखिया से मिलने की बात कही। इसके बाद हमलोग दोनो मुखिया से मिले। मुखिया पति ने बताया बाकी पैसा कमीशन में काट गया। इस पैसा को कई जगह देना पड़ता है। जिसमें मुखिया, संबंधित भेंडर, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, बीपीओ, बीडीओ तथा जिला के डीडीसी को देना पड़ता है। इसके अलावे रॉयल्टी तथा जीएसटी में भी पैसा कटता है। इस मामले को डीडीसी ने गंभीरतापर्वक संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करने की अश्वासन दिया है।



**क्या कहते हैं उप विकास आयुक्त :** इस संबंध में पूछे जाने पर डीडीसी राजेश कुमार राय ने बताया कि अगर लाभुकों से इस प्रकार बोल कर कमीशन के नाम पर पैसा का भुगतान नही किया जाता है तो संबंधित लोगों पर जांचोपरांत कार्यवाई की जाएगी।

## उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति की हुई बैठक

**केतार।** उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय परसोडीह में बुधवार को प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इस बैठक में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक कुमार सिंह ने अभिभावकों को अपने बच्चों का खाता पोस्ट आफिस में खोलवाने का निर्देश दिया। वहीं अनामांकित बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराने, बच्चों को ड्रेस कोड का पालन कराने का निर्देश दिया गया। अभिभावकों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया, जिसमें भवन के अभाव के कारण बच्चों की परेशानी को देखते हुए नदी के उस पार बने विद्यालय भवन में विद्यालय शिफ्ट कराया कराने, विधायक मद से पंडा नदी किनारे अर्धनिर्मित भवन को पूर्ण कराने के लिए विधायक भानु प्रताप शाही से मिलने, पेयजल की समस्या दूर करने के लिए विधायक मद से चापानल लगवाने, कक्षा नौवीं से 12वीं के बच्चों का विकास शुल्क माफ या कम करने के लिए विधायक से आग्रह करने का प्रस्ताव किया गया।

## जिप की मासिक बैठक में जनहित में सौंपे कई प्रस्ताव

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
समाहरणालय स्थित प्रशिक्षण भवन में जिला परिषद की आयोजित मासिक बैठक में भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने जनहित में कई प्रस्ताव सौंपे। इस संबंध में उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार राय को आवेदन सौंपकर इन समस्याओं का जनहित में निदान करने की मांग की।



सौंपे गये प्रस्ताव में जिले के सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को सरकार के आदेश का अविलम्ब अनुपालन कराते हुए समय पर मानदेय भुगतान कराने, जिले के अकुशल मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बरसात के मौसम में टीसीबी, दीदी बाड़ी, दीदी बगिया, खेल मैदान एवं अन्य योजना चालू कराने, भवनाथपुर में सरकारी भूमि चिन्हित कराते हुए बस स्टैंड की स्थापना कराने, जिले के सभी मुख्य सड़क के दोनों ओर पौधरोपण कराने, जिले में निवास करने वाले सभी बेघर मुसर परिवारों को बरसात को ध्यान में रखते हुए उचित सुविधा उपलब्ध कराने, मलेरिया से बचने के लिए प्रत्येक घर मे सरकार द्वारा अनुदान मछरदानी उपलब्ध कराने, जिले में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी विभागों की योजनाओं में शिलापट्ट पर योजना स्वीकृति का राशि, प्रतिदिन का मजदूरी, योजना पूर्ण करने की अवधि इत्यादि विवरण अंकित कराने, भवनाथपुर वन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भवनाथपुर में वन परिसर की भूमि एवं ग्राम रोहिनियां में उप स्वास्थ्य केंद्र के आसपास वन भूमि का सीमांकन कराते हुए अतिक्रमण मुक्त कराने, जिले में सभी मनरेगा ऑपरेटर काम मानदेय माह जून 2022 से बकाया है, जिसका भुगतान अविलंब कराने, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरवारी लंबे समय से प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के बीच चल रहे विवाद के कारण छात्र-छात्राओं की पठन-पाठन में बाधा उत्पन्न हो रहा है। ऐसी स्थिति में अलग अलग विद्यालय में स्थानांतरण करते हुए शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाया जाए। इसके अलावा अन्य कई प्रस्ताव जिला परिषद शर्मा रंजनी के द्वारा प्रमुखता से उठायीं गई है। बैठक में शर्मा रंजनी के द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि सभी प्रस्तावों को ठीक से अंकित कर लिया जाए तथा ससमय कारवाई किया जाए। विभाग द्वारा काफी गड़बड़ियां पाई जा रही है।

## बंधक मजदूर की होगी घर वापसी, स्वजनों में हर्ष

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
वाराणसी के टेंगरा मोड़ में बंधक बनाए गए मजदूर के घर आने की सूचना से स्वजनों में हर्ष व्याप्त है। बंधक मजदूर के पिता उमेश गुप्ता ने बताया रोहित गुप्ता सोमवार को शाम में फोन किया था। उसने फोन पर ही एक दो दिनों में घर आने की बात बताया है। उसके घर आने की खबर से घर परिवार के लोग खुश है। साथ ही बताया पिछले कई दिनों से हमलोग परेशान थे। लेकिन आसपास के लोग तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मेरा बेटा सकुशल घर आने वाला है। इसके लिए सभी को आभार व्यक्त किया है। मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव तथा करिवाडीह बीडीसी सदस्य विकास कुमार सिंह ने रोहित गुप्ता के स्वजनों से मिलकर जानकारी ली। स्वजनों ने बताया कि रोहित गुप्ता ने फोन पर एक दो दिन में घर आने की बात बतायी है। उम्मीद है जल्दी घर आ जायेगा। गौरतलब है कि रविवार को बंधक मजदूर रोहित गुप्ता के पिता उमेश गुप्ता ने थाना में आवेदन देकर कंपनी के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई करने की मांग की थी। इसके अलावा लड़के को कंपनी से बंधन मुक्त कराते हुए सकुशल वापस घर लाने की मांग की थी।



## 'शांतिपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाया जाएगा'

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
प्रखंड में ओखरगड़ा गांव के अगामी मोहरम त्यौहार को लेकर मोहर्रम इंतजामया कमेटी के द्वारा बुधवार को बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता मुखिया अजीज अंसारी ने की। इस मौके पर टिकुलडीहा, पचफेड़ी, दलेली, परसही, पिनड्रा, कमरमा, जाला, धरनिया, अमलवाटाड़, सिकनी, गुर्दी सहित गांव के आम आवाम उपस्थित थे। सर्वसम्मति से मुहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। इंतजामियां कमेटी के मेंबररान ने कहा कि सदर मोहम्मद खालिद के नेतृत्व में मोहर्रम जुलूस निकाला जाएगा तथा समापन तय समय पर किया जाएगा। सभी ताजियादार अपने-अपने ताजिया के साथ मिलनी पर खेल मातम के बाद कर्बला पर उपस्थित होंगे, जहां से मोहर्रम त्यौहार समापन होगी। इस अवसर पर कमेटी की गठित की गई। इसमें सरपरस्त के रूप में असरूद्दीन खान, सदर मोहम्मद खालिद सेक्रेटरी मेहंदी खान खजांची जोखू अंसारी मीडिया प्रभारी रौनक अफरोज एवं शोएब खान तथा सलाहकार गुलबहार खान को बनाया गया है इसी तरह सभी मोहल्ला एवं टोले से एक एक नायब सदर तथा नायब सेक्रेटरी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस मौके पर रहमान खान ताजुद्दीन, मोहम्मद शमसुद्दीन, इमामुद्दीन अंसारी, साबिर अंसारी, इकरामुल अंसारी, फारुख खान, रफीक खान, सोहेल खान, जावेद हुसैन, सदाकत हुसैन, हकीक अंसारी, साबिर अंसारी, सैयद कौसर जाफर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## थाना परिसर में मुहर्रम त्योहार को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
स्थानीय थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर दोनों समुदायों के बीच शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने किया। वही अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाई चारे के साथ मनाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि भ्रामक तथा अफवाह खबरों से बचे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई तरह के भ्रामक खबरें फैलाई जाती है इसलिए किस संप्रदायिक भावना भड़काने एवं दो समुदायों के बीच विवाद उत्पन्न हो इससे हम सभी को बचने की जरूरत है। मोहर्रम जुलूस के दौरान छोटी मोटी बातों पर ध्यान ना दें। वहीं उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश कुमार भास्कर ने कहा कि यदि असामाजिक तत्वों के द्वारा संप्रदाय के भावना भड़काने एवं समाज में एक विशेष जाति के प्रति भ्रामक न्यूज फैलाई जाती है तो उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहां की मोहर्रम जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह पहली नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि कुछ मनचले लोग जो कार्यक्रमों में विवाद उत्पन्न करना चाहते हैं वह सतर्क हो जाए। कार्यक्रम में बाधा ना बने। नहीं तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में पूर्व मुखिया शेख अमरूद्दीन, अशोक कमलापुरी, तथा दोनों समुदायों के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ताली में सेमिनार आयोजित ग्रामीण को मिली बाइक




**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव में बुधवार को आरसीएम कंपनी की ओर से सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी के संतोष कुमार रावत व अजीत कुमार शर्मा ने ग्रामीणों को कंपनी के मार्केटिंग और गुणवत्ता पूर्ण समाग्री के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया कि आरसीएम कंपनी में सामान लगातार छह माह तक खरीदने पर ग्राहकों को 12-24 प्रतिशत छूट दी जाती है। उन्होंने कहा कि दूसरे कंपनी में बिचौलिया हावी रहता है लेकिन आरसीएम कंपनी डायरेक्ट ग्राहकों के घर तक सामान पहुंचाती है। वहीं कंपन की ओर से लकी ड्रा के विजेता ताली गांव निवासी सुदीप कुमार गुप्ता को ग्लेमर बाइक गिफ्ट की गयी। मौके पर मुखिया मुंगा साह, बसंती देवी, जयप्रकाश विश्वकर्मा सुजीत गुप्ता, नंदू साह, सुग्रीव साह, गुड्डु साह, नन्हकू प्रसाद, अशोक राम, सुनील कुमार, विरेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**धर्म-कर्म**

## जीयर स्वामी ने कहा-श्रीकृष्ण के बाल रूप का स्मरण करने से मिलती है पापों से मुक्ति

# मन को स्वतंत्र नहीं छोड़ना चाहिये, नियंत्रण होना चाहिये

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
जीयर स्वामी ने कहा कि मानव जीवन में शरीर से कर्म होता है जिसे मन संचालित करता है। मन को नियंत्रित रखना चाहिए। अंगुलिमाल का शरीर वही रहा लेकिन मन के बदल जाने से वह अहिंसा का पुजारी बना। श्री जीयर स्वामी जी ने कहा कि एक बार राजा जनक आत्म ज्ञान प्राप्त करने के लिये एक सभा बुलायी।

उन्होंने कहा कि अल्प समय में जो आत्मज्ञान करायेगा, उसे आधा राज दे देंगे। विद्वानों ने अलग-अलग राय दी। राजा जनक संतुष्ट नहीं हुए। सभा में पहुंचे अष्टावक्र को देख सभी लोग हँस दिये क्योंकि उनके सभी अग टेढे थे। अष्टावक ने कहा कि किसी का शरीर देखकर उपाहास नहीं करनी चाहिये। उसका गुण देखना और जनाना चाहिए। जनक जी क्षमा याचना किये। अष्टावक्र जी ने घोड़ा मंगाया। राजा जनक से कहा कि एक पैर रिकाब में रखिये और मेरा दक्षिणा दीजिए। जनक ने अपना आधा राज और शरीर देने की बातें कहीं। अष्टावक्र ने कहा कि ये दोनो आप के नहीं हैं। आप उपयोगकर्ता है। राज की सपदा प्रकृति और प्रजा की है। शरीर पंचभूत से बना है, जिसपर पत्नी का भी अधिकार है। आप अपना मन, चित्त, बुद्धि और आकार दे दे और घोड़े पर सवार हो जाये। राजा शून्य की स्थिति में हो गये। उन्हें अल्पसमय मै आत्म शाति मिली कि मन पर नियंत्रण से ही आत्म ज्ञान संभव है। मन, चित, बुद्धि और अहंकार के कारण ही संसार के भोग में मानव भटकता है। जीविकोपार्जन के लिए कार्य करते हुए ईश्वर में ध्यान लगाते रहना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप का स्मरण करने से पापों से मुक्ति मिल जाती है। श्री कृष्ण के बाल लीलाओं को सुनने से मनुष्य ईश्वर को प्राप्त कर लेता है। सभी देवी देवता भी कृष्ण के बाल रूप का स्मरण करते रहते हैं। जब भी समय मिले नित्य प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करते रहना चाहिए। भागवत कथा का पाठ करते रहना चाहिए। जिस घर में भागवत कथा का पाठ होता हो उस घर में लक्ष्मी का आगमन हो जाता है। और घर में प्रायः शांति स्थापित रखती है। मनुष्य को इस बात पर हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमसे किसी भी दूसरे मनुष्य को कोई परेशानी ना हो। कोई कष्ट ना हो। उन्होंने कहा कि बेवजह पेड़ पौधे को नहीं काटना चाहिए यह दिन रात हमें प्राणवायु ऑक्सीजन उपलब्ध कराते रहते हैं।



## भोजपुरी सम्राट भरत शर्मा ने किया स्वामी का दर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
विंध्य क्षेत्र अंतर्गत पाल्हे-जतपुरा गांव में जीयर स्वामी महाराज के संकल्पित चातुर्मास्य व्रत स्थल पर मंगलवार को ख्यातिलब्ध भोजपुरी सम्राट भरत शर्मा व्यास अपनी टीम के साथ पहुंचे। भरत शर्मा ने महाराज का दर्शन कर कथा प्रवचन श्रवण किया। वे बुधवार की सुबह मंगला आरती में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वामी के दर्शन मात्र से अशीम ऊर्जा का संचार होता है एवं सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे, उप सचिव कैप्टन सुनिल कुमार चौबे द्वारा भोजपुरी सम्राट भरत शर्मा को अंगवस्त्र ओढ़ाकर व श्री बंशीधर मंदिर में स्थापित भगवान श्री कृष्ण व माता राधिका की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर पं श्यामसुंदर दुबे, पं तारकेश्वर पांडेय, स्वागत समिति सदस्य राजू सिंह, मंटु चौबे, मीडिया सह प्रभारी राधे रमण चौबे, नरसिंह शुक्ला, प्रशांत चौबे, वृंद सेठ, रामानुज शुक्ला आदि उपस्थित थे।



## पॉवर प्लांट के महंगे उपकरण कबाड़ी दुकानों पर औने पौने दाम में बेचे जा रहे

# लातेहार जिले का 'हृदय स्थली' चंदवा लोहा चोरी के कारण हो रहा है बदनाम

**मुबारक आलम। चंदवा**

लातेहार जिले का हृदय स्थली कहा जाने वाला चंदवा प्रखंड एक समय में औधोगिक नगरी के रूप अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर था, लेकिन दुर्भाग्यवश वर्तमान समय में क्षेत्र की पहचान स्क्रैप चोरी से की जा रही है। इससे इलाके की बड़ी बदनामी हो रही है। साल 2006 में अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट का आगमन जब चंदवा जैसे छोटे जगह पर हुआ तो यहां के लोगों के बीच उम्मीद की एक किरण जगी थी।

लोगों को लगा था कि अब चंदवा प्रखंड भी औधोगिक नगरी के रूप में देश की मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनायेगा। पॉवर प्लांट के खुलने से इलाके में छोटे मोटे उद्योग धंधे शुरू होंगे। यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा, लेकिन वर्ष 2014 के बाद अभिजीत ग्रुप को आवंटित चितरपुर कोल ब्लॉक को रद्द कर दिया गया। तबतक कंपनी का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका था। कोलगेट घोटाले में नाम आने के बाद वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले बैंकों ने भी अपने हाथ पीछे खींच लिये। कंपनी को लोन देने वाले बैंकों ने प्लांट को अपने अधीन कर लिया और कंपनी को बेचने का दबाव देने लगे। फिलवक्त प्लांट की देखरेख का जिम्मा एनसीएल्टी कोर्ट कोलकाता के अधीन है। एनसीएलटी कोर्ट ने प्लांट के फेज टु एरिया को लिक्विडेशन में डाल दिया है, जिसके बाद मित्तल ग्रुप व ध्रुवा इन्फ्रास्ट्रक्चर का फेज टु एरिया से स्क्रैप कटिंग का कार्य जोर शोर से चल रहा है।





### प्लांट बंद होते ही शुरू हुआ था चोरी का गोरखधंधा

अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट के बंद होते ही छोटे बड़े माफियाओं की नजर प्लांट परिसर में पड़े कीमती उपकरणों पर थी। प्लांट परिसर में रखे महंगे उपकरणों से धीरे धीरे कीमती सामान निकालकर चोरी की जाने लगी। इसके बाद फिर लोहे व अन्य सामानों की चोरी बड़े पैमाने पर शुरू हुई। छोटे बड़े वाहनों से स्क्रैप चंदवा, बालूमाथ समेत अन्य जगहों के कबाड़ी दुकानों तक बेधड़क पहुंचाये जाने लगे। पुलिस अभी तक लोहा चोरी को पूरी तरह से रोक पाने में सफल नहीं हुई है। कुछ गिरफ्तारियां हुई पर लोहा चोरी में कमी नहीं आई है। इस कार्य में कई सफेदपोश भी शामिल हैं। वर्तमान समय में भी प्लांट परिसर से लोहा चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कबाड़ी दुकानों में औने पौने दाम पर महंगे उपकरण बेचे जा रहे हैं। सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। लोगों की मानें तो प्लांट परिसर से प्रतिदिन 10 से 15 लाख रुपये तक के स्क्रैप की चोरी की जा रही है। गैस कटर से लोहे को काटकर छोटे बड़े वाहनों से इसे कबाड़ी दुकानों में बेचा जा रहा है।

### फेज टू एरिया स्थित चिमनी धराशायी

फेज टू एरिया से स्क्रैप निकाल रही मित्तल व ध्रुवा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के द्वारा मंगलवार को फेज टू एरिया में खड़े लगभग दो सौ पच्चीस मीटर लंबे चिमनी को गिरा दिया गया। स्क्रैपर कंपनी गिराये गए चिमनी से भी स्क्रैप निकालकर ले जाने की तैयारी में है। स्थानीय लोग कहते हैं कि औधोगिक नगरी के रूप में देश के मान चित्र पर उभरता चंदवा अचानक रसातल में चला गया। लोगों को यंहा से पलायन करना भी मजबूरी हो गई है। ग्रामीणों के पास खेती योग्य जमीन भी नहीं रही और जमीन के एवज में मिले पैसे भी अब खत्म हो चुके हैं। लोग दूसरे प्रदेशों में जीविकोपार्जन के लिए निकल रहे हैं। यहां के लोगों की एक बड़ी उम्मीद भी अब खत्म हो चुकी है।

# फुटबॉल मैदान को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प, पुलिस ने कराया शांत

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/इटखोरी**

जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत परसौनी में फुटबॉल मैदान को लेकर दो समुदाय के युवकों के बीच झड़प हो गई। जिसमें दोनों पक्ष से तकरीबन एक दर्जन से ऊपर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मंगलवार शाम की है। झड़प में एक पक्ष के रामसेवक साव के पुत्र सनी कुमार, मणि कुमार, संजय साव के पुत्र राहुल कुमार और पत्नी जयंती देवी एवं धनेश्वर साव के पुत्र सुमित कुमार साव गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के मो. नवाज, मो. हलचल, मो. जिब्राइल, मो. रईस और समीरा खातून गंभीर रूप से घायल हैं। खेल मैदान में मारपीट के बाद बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने जयंती देवी की दुकान पर हमला बोल दिया। उनके साथ मारपीट की और सामान तितर-बितर कर सभी तुम्बी चौक पहुंच गए। वहीं सूचना पाकर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर उन्हें खदेड़ कर भगाया। इसके बाद पुलिस सशस्त्र बल के जवानों की ड्यूटी 18 जुलाई की शाम से ही घटनास्थल पर लगा दी गई है। घटना के बाद रात में दोनों समुदाय के लोग मारपीट से संबंधित अलग-अलग आवेदन देने इटखोरी थाना पहुंचे, जहां थाना के बाहर भी एक दो राउंड दोनों समुदाय के बीच झड़प और मारपीट की घटना हुई। पुलिस सक्रियता के बाद माहौल फिलहाल शांत है।

### अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन

टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह, सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, इटखोरी बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ राम विनय शर्मा और थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा दल-बल के साथ बुधवार को घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ कर घटना से संबंधित जानकारी ली। दोनों समुदाय के लोगों को अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पूरे मामले की निष्पक्षता के साथ जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल दोनों समुदाय के लोग माहौल को शांत बनाए हुए हैं। इससे पूर्व दोपहर में गांव के एक समुदाय की महिला और पुरुष इटखोरी थाना के गेट पर जम गए और मारपीट में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। तभी पुलिस अल्पसंख्यक समुदाय के आधा दर्जन पुरुष और महिला को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस ने मो. शाहिद, मो. मोजिब, मो. अकुफ, मो. ज्ञास व उनकी पत्नी और बेटी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं दोनों पक्षों द्वारा दिए गए अलग-अलग आवेदन पर पुलिस मुकदमा दर्ज की तैयारी में जुटी हुई है।

### खेल मैदान की चार एकड़ भूमि है विवाद का कारण

इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत परसोनी पीपर टांड गौचर सह खेल मैदान की चार एकड़ जमीन विवाद का कारण है। डेढ़ दो साल पूर्व दोनों समुदाय के बीच शव दफनाने को लेकर झड़प हुई थी। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने प्रखंड सभागार में दोनों समुदाय के बीच बैठक आयोजित कर समझौता की थी। जिसमें दोनों पक्षों के मान मनौव्वल के बाद मैदान के उत्तर दिशा में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को कब्रिस्तान और कर्बला के लिए 2 एकड़ जमीन दे दिया गया था। उनके जमीन में बाउंड्री का भी काम पूरा हो गया है। बाकी दक्षिण दिशा में बचे 2 एकड़ जमीन दूसरे समुदाय के लोगों को खेल मैदान के लिए दिया गया था। जिसमें युवक 18 जुलाई को फुटबॉल खेल रहे थे। इसी बीच अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ युवक वहां पहुंच गए और दोनों में झड़प हो गई। इससे पूर्व भी 13 जुलाई को दोनों पक्ष के युवकों के बीच खेल मैदान को लेकर कहासुनी और मारपीट हुई थी। जिसका लिखित आवेदन एक समुदाय के लोगों ने इटखोरी थाने में भी दिया था। फिर मामला शांत हो गया। फिलहाल खेल मैदान की ओर हीं दक्षिण दिशा में अल्पसंख्यक समुदाय का पुराना कर्बला स्थापित है। जिसे 20 अगस्त के बाद वहां से हटाकर उत्तर दिशा की ओर वे लोग ले आएंगे। उत्तर दिशा की ओर कब्रिस्तान के बगल में अल्पसंख्यक समुदाय का नवनिर्मित कर्बला भी तैयार हो गया है।

## संक्षिप्त

### शिविर में किया गया 20 यूनिट रक्त संग्रह

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चकला कोल ब्लॉक (हिन्डाल्को) की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सीएचसी प्रभारी डॉ नंद कुमार पांडेय ने की। कंपनी के सीएसआर कर्मी अशफाक खान ने बताया कि यह कार्यक्रम लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से किया गया है। शिविर के माध्यम से बीस यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया था जो पूरा हो गया है। मौके पर प्रज्ञा प्रिया, आकाश गुप्ता, शिवम दिक्षित, अनांता महाराना, दीपांजन, लैब टेक्नीशियन चंदन कुमार, सिस्टर सुमन दोनो लातेहार ब्लड बैंक कर्मी, लैंड मैनेजर कुमार गौरव, डॉ सौरभ कुमार, सीएसआर के अशफाक खान, उत्तम कुमार आदि लोग मौजूद थे।



### अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थाना कांड संख्या 74/2022 विद्युत अधिनियम के फरार नामजद अभियुक्त राजू यादव पिता स्व. खूशन यादव, ग्राम दक्षिणवारी परोरिया के घर पुलिस ने बुधवार को पुलिस ने इश्तेहार चिपका कर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की अपील की है। पुलिस के अनुसार प्राथमिकि दर्ज होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था, जिसके विरुद्ध न्यायालय से इश्तेहार अधिपत्र निर्गत किया गया है, जिसका तमिला, ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल व डुगडुगी बजाते हुए अभियुक्त के घर पर विधिवत इश्तेहार पुअनि अनिरूद्ध कुमार सिंह, पुअनि मुकेश कुमार के द्वारा चिपका कर किया गया। साथ हीं जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का हिदायत दी गई।अन्यथा आगे कुर्की जप्ति की कार्रवाई करने की बात कही गई। अभियान में आरक्षी सुमन कुमार झा, आरक्षी दिनेश रजक, आरक्षी बिपिन राव, सहायक आरक्षी बबलू कुमार व चौकीदार सुरेश पासवान शामिल थे।



### मिथलेश ने परीक्षा में सफलता हासिल की

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के पितीज उत्कर्ष ज्ञान कोचिंग सेंटर के विद्यार्थी मिथलेश कुमार दास ने झारखंड आकांक्षा 40 परीक्षा 2023 में सफलता हासिल की है। इस सफलता के लिए विद्यार्थी पितीज निवासी मिथलेश पिता पिता संजय दास के घर उक्त कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर मंजीत आर्य, शिक्षक कृष्णा कुमार, रुपेश रंजन, डब्ल्यू कुमार केसरी, अखिलेश कुमार यादव, सुनील प्रजापति व शिक्षिका अनामिका आर्य एवं सुनील कुमार दास ने मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ हीं विद्यार्थी को आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर ने कहा कि विगत 24 वर्षों से उत्कर्ष ज्ञान कोचिंग सेंटर शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगह रहा है। कई परीक्षाओं में सफल विद्यार्थी की सफलता के लिए इस कोचिंग सेंटर के शिक्षकों का अहम योगदान रहा है।

### स्वच्छता सर्वे को लेकर ट्रेनिंग कैंप आयोजित

**पत्थलगडा।** स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह पंचायत सचिवालय में बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी, मुखिया कंचन देवी, उप प्रमुख संगीता कुमारी व पंसस बसंती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत नावाडीह पंचायत का चयन स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए हुआ है। जिसमें घरेलू सरंक्षण, ग्रामीण, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने का कार्य किया जाएगा। सर्वेक्षण तीन चरणों में किया जाएगा। मुखिया ने कहा कि पंचायत स्वच्छ रखना मेरी पहली प्राथमिकता है। इससे पूर्व भी नावाडीह पंचायत को स्वच्छ मुक्त घोषित किया गया है। इसी को लेकर बीडीओ ने उपस्थित लोगों को इस कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुवे कई दिशा निर्देश दिए हैं। शिविर में प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी, जय कुमार दांगी, संतोष प्रसाद ठाकुर, जितेन्द्र चौधरी, सोमनाथ महतो, संजीव कुमार सिंह, एएनएम सरिता कुमारी, राखी कुमारी, रीना कुमारी, नमिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

# युवक की हत्या में दो गिरफ्तार

### पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया घटना का उद्भेदन

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत गोखलाबागी टोला में मनिजर उरांव के घर आंगन से पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र के छोटू यादव का शव 18 जुलाई को बरामद किया था। थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अजित कुमार सिंह द्वारा टीम गठन कर मामले की तहकीकात की गई। इसमें मारपीट कर हत्या करने के आरोपी मनिजर उरांव व उसके भाई जयप्रकाश उरांव को महज 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मृतक छोटू यादव पिता संजय यादव ग्राम चामा टोला अलबेलवा थाना मनिका की हत्या के संबंध में जंचोपरांत पता चला कि मनिजर उरांव की पत्नी (काल्पनिक नाम कुशुम) के साथ फेसबुक के दोस्ती हुई थी। सात से आठ माह तक सोशल साइट पर दोस्ती के बाद होली के समय दोनों को वीडियो कॉल पर मनिजर ने देख लिया था। दोनों को डांट फटकार कर समझाया गया था। उसके बावजूद छोटू यादव नहीं माना और मनिजर की पत्नी से हमेशा संपर्क करने का प्रयास करते रहा। छोटू यादव ने मनिजर की पत्नी का अश्लील वीडियो और आपत्तिजनक फोटो भेजकर वायरल करने की धमकी देता था। इसी बीच 17 जुलाई को छोटू मनिजर की पत्नी से घर पर मिलने आया। उसे समझाया गया तो वह चला गया। अर्ध रात्रि में छोटू पुनः नशे में धुत होकर टूटे हुए खपरैल घर के हिस्से से अंदर चला गया। उसके बाद मनिजर उरांव अपने भाई जय प्रकाश के साथ मिलकर बांधकर उसे डंडे से मारपीट करने लगा। उक्त मामले की जानकारी अपने साला महेश उरांव विश्रामपुर निवासी को दी गयी। महेश उरांव एक और साथी के साथ गोखलाबागी पहुंचकर मारपीट की। इसमें छोटू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर बाद छोटू की मौत हो गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों की नशानदेह पर हत्या में उपयोग प्रयुक्त खून लगे बांस का डंडा, दो टेक्नो का स्मार्ट फोन, मृतक का पर्स बरामद किया गया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छपामारी की जा रही है।

## तीन माह से नहीं मिल पा रही वृद्धावस्था पेंशन, लाभुक बैंक का काटरहें चक्कर

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशनधारकों को तीन महीने से पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण नित्यदिन लाभुक बैंक व प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटने को मजबूर हैं। पेंशन की राशि नहीं मिलने से कई लाभुकों के समक्ष खाने को लेकर परेशानी हो रही है। इस विषय में प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा ने बताया गया कि अप्रैल माह तक राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन की राशि लाभुकों के खाते में डाला गया है। राशि नहीं रहने के कारण तीन माह का राशि लाभुकों के खाते में नहीं गया है। राशि मुहैया होते ही लाभुकों के खाते में स्थानांतरित हो जायेगी।

# पुल निर्माण में लगी मशीन में को किया आग के हवाले

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत लाधुप पंचायत के दुधीमाटी गांव के समीप टिको नदी पर पुल निर्माण कार्य स्थल पर मंगलवार को अज्ञात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया है। पुल निर्माण कार्य में लगी एक पोकलेन मशीन को अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया है। घटना में पोकलेन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार सदल बल के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। इंस्पेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लाधुप पंचायत के दुधीमाटी गांव के समीप स्थित टिको नदी पर पुल का निर्माण कार्य अष्टभुजा कंस्ट्रक्शन कंपनी औरंगाबाद के द्वारा कराया जा रहा है। पलामू के सतबरवा निवासी एक व्यक्ति के द्वारा अष्टभुजा कंपनी से उक्त कार्य को पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर लेकर किया जा रहा है। फिलहाल आगजनी की घटना में किस संगठन का हाथ है इसकी जांच की जा रही है। अभी तक किसी भी संगठन ने घटना की जिम्मेवारी नहीं ली है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते दो दिन से निर्माण कार्य बंद था।इसी का फायदा उठाकर बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है।



## बारियातु पुलिस ने फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बारियातु।** बालूमाथ थाना कांड संख्या 97/18 वर्तमान बारियातू थाना द्वारा चतरा जिला के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटरू के बघमरी से फरार अभियुक्त को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि थाना के अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो व दीपक नारायण सिंह द्वारा बालूमाथ वर्तमान थाना बारियातू के कांड संख्या 97/18 के फरार चल रहे अभियुक्त रामकुमार गंझु उम्र लगभग 26 वर्ष पिता स्व सरजू गंझु ग्राम हुटरू (बघमरी) थाना लावालौंग जिला चतरा को भी विधिवत गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेजा गया।

# अंचल अमीन के पक्षपात से दो गांव के बीच विवाद

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

मयूरहंड अंचल में पदस्थापित अमीन किसुन राम की एकपक्षीय पक्षपात पूर्ण रवैए से दो जीवन के बीच सीमा विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

धनगावां के अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा प्रभारी अंचल अधिकारी मयूरहंड को लिखित आवेदन देकर मंझौली खुर्द के शालिग्राम राणा, कामेश्वर राणा वगैरह द्वारा भू-दान में मिली जमीन पर गृह निर्माण करने की शिकायत की गई थी। जिसपर अंचल अधिकारी साकेत कुमार सिंहा ने अंचल अमीन को विवाद के निपटारे के लिए विवादित भूमि की मापी का आदेश दिया था और 12 जुलाई को दोनों पक्षों व मुखिया अशोक कुमार भुइयां की उपस्थिति में मापी की गई। इसमें शालिग्राम राणा वगैरह के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य में भूमि अतिक्रमण का मामला प्रकाश में आया। साथ ही अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा निर्मित मकान भी आम रास्ते में बने होने की बात अंचल अमीन द्वारा बताई गई। अनुसूचित जाति के लोगों ने की गई इससे असहमति जतायी। पुनः19 जुलाई को अमीन द्वारा शालिग्राम राणा वगैरह को एकपक्षीय मापी की सूचना देकर विवादित भूमि की माप करने पहुंचे तो अनुसूचित जाति के लोगों ने मुखिया व ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। अमीन द्वारा बताया गया कि हम शालिग्राम राणा वगैरह द्वारा केवाला नंबर 3231, वर्ष 2006 से प्राप्त खाता नंबर-4 प्लॉट नं 58,कुल रकबा 18 डी, मधे1.5 डी, जिसकी चौहदी उत्तर रास्ता, दक्षिण बनवारी सिंह, पूरब पेमा सिंह (पेमल राणा) और पश्चिम हुलास बढ़ई, जिसके लिए अंचल में आवेदन दिया गया है की माप करने आए हैं। माप की जाने लगी तो विवादित भूमि की चौहदी उत्तर झनकू भुइया, दक्षिण रोड, पूरब झनकू भुइया और पश्चिम टनकू भुइया निकला। ऐसे में अमीन द्वारा तीन बार मापी करने पर अलग-अलग निष्कर्ष दिया गय। मापी की गई भूमिसे दोनों गांव के ग्रामीणों के बीच गंभीर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जो कभी भी विस्फोटक रूप लेकर कानून व्यवस्था की गंभीर स्थिति उत्पन्न कर सकती है। मुखिया ने अमीन द्वारा विवादास्पद और पक्षपातपूर्ण मापी किए जाने पर असंतोष और नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने अंचल अधिकारी से विवादास्पद भूमि की निष्पक्ष मापी की मांग की है।



## दो बाइकों की टक्कर में एक युवक गंभीर

**बालूमाथ।** बालूमाथ लातेहार मार्ग पर थाना क्षेत्र के बालू पंचायत अंतर्गत कलकलिया गांव के पास बुधवार को दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवार बालूमाथ थाना क्षेत्र के कुरीयाम कला ग्राम निवासी जगसहाय लोहरा का पुत्र पितांबर लोहरा है। उसे गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने घायल पितांबर लोहरा की स्थिति को गंभीर और चिंताजनक देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इस घटना में घायल पितांबर लोहरा को सिर सीना चेहरा के साथ-साथ कई जगह पर गहरी और आंतरिक चोटें आई हैं।

## उपलब्धि — डायन बिसाही पर बनी फिल्म की डबिंग भी की थी

# नासूर में मनोज ने की साउंड डिजाइनिंग

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

झारखंड में नागपुरी भाषा में बनी फिल्म नासूर को लोगों ने काफी पसंद किया था। यह फिल्म डायन बिसाही प्रथा पर बनायी गयी थी। राजीव सिन्हा द्वारा निर्देशित व विवेक नायक अभिनीत इस फिल्म की कहानी, गानों और एक्टिंग को लोगों ने काफी पसंद किया।

यह फिल्म रांची के जेडी सिनेमा में लगातार तीन सप्ताह तक हाउसफूल चली। इस फिल्म की साउंड डिजायनिंग व डबिंग लातेहार जिला के मनोज कुमार प्रेमी ने की थी। मनोज मूलतः मनिका प्रखंड के मटलौंग के रहने वाले हैं। लातेहार पहुंचने पर मनोज प्रेमी ने कहा कि इस फिल्म ने इस मिथक का तोड़ दिया कि नागपुरी फिल्में नहीं चलतीं। मनोज कुमार प्रेमी ने बताया कि लंबे संघर्ष के बाद उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है। गाने- बजाने के शौक कारण साल 1993 में उन्होंने लातेहार में एक आर्केस्ट्रा ग्रुप ज्वाइन किया। ग्रुप के निदेशक आशीष थे। बाद में कुछ करने की ललक लिए वह रांची चले गए। वहां उन्होंने खुद का अपना एक वैल केंटो म्यूजिकल स्टूडियो खोला। वो खुद गीत लिखते थे और उसकी रिकॉर्डिंग भी करते थे। उन्होंने कई नागपुरी व हिंदी एलबम तैयार किए। उसके बाद फिल्म नासूर में उन्हें काम करने का मौका मिला। पहले तो इस फिल्म को किसी भी सिनेमा हॉल ने लगाने से मना कर दिया, लेकिन जब फिल्म लगी, तो नागपुरी फिल्म जगत में इतिहास रच दिया। मनोज ने कहा कि झारखंड सरकार फिल्म निमार्ताओं को संसाधन मुहैया कराये और फिल्म निर्माण व प्रदर्शन में सब्सिडी दे तो यहां स्थानीय भाषा मे काफी फिल्मे बन सकती है। सरकार को इस दिशा में पहल करने की जरूरत है।



# दुष्कर्म के आरोपी के निवास पर चस्पा किया इश्तेहार

**नवीन मेल संवाददाता। गारू**

गारू स्वास्थ्य विभाग में सहिया के पद पर कार्यरत आदिवासी महिला को को डरा- धमका कर दुष्कर्म करने के फरार आरोपी के आवास में पुलिस ने बुधवार को इश्तेहार चिपकाया। बता दें कि कबारेसाढ़ थाना अंतर्गत बारेसांढ़ गांव के ललमटिया के रहने वाला सीएसपी (ग्राहक सेवा केंद्र) संचालक चंचल कुमार उर्फ आदर्श कुमार, पिता राजेंद्र प्रसाद दुष्कर्म के आरोपी को तलाश कर रही है। बताते चलें कि पीड़ित महिला द्वारा स्थानीय थाने में आवेदन देकर दुष्कर्म के आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी एवं नौकरी से हटवा देने की भी धमकी दी जा रही है। वहीं स्थानीय पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे हिरासत में ले लिया जाएगा। अनुसंधान कर्ता टीम में एसआई करण कुमार यादव, एसआई लालचंद बेदिया, पवन कुमार रजक समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।



### लोहरदगा पहुंचने पर डीसी का जोरदार स्वागत, सभी का जताया आभार

# लोहरदगा जिले को भूमि सम्मान मिलना हम सभी के लिए गर्व की बात : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण का बुधवार को समाहरणालय परिसर लोहरदगा में जिला के पदाधिकारियों व कर्मियों की ओर से भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। उपायुक्त और उनके साथ गई टीम ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित भूमि सम्मान-2023 कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर कमलों से प्लैटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट प्राप्त किया था। आज इस मौके पर समाहरणालय परिसर में पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा हाथ जोड़ कर सभी पदाधिकारियों व कर्मियों का अभिनंदन स्वीकार किया गया। समाहरणालय सभागार में




आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त/ अपर समाहर्ता समीरा एस का भव्य तरीके से स्वागत किया गया। इस मौके पर उपयुक्त ने कहा कि भूमि सम्मान-2023 कार्यक्रम अंतर्गत देश के 68 जिलों में लोहरदगा जिला का भी नाम शामिल होना काफी गर्व की बात है। इसके लिए वे सभी बधाई के हकदार हैं जिन्होंने लैंड रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन में अपनी भूमिका निभायी है। इससे जुड़े लोगों की मेहनत का ही परिणाम है कि लोहरदगा जिला इस मुकाम तक पहुंच सका। भूमि सम्मान कार्यक्रम का यह पहला मौका था और पहली बार में ही लोहरदगा जिला शीर्ष 68 जिलों में शामिल हो गया, यह सचमुच गौरव का क्षण है। यह सम्मान सभी को समर्पित है।

उपायुक्त ने कहा कि अन्य विभागों में इसी तरह बेहतर कार्य करना है ताकि उन विभागों में भी लोहरदगा जिला शीर्ष जिलों में शामिल रहे। आशा है कि आनेवाले समय में लोहरदगा जिला का नाम देश के श्रेष्ठ जिलों में शामिल होगा। उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्ता ने कहा कि लोहरदगा जिला को भूमि सम्मान कार्यक्रम में सम्मान मिला है, यह हम सभी के लिए गौरवशाली पल हैं। पूर्व के वर्षों में जो पदाधिकारी हैं और वर्तमान में हैं, वे सभी इस उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं। महामहिम के हाथों यह सम्मान मिलना बहुत ही अच्छा अनुभव रहा।

अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने स्वागत करते हुए कहा कि डिजिटाइजेशन का कार्य बीते 15 वर्षों से चल रहा था। बीच में कुछ समस्या आयीं परंतु धीरे-धीरे सब ठीक हो गया। लक्ष्य के अनुसार जिला में काम हुआ और आज इसका परिणाम सभी के सामने है। कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी पूजा कुमारी समेत सभी पदाधिकारीगण व कर्मीगण उपस्थित थे।

### एकल अभियान ग्राम संगठन ने उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों को दी बधाई

**लोहरदगा।** एकल अभियान ग्राम संगठन नेजिला उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार को राष्ट्रपति के हाथों भूमि सम्मान पुरस्कार प्राप्त किए जाने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी। मौके पर संरक्षक दीपक सराफ, जिला अध्यक्ष नवल किशोर अग्रवाल, डॉ. कुमुद अग्रवाल, प्रभाकर पांडे, धनंजय अग्रवाल, किशोर बंका अशोक घोष, निलेश गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, अवधेश मित्तल, डॉ राजीव रंजन अग्रवाल, देवेंद्र मंडा, सत्येंद्र ठाकुर, चमर राम



प्रजापति, नितिन कुमार सिंह, आनंद केसरी, विवेक राज, अंकित मित्तल, आमिरचंद्र अग्रवाल, जय गोविंद प्रसाद, रामनाथ उरांव, जितवाहन बड़ाईक, राधे उरांव, गोरखनाथ पांडे, दीपक अग्रवाल, सज्जल कुमार, हर्षित सोनी मौजूद रहे।

### लापता दो युवक के शव बरामद होने के बाद आक्रोश, मुआवजा मांगा

# परिजनों-ग्रामीणों ने एनएच 143ए को कर दिया जाम

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
लापता दो यवक के शव बरामद होने के बाद आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर सेन्हा थाना एवं लोहरदगा थाना के सीमावर्ती तट पर सड़क जाम कर दिया। प्रशासन ने न्याय दिलाने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र एवं लोहरदगा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती तट पर मृतक के परिजनों ने ग्रामीणों के नेतृत्व में लोहरदगा गुमला एन एच 143 ए पथ को जाम कर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कारवाई तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने के साथ आश्रित परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने की मांग की। वहीं पथ जाम की सूचना पर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद दलबल के साथ जाम स्थल पहुंच ग्रामीणों एवं परिजनों को नियम संगत मुआवजा दिलाने का आश्वासन देते हुए जाम हटाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा



कि घटना गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना क्षेत्र की है, जिसपर बिशुनपुर पुलिस और गुमला एसपी द्वारा कारवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बता दें कि भंडरा थाना क्षेत्र के बेदाल निवासी परमेश्वर ठाकुर एवं सुखसागर साहू बीते रविवार से लापते थे। दोनों के शव बुधवार को बिशुनपुर थाना क्षेत्र से बरामद होते एवं शव लोहरदगा पहुंचने के पूर्व मुआवजा की मांग को लेकर पथ को आधा घंटा तक जाम किया गया। बताया जाता है कि परमेश्वर ठाकुर का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। साथ ही बताया गया कि घटना को अंजाम देने के पीछे झंगड़ गुट का है। पथ जाम पर की सूचना पर भाजपा प्रदेश मंत्री अजातशत्रु सिंह परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत कर उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाते हुए प्रशासन को सहयोग किया। वहीं तेली समाज के जिला अध्यक्ष जयनाथ साहू भी जाम स्थल पर पहुंच लोगों को प्रशासन के आश्वासन पर हटने का अपील किया गया। जाम स्थल पर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद,पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव, भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के अलावे अजातशत्रु सहित मृतक के परिजन एवं आम जन मौजूद थे।

# ससुराल वालों पर लगाया डायन बिसाही व दहेज उत्पीड़न का आरोप

### पीड़ित महिला ने ससुराल वालों के विरुद्ध कराया नामजद मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना क्षेत्र में डायन कुप्रथा एवं दहेज उत्पीड़न मामला में जागरूकता अभियान के बावजूद इस तरह का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। विदित हो कि अरु ग्राम से एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें बहु समीना खातून ने अपने ही ससुराल वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आवेदन के माध्यम से थाना प्रभारी अभिनव कुमार को अवगत कराते हुए बताया कि मेरा निकाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार 26 मई 2021 को अरु निवासी अनवर अंसारी के पुत्र मोजिब अंसारी के साथ सम्पन्न हुआ था। निकाह के कुछ माह के बाद डायन बिसाही एवं दहेज मामला को लेकर गाली गलौज एवं परिवारिक प्रताड़ना किया जा रहा था। समीना खातून ने कहा कि मेरे पति मोजिब अंसारी, सास कुरैशा बीबी, ननद समा प्रवीण द्वारा डायन बिसाही की बात बोल कर परिवारिक टॉर्चर किया जाता है, जबकि ससुर अनवर अंसारी द्वारा 2 लाख रुपये दहेज के रूप में मायके से लाने की बात बोल मुझे घर में दुर्व्यवहार किया



जाता है। इससे तंग आकर उसने ससुराल वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवा कर न्याय की गुहार थाना से लगाई। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि समीना खातून द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में जांचोपरत सेन्हा थाना कांड संख्या 100/23 दर्ज कर धारा 498 ए, 504,506 आईपीसी एवं दहेज उत्पीड़न 3/4 के तहत नामजद चार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस कारवाई किया जा रहा है।

# आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन स्वीकार किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
नेतरहाट विद्यालय के तर्ज पर संचालित आवासीय विद्यालय तथा इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा और मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा का आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन स्वीकार किया जाएगा।

प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम विस्तारित तिथि 25 जुलाई तक, जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र अनुमोदन करने की अन्तिम तिथि 27 जुलाई तक है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि 2 अगस्त, परीक्षा की तिथि 13 अगस्त है। आवासीय विद्यालय तथा इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के सत्र 2023-24 में कक्षा 6 में नामांकन हेतु प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पुनर्निधारित कार्यक्रम व विस्तारित तिथि के अनुसार ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने की विस्तारित तिथि 25 जुलाई तक, परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाइन भरे गये आवेदन का प्रिंट निकालकर विद्यालय प्रधान से अभिप्रमाणित कराने के पश्चात शुल्क सहित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करने की तिथि 28 जुलाई तक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय द्वारा डीईओ कार्यालय में शुल्क सहित आवेदन प्रपत्र जमा करने की तिथि 30 जुलाई तक, जमा किए गए आवेदन के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा ऑनलाइन अनुमोदित करने की तिथि 31 जुलाई तक, प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि 4 अगस्त से, परीक्षा की तिथि 12 अगस्त है।

# संवेदक संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा की बैठक संघ के अध्यक्ष सूरज अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान संवेदकों को विकास कार्य में हो रही परेशानियों को लेकर संवेदको ने संघ के बीच बातो को रखा। संवेदकों को विकास कार्य में बालू की दिक्कत हो रही है बिचौलिए अनाप-शनाप दाम लेकर बालू गिरा रहे हैं। संवेदक द्वारा निविदा डालने के बाद किए गए कार्यों को बार-बार जांच कर सरकारी पदाधिकारी परेशान करते हुए उनका दोहन कर रहे हैं। ढाई करोड़ से नीचे के कार्यों में डबल बिड कर निविदा निकाली जा रही है जो पीडब्ल्यूडी कोड के विपरीत है। 0 से 10 लाख के कार्यों में बड़ा पैकेज बनाकर निविदा निकाला जा रहा है जिससे फोर्थ ग्रेड के संवेदक निविदा डालने से वंचित हो जा रहा



है। जिला परिषद द्वारा 3 वर्षों के लिए निबंधन किया जाता है जबकि पीडब्ल्यूडी कोड अनुसार निबंधन 5 वर्षों के लिए होता है। अन्य सभी विभाग 5 वर्षों के लिए निबंधन करती है। जिला परिषद एवं भवन विभाग अपने-अपने चहते बैंक का ही बैंक ड्रॉप निविदा में लेते हैं जबकि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट लिया जा सकता है परंतु यह लोग नहीं लेते हैं। संवेदक चरित्र प्रमाण पत्र बनाने में संवेदकों को काफी कठिनाई हो रही है। चरित्र प्रमाण पत्र बनाने को सरल किया जाए। जिला परिषद मे 10 परसेंट से ऊपर लेस जाने पर अतिरिक्त प्राक्कलन की 10 प्रतिशत अग्रधन राशि जमा करनी पड़ती है। इन सभी मुद्दों को लेकर गुरुवार को झारखंड संवेदक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त लोहरदगा से मुलाकात करेगी एवं विकास कार्यों में हो रही परेशानियों को लेकर उन्हें अवगत कराएगी। बैठक में संघ के सचिव भ्रगुनंदन तिवारी, संघ के कोषाध्यक्ष भैया मनोज, संघ के उपाध्यक्ष अजहर इकबाल, कार्यसमिति के मनोज साहू, प्रेमचंद साहू, अवधेश नाथ तिवारी, संतोष कुमार महतो, रविंद्र कुमार सिंह, दीपक महतो, विपिन सिंह, कमलेश साहू, कमरुल जमाल, विकास शहदेव, शाहिद अहमद, अमित कुमार, शमीम अहमद खान, मोहम्मद शोएब खान, तबरेज अंसारी, एमडी ताज, सद्दाम अंसारी, मेहंदी हसन, सदरुल हसन, जुल्फिकार आलम, राजू गुप्ता, मुजीबुल रहमान, कैलाश साहू आदि उपस्थित थे।

**पहल**

### सुखदेव भगत ने मंत्री से मुलाकात कर शीघ्र पथ का निर्माण कराने का किया आग्रह

# अरू-धरधरिया जर्जर सड़क को बनवाने का करेंगे प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के ग्राम अरु,चौकनी, हेसवे ,तोड़ार के ग्रामीणों के आग्रह पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुखदेव भगत तोड़ार गांव पहुंचे जहां बाजार टांड मैदान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने सुखदेव भगत को बताया कि ग्राम अरु लेकर धरधरिया तक सड़क काफी जर्जर अवस्था में है ।यह पथ विगत 20 वर्षों से नहीं बना है। जर्जर सड़क होने के कारण जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर गर्भवती महिला को ले जाने में काफी दिक्कत होती है। इस क्षेत्र के



जनप्रतिनिधि को कोई मतलब नहीं है। ग्रामीणों ने श्री भगत से जनता के दिक्कत को देखते हुए इस पथ का निर्माण कराने की मांग किए। मौके पर सुखदेव भगत ग्रामीणों के साथ जर्जर सड़क का मुआयना भी किये। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि अच्छी सड़कें होने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है। लगभग 20 वर्षों से इस सड़क का निर्माण नहीं होने से इस क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी हो रही है। इस पथ से लगभग 20-25 गांव के लोगों का आवागमन होता है। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका दायित्व होता है कि जन समस्याओं का निदान करें। श्री भगत ने कहा कि कांग्रेसनीत झारखंड सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है। जागरूकता की कमी होने के कारण ग्रामीण जनता सरकारी लाभ का फायदा नहीं उठा पाते हैं। झारखंड सरकार सभी वर्गों के लिए योजना बनाकर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। मौके पर श्री भगत ने ग्रामीणों को आश्वासन दिए इस सड़क को बनवाने के लिए सार्थक पहल करेंगे। मौके पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू, वीरेंद्र यादव, प्रमोद साहू, अजय उरांव, इम्तियाज अंसारी, रंजीत यादव, साहबिर उरांव, अल्ताफ अंसारी, शरद यादव, प्रकाश भगत, सुदीप भगत, अजय साहू, सगीर अंसारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। फिर भगत झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से उनके आवास रांची में मुलाकात कर अरु, तोड़ार, चौकनी, होते हुए धरधरिया तक 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराने हेतु एक पत्र समर्पित कर इस सड़क को शीघ्र बनाने का आग्रह किए। मंत्री आलमगीर ने भगत को सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त

### आज भाजयुमो निकालेगी विशाल बाइक यात्रा

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के मंत्री अजातशत्रु के नेतृत्व में गुरुवार को एक विशाल बाइक यात्रा निकाली जाएगी। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी के साथ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव, जिला अध्यक्ष मनीष शिखर, जिला के महामंत्री द्वय वाल्मीकि कुमार,सजल कुमार सहित जिला के सैकड़ों युवा कार्यकर्ता गन एवं वरिष्ठ कार्यकर्तागण शामिल होंगे। बाइक यात्रा प्रातः 11 बजे सेन्हा मंडल भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर कल्हेपाठ - कंडरा - बूटी झखरा - चमरू - अलौदी - सूरसीरिया होते हुए हेसवे गाव तक जाएगी। भाजयुमो ने कार्यक्रम के निमित्त तमाम लोहरदगा वासियों से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं आगामी चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाएं।

### नाटकों के माध्यम से दी योजनाओं की जानकारी

**लोहरदगा।** जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा के सूचीबद्ध कला दलों की ओर से बुधवार को कुडू और किस्को प्रखंड में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया। अनिता उराँव के नेतृत्व में कुडुख कला केंद्र द्वारा कुडू प्रखंड के उडुमुडू और कालिंदी कुमारी के नेतृत्व में मनभावन कला मंच द्वारा किस्को प्रखंड के हिसरी पंचायत में सरकार के योजनाओं का प्रचार-प्रसार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया गया। इन कार्यक्रमों में लोककल्याणकारी योजनाओं यथा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना की जानकारी दी गई। साथ ही, लोगों को वज्रपात से बचाव, सर्पदंश से बचाव, मलेरिया, हाथी से बचाव के तरीकों को बताया गया।

### झामुमो प्रखंड समिति के कार्य को निष्क्रिय बताया

**सेन्हा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में झामुमो पार्टी विस्तार एवं कार्य देख भाल को लेकर सक्रिय समिति का चयन करते हुए झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के रूप जय तिर्की को मनोनीत किया गया था। जो पार्टी हित में कार्य नही करने तथा जिला समिति के आदेश का उलंघन करने को लेकर लोहरदगा जिला समिति का एक आवश्यक बैठक 23 जून को आहूत किया गया था। जिसमें सेन्हा प्रखंड समिति का एक वर्षों में पार्टी विस्तार एवं पार्टी कार्य पर निष्क्रिय पाया गया। जिसको लेकर बैठक में चर्चा भंग करने का निर्णय लिया गया और बुधवार आदेश जारी करते हुए झामुमो प्रखंड समिति को निरस्त पार्टी के सक्रिय कार्यकताओं के सर्वसहमति से एवं हाउस से पारित प्रस्ताव के आलोक में अगले आदेश तक निरस्त किया गया। 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने जानकारी देते हुए कहा कि जल्द ही प्रखंड स्तर पर समिति का चयन किया जाएगा। पार्टी विस्तार पर कार्य करने वाले कार्यकताओं विभिन्न पद पर मनोनीत किया जाएगा।

### बालू घाट को आमसभा को रद्द कराने की मांग

**लातेहार।** नगर पंचायत के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में आने वाले बालू घाटों में निगरानी समिति का गठन करने के लिए आमसभा की जा रही है। मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र के डुरूआ के वार्ड नंबर चार मे बालू घाट में निगरानी समिति का गठन करने के लिए आमसभा की गयी। स्थानीय लोगों ने इसमें लिए गये निर्णयों को रद्द कराने की मांग उपायुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी से की है। इस संबंध में निवर्तमान वार्ड पार्षद प्रमिला देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को एक आवेदन सौंपा है। आवेदन में कहा है कि डुरूआ बालू घाट पंपूकल के पास औरंगा नदी में स्थित है। बालू उठाव क्षेत्र की 90 प्रतिशत आबादी वार्ड संख्या पांच एवं शेष 10 प्रतिशत आबादी वार्ड नंबर छह में आती है, लेकिन बालू उठाव के लिए आमसभा वार्ड नंबर 4 के देवी मंडप में किया गया, जबकि वार्ड संख्या 4 में कोई बालू घाट नहीं है। आवेदन में ग्रामीणों ने इस आमसभा को रद्द कर वार्ड संख्या पांच में आमसभा कराने की मांग की है। आवेदन सौंपने वालों में मारूफ अहमद, अवध बिहारी यादव, राजेंद्र यादव, कमलेश सिंह, मोफूल रहमान, रामबलि यादव, संतोष प्रजापति, दीपक प्रजापति, बिगू प्रजापति, अयूब अंसारी, याकूब मिंया, इजराइल अंसारी, महबूब अंसारी, मो रसीद, अजीम, तसलीम अंसारी, विकास भुईंया, राजेंद्र भुईंया बिहारी भुईंया, सुरेंद्र सिंह व वरूण कुमार आदि शामिल हैं।

### मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में नहीं पहुंचे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि

**बालूमाथ।** प्रखंड सभागार में बुधवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत बीडिओ ललिता बाखला ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का राजनीतिक दलों के साथ बैठक बुलाई थी। बैठक में आंगनवाड़ी सेविका, बीएलओ के कई कर्मी उपस्थित हुए। वहीं बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने नवीन मेल संवादाता से फोन कर बाया कि उक्त बैठक के लिए उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था। कहा कि राजनीतिक पार्टी के लोगों के साथ बीडीओ का रवैया शुरू से ही नकारात्मक रहा है। कभी भी किसी भी प्रकार की बैठक में आमंत्रित नहीं किया जाता है। इसलिए हम इस बैठक का बहिष्कार करते हैं। बहिष्कार करने वालों में से जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, संयुक्त सचिव मो.इमरान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा आदि ने बैठक का बहिष्कार किया है। बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के लिए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा निर्देश दिया गया है कि नए मतदाता को जोड़ने एवं मतदाताओ के नाम आदि त्रुटि को सुधार करने के लिए गांव-गांव में मतदाताओं को जागरूक करना है।

**NEWS इन ब्रीफ**

### सेबी ने आदित्य बिड़ला को किया बरी, सभी आरोप खारिज

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक जिसे सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने ऑनलाइन स्टॉक ब्रोकर आदित्य बिड़ला मनी पर लगे ब्रोकर नियमों के उल्लंघन के सभी आरोपों से बरी कर दिया है। इससे जुड़ा आदेश सेबी ने विगत मंगलवार को जारी कर दिया है। बता दें कि आदित्य बिड़ला मॉनी पर ब्रोकर रेगुलेशन्स यानी ब्रोकर फर्म से जुड़े नियमों का पालन न करना का आरोप लगा था, जिसे सेबी ने जांच में गलत पाया और इन सभी चार्जेज को खारिज कर दिया। सितंबर 2009 और मार्च 2013 के बीच, सेबी के अधिकारी इस बात की जांच कर रहे थे कि कुछ कंपनियां जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके निष्क्रिय पड़े खातों यानी डीमैट खाते में शेयरों को शेयरों को फिजिकल रूप से डीमैट खाते में डाल रही हैं।

### कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर दर पर उपलब्ध है।

## लगातार पांचवें दिन नए शिखर पर शेयर बाजार

# सेंसेक्स 67 हजार और निफ्टी 19,800 के पार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज एक बार फिर नए रिकॉर्ड बनने का सिलसिला जारी है। शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी ने आज एक बार फिर ओपनिंग का ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड बनाते हुए कारोबार की शुरूआत की। हालांकि शुरूआती कारोबार में मुनाफावसूली का दबाव भी बनता नजर आया। इसके बावजूद इन दोनों सूचकांकों ने कुछ ही देर में अभी तक के सर्वोच्च शिखर तक पहुंच कर एक बार फिर तेजी का नया रिकॉर्ड कायम कर लिया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 42 प्रतिशत और निफ्टी 39 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे के कारोबार के




बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, इंफोसिस और डिवीज लेबोरेट्रीज के शेयर 4.48 प्रतिशत से लेकर 1.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलटी माइंडट्री और मारुति सुजुकी के शेयर 0.79 प्रतिशत से लेकर 0.32 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,920 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,484 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 436 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर सात शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 109.87 अंक की मजबूती के साथ एक बार फिर ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 66,905.01 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही मुनाफावसूली के दबाव में ये सूचकांक गिर कर 66,903.36 अंक तक पहुंचा। लेकिन इसके बाद खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में इस सूचकांक ने 67,000 अंक के स्तर को पार कर लिया।

### चालू वित्त वर्ष में 6.4% पर रहेगी भारत की इकनॉमिक ग्रोथ रेट

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष के लिए 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा और कहा कि मजबूत घरेलू मांग से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को उबरने में मदद मिलेगी। एडीबी ने एशियन डेवल्पमेंट आउटलुक' में अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि ईंधन और खाद्य कीमतें घटने के कारण मुद्रास्फीति में गिरावट जारी रहने की उम्मीद है, जो वैश्विक महामारी से पहले के स्तर के करीब पहुंच जाएगी। उसने एशिया की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए मुद्रास्फीति इस वर्ष 3.6 प्रतिशत और 2024 में 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में 7.2 प्रतिशत वृद्धि की।

## भारतीय परिधान निर्यातकों के पास जापान एक बड़ा अवसरः एईपीसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जापान को चीन के परिधान निर्यात में गिरावट भारतीय उद्योग के लिए एक बड़ा अवसर है। परिधान निर्यात संवर्द्धन परिषद (एईपीसी) ने बुधवार को यह बात कही। एईपीसी ने कहा कि अपनी अनूठी पेशकशों के साथ भारत के कपड़ा उद्योग के पास जापान की कंपनियों को अपने उत्पाद बेचने का यह एक बड़ा मौका है। परिषद के सदस्य तोक्या में इंडिया टेक्स ट्रेंड्स फेयर के 12वें संस्करण में भाग ले रहे हैं। इंडिया टेक्स ट्रेंड्स फेयर के उद्घाटन के अवसर पर एईपीसी के चेयरमैन नरेन गोयनका ने कहा कि मेले में 180 से अधिक भारतीय प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले तीन साल में जापान में परिधान आयात में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। दुनिया से जापान का कुल आयात जो 2018 में 28.49 अरब डॉलर था, अब बढ़कर 46.72 अरब डॉलर हो गया है।" उन्होंने कहा कि अमेरिका, जर्मनी और फ्रांस के बाद जापान दुनिया में चौथा सबसे बड़ा परिधान आयातक है। जापान के 23 अरब डॉलर के कुल परिधान आयात में भारत का हिस्सा सिर्फ एक प्रतिशत है। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमारे पास जापान के साथ कारोबार का बड़ा अवसर है। चीन, जो जापान का एक प्रमुख परिधान आपूर्तिकर्ता रहा है।

**समाहरणालय, गढ़वा**
(अनु0ज0जा0, अनु0जा0, अल्पसंख्यक एवं पि0वर्ग, कल्याण शाखा)
(अति अल्पकालिन निविदा) विज्ञापन सं0–01/2023–24

वित्तीय वर्ष 2023–24 में गढ़वा जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए पोशाक आदि सामग्रियों का आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक–27.07.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक जिला कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक–28.07.2023 को अपराह्न 01:00 बजे क्रय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदादाताओं को निविदा से संबंधित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

सामग्रियों एवं निविदा की शर्तों की सूची :– पोशाक आदि सामग्रियों की सूची एवं निविदा से संबंधित शर्तों को prdjharkhand.in पर एवं गढ़वा जिला के Website (garhwa.nic.in) पर भी देखा जा सकता है। साथ ही जिला कल्याण कार्यालय, गढ़वा के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह0/
उप विकास आयुक्त,
गढ़वा।

PR 302760 Welfare(23-24)D

### 125 लाख मीट्रिक टन धान की होगी खरीदी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सरकार ने इस साल धान खरीदी का लक्ष्य तय कर दिया है। इसके तहत पंजीकृत किसानों से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी होगी। खाद्य मंत्री अमरजीत की अध्यक्षता में धान खरीदी और कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक हुई। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया है। बीते साल राज्य में 107 लाख टन धान की खरीदी हुई थी। मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन, कृषक पंजीयन, बारदाना एवं वित्तीय व्यवस्था संबंधी नीति के निर्धारण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

# ‘सरकारी बैंकों पर मंडरा रहा निजीकरण का खतरा’

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकारी बैंकों पर निजीकरण खतरा मंडरा रहा है। ये कहना है ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन (एआईबीओसी) का, जो बैंक ऑफिसर्स की यूनियन है। यूनियन का मानना है कि सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों ने समाज में आर्थिक भेदभाव को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है इसके बावजूद सरकारी बैंकों के निजीकरण किए जाने के खतरा बना हुआ है। बैंकों के 55वें राष्ट्रीयकरण दिवस के मौके पर ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन (एआईबीओसी) ने कहा कि




सरकारी बैंकों ने 1969 में राष्ट्रीयकरण के बाद से ही वित्तीय समावेषण और सेविंग को आकर्षित करने में बड़ी अहम भूमिका अदा की है। एआईबीओसी के जनरल सेक्रेटरी रुपम रॉय ने कहा कि सरकारी बैंकों पर निजीकरण का तलवार लटक रहा है। उन्होंने कहा कि ये विचारधारा की लड़ाई है जो ऐसे विचारधारा को समर्थन देकर ही दूर किया जा सकता है जो बड़ी जनसंख्या के हितों की परवाह करता हो। रुपम रॉय ने कहा कि राष्ट्रीयकरण के बाद से ही सरकारी बैंकों कृषि, एमएसएमई, शिक्षा और आधारभूत ढांचे को फंड मुहैया कराते रहे हैं। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन ने कहा कि सरकारी बैंकों ने अपनी सर्विसेज के जरिए आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का काम किया है साथ ही करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने में उसकी भूमिका स्तंभ की रही है।

**कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी**
**गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail : forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207

पत्रांक ................../ दिनांक ................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.06.2023 को भरनो (मुड़कटी अम्बा), थाना–भरनो के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 08:30 बजे अपराह्न 14 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 14 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25.07.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 302694 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

## विदेश

### नेपाल में नकली सोना व जाली नोट तस्करी के आरोप में भारतीय समेत 2 गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में जाली नोट और नकली सोना बरामद कर भारतीय समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नेपाल पुलिस के बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी बिनय कुमार सिंह (45) को जाली नोट और नकली सोने के लेनदेन के आरोप में नेपाली नागरिक दुर्गा बहादुर छेत्री (48) के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों को काठमांडू के बाहरी क्षेत्र बसुंधरा इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के पास से जाली मुद्रा जब्त की, जिसमें 2,000 रुपए मूल्यवर्ग के 400 भारतीय नोट, 500 रुपये मूल्यवर्ग वाले चार भारतीय नोट और 1,000 रुपये मूल्यवर्ग वाले छह नेपाली नोट शामिल हैं। इसी तरह, पुलिस ने दोनों के पास से सोने जैसी दिखने वाली धातु के एक किलोग्राम वजन के दो टुकड़े, धातु के 200 पैकेट (प्रत्येक का वजन 10 ग्राम) और धातु के 10 ग्राम वजन के 20 टुकड़े भी जब्त किए हैं।

# नॉर्थ कोरिया ने दागी मिसाइल

**एजेंसी। सियोल**

नॉर्थ कोरिया ने बुधवार को दो बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दोनों ही जापान के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन (एऐ) में गिरीं। तानाशाह किम जोंग उन की इस हरकत की वजह साउथ कोरिया में अमेरिकी सबमरीन की तैनाती मानी जा रही है। चंद घंटे पहले ही अमेरिका ने इस न्यूक्लियर आर्म्ड बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस सबमरीन को साउथ कोरिया के पोर्ट पर तैनात किया था। जापान और साउथ कोरिया ने नॉर्थ कोरिया की इस हरकत को उकसावे वाली कार्रवाई करार दिया है। साउथ कोरिया के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने नॉर्थ कोरिया से कहा है कि वो इस तरह की लॉन्चिंग बंद करे। यह तस्वीर अप्रैल की है। तब नॉर्थ कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल टेस्ट किया था और इस दौरान तानाशाह किम जोंग उन और



उसकी बेटी मौजूद थे। यह तस्वीर अप्रैल की है। तब नॉर्थ कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल टेस्ट किया था और इस दौरान तानाशाह किम जोंग उन और उसकी बेटी मौजूद थे। जापान के रक्षा मंत्री यासूकाजू हमादा ने मीडिया से कहा- पहली मिसाइल 50 किलोमीटर की ऊंचाई तक गई और इसकी रेंज 550 किलोमीटर थी। दूसरी मिसाइल भी 50 किलोमीटर की ऊंचाई तक गई और इसकी रेंज 600 किलोमीटर थी। हमने टॉप डिप्लोमैटिक चैनल्स के जरिए नॉर्थ कोरिया के सामने अपना प्रोटेस्ट दर्ज करा दिया है। करीब एक हफ्ते पहले ही नॉर्थ कोरिया ने लेटेस्ट ह्वासोंग-18 सॉलिड फ्यूल इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का टेस्ट किया था। तब उसकी तरफ से दावा किया गया था कि ये अमेरिका और नॉर्थ कोरिया के दुश्मनों के लिए वॉर्निंग है। साउथ कोरिया की योनहेप न्यूज एजेंसी के मुताबिक बुधवार को नॉर्थ कोरिया की मिसाइल फायरिंग अमेरिका और साउथ कोरिया के बीच न्यूक्लियर कन्सलटेटिव ग्रुप की मीटिंग के बाद की गई। इस मीटिंग का मकसद इस इलाके में अमेरिका सेना की मौजूदगी को बढ़ाना था। इनमें न्यूक्लियर वेपन्स की तैनाती भी शामिल है। 13 जुलाई को भी नॉर्थ कोरिया ने एक मिसाइल फायर की थी। ये भी जापान के समुद्री इलाके में गिरी थी। यह तस्वीर नॉर्थ कोरिया की तरफ से जारी की गई थी। 13 जुलाई को भी नॉर्थ कोरिया ने एक मिसाइल फायर की थी। ये भी जापान के समुद्री इलाके में गिरी थी। यह तस्वीर नॉर्थ कोरिया की तरफ से जारी की गई थी। अमेरिका ने नॉर्थ कोरिया की हरकतों से निपटने के लिए साउथ कोरिया के बुसान नेवल बेस पर अपनी सबमरीन यूएसएस केंटुकी भी तैनात कर दी है। 1981 के बाद यह पहला मौका है जब अमेरिका ने एटमी ताकत वाली सबमरीन यहां तैनात की है।

### चीन में तूफान तालीम ने दी दस्तक, उड़ानें व ट्रेनें रद्द

**बीजिंग।** चीन में इस साल पहले तूफान तालीम ने दस्तक दे दी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों को बाढ़ की चेतावनी जारी करने, उड़ानें और ट्रेनें रद्द करने और लोगों को घर पर रहने का आदेश देने के लिए कहा गया है। चीन के मौसम विज्ञान केंद्र ने दक्षिणी प्रांतों और क्षेत्रों के पास समुद्र में तूफानी हवाओं और गुआंग्शी के दक्षिण-पश्चिमी तट और उत्तरी हैनान द्वीप पर 250-280 मिमी (9.8-11 इंच) की असाधारण भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।

**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ................../ दिनांक ................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.06.2023 को सिसई–नागफेनी मुख्य मार्ग पर रेडवा पुल के पास गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 8:00 बजे अपराह्न 15 बोरा लकड़ी कोयला सहित टेम्पू नं0 – JH07G0227 को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 15 बोरा लकड़ी कोयला सहित टेम्पू नं0 – JH07G0227 के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25.07.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.302698 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

**तबाही** — पाकिस्तान में बारिश निगल गई गुरु नानक से संबंधित विरासत

# लाहौर में ढह गया ऐतिहासिक गुरुद्वारा रोरी साहिब

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पंजाब में लगातार बारिश ने सिख इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा निगल लिया। पिछले कुछ दिनों से लाहौर में हो रही भारी बारिश के कारण विभाजन के बाद से उपेक्षित पड़ा ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री रोरी साहिब ढह गया और दीवार का केवल एक हिस्सा ही बचा रह गया।भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब स्थित गुरुद्वारा, भाई मदार्ना के साथ गुरु नानक देव की लाहौर के जाहमान गांव की यात्रा की स्मृति में बनाया गया था। एक समय यह भव्य धार्मिक स्थल था, विभाजन के बाद पाकिस्तान सरकार की उदासीनता के कारण यह जीर्ण-शीर्ण हो गया। विगत सोमवार को साइट का दौरा करने वाले पाकिस्तान स्थित इतिहासकार इमरान विलियम ने कहा कि यह सिख इतिहास के लिए ₹सबसे दुखद और सबसे काले दिनों में से एक था। गुरुद्वारा संरचना पहले से ही खंडहर थी और इस तथ्य के बावजूद कि हमने इसे कई बार



उजागर किया था, पाकिस्तान सरकार द्वारा बहाली और संरक्षण का काम कभी शुरू नहीं किया गया था। कल रात भारी बारिश के कारण बचा हुआ ढांचा भी ढह गयाष विलियम ने कहा, "पास के तालाब से बहता हुआ पानी गुरुद्वारे की संरचना में रिस रहा था, जो संभवतः इसके अंतिम पतन का कारण बना। विलियम ने कहा कि गुरुद्वारे के अंदर भित्तिचित्र और कलाकृतियाँ, जिनमें गुरबानी खुदी हुई भी शामिल है, अब मलबे में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने कहा, यह हमारी पूरी तरह से विफलता है कि हम सिख धर्म के संस्थापक से संबंधित इतिहास के एक टुकड़े को संरक्षित करने में विफल रहे। जाहमान गांव गुरु नानक के पैतृक गांव डेरा चहल के पास स्थित है। माना जाता है कि गुरु नानक और भाई मदार्ना अक्सर डेरा चहल जाते थे जहां उनके नाना-नानी रहते थे। सिंगापुर स्थित सिख इतिहासकार अमरदीप सिंह द्वारा प्रलेखित उपमहाद्वीप में पहले सिख गुरु की उदासियों (यात्राओं) पर नजर रखने वाली एक डॉक्यूमेंट्री एलेगरी-ए टेपेस्ट्री ऑफ गुरु नानक ट्रेवल्स' के अनुसार, गुरुद्वारा रोरी साहिब का निर्माण भाई वाधवा सिंह द्वारा किया गया था। प्रख्यात लेखक काहन सिंह नाभा ने महान कोष में उल्लेख किया है कि गुरु नानक और भाई मदार्ना ने जाहमान में भाभरा जैन समुदाय के साथ आध्यात्मिक बातचीत की थी। नानक के दर्शन से प्रभावित होकर उस समुदाय के कुछ सदस्य उनके शिष्य बन गए थे। 1947 से पहले, इस गुरुद्वारा में अक्सर सिख संगतें आती थीं, लेकिन अब यह वीरान व जर्रर पड़ा था।

### टाटा ग्रुप ब्रिटेन में लगाएगा 4 अरब पाउंड का ईवी बैटरी प्लांट

**लंदन।** टाटा समूह ने बुधवार को ब्रिटेन में अपने नए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी प्लांट या गीगाफैक्टरी स्थापित करने पर बड़ी घोषणा की है। कंपनी इस गीगाफैक्टरी को स्थापित करने के लिए चार अरब पाउंड (5.2 बिलियन डॉलर) से अधिक का निवेश करेगी। टाटा समूह के इस निवेश से इससे सप्लाई चैन में हजारों की संख्या में लोगों को नौकरी का अवसर मिलेगा। ब्रिटेन सरकार ने इस घोषणा का स्वागत किया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे देश के मोटर वाहन उद्योग के लिए अविश्वसनीय रूप से गौरवपूर्ण पल बताया है। उन्होंने कहा कि यह ब्रिटेन के कार मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री तथा उसके श्रमिकों की ताकत को दशार्ता है। ब्रिटेन की लक्जरी कार विनिमार्ता जगुआर लैंड रोवर का स्वामित्व टाटा मोटर्स के पास है। यह 40 गीगावॉट घंटे के शुरूआती उत्पादन के वाले इस संयंत्र का प्रमुख ग्राहक रहेगी। टाटा समूह की इस नई गीगाफैक्टरी का काम 2026 में काम शुरू होगा। इसकी मदद से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(समाज कल्याण शाखा)**
ईमेल – awc3.monitoring@gmail.com

पत्रांक............/ –:: सूचना ::– जि.स.क.

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, रांची के अधिसूचना संख्या– 485 एवं 486 दिनांक 12 जुलाई 2017 के आलोक में झारखण्ड राज्य प्ले स्कुल (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली– 2017 का गठन किया गया है।

उक्त नियमावली के अनुसार सभी संचालित प्ले स्कुल को निबंधन कराना अनिवार्य है। नियमावली के कंडिका के 2(d) में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सक्षम पदाधिकारी घोषित किया गया है। साथ ही नियमावली के कंडिका 2(p) के अनुसार प्ले स्कुल का अभिप्राय किसी भी गैर सहायता प्राप्त निजी स्कुल से है जो 03–06 वर्ष की आयु के बच्चों को ECCE (Early Childhood Care and Education) प्रदान करने के लिए राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकरण से किसी भी प्रकार की सहायता या अनुदान प्राप्त नहीं करता है।

गुमला जिलान्तर्गत सभी प्ले स्कुल संचालित करने वाले संचालकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.07.2023 के पूर्व तक अपने विद्यालय का निबंधन/पंजीकरण करवा लें। ताकि विद्यालयों को प्रावधानों के अन्तर्गत मान्यता के दायरे में लाकर विधि सम्मत तरीके से संचालन सुनिश्चित कराया जा सके। निर्धारित समय सीमा तक निबंधन नहीं कराये जाने पर प्ले स्कुल संचालकों के विरूद्ध आवश्यक कारवाई की जायेगी।

पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया हेतु **जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय, विकास भवन, प्रथम तल्ला कमरा नं0 03** में संपर्क किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी सहित झारखण्ड राज्य प्ले स्कुल (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली– 2017 की प्रति जिले के Website- www.gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
गुमला

PR302689 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D

ज्ञान की बात

'दूसरों की कमियां निकालने की बजाए खुद की प्रतिभा पर ध्यान दें तो मुश्किल से मुश्किल मार्ग को आसान बनाया जा सकता है।' - अज्ञात



# कयासों के बीच बीजेपी

***पूरे*** देश में आगामी लोकसभा की गूंज सुनाई पड़ने लगी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष मगजमारी में जहां जुटी दिखाई दे रही है,वहीं समान नागरिक कानून पर सियासत जारी है। भाजपा के इस मास्टर स्ट्रोक के सामने कयासों के बादल मंडराने लगे हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि एक ही घर में रहने वाले अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग कानून क्यों होने चाहिए। मोदी के इस बयान के बाद एक बार फिर लोकसभा चुनाव 2024 के पहले समान नागरिक संहिताका कानून लाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। सवाल होने लगा है कि प्रधानमंत्री मुसलमानों और खास कर पसमांदा मुसलमानों का मुद्दा क्यों उठाते हैं? क्या इससे भाजपा को कोई चुनावी लाभ मिल सकता है? भाजपा के 300 से ज्यादा लोकसभा सांसद होने के बाद भी उनमें एक भी मुसलमान न होने को लेकर कई बार प्रश्न खड़े किये जाते रहे हैं। पार्टी ने किसी मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा था। लेकिन बीजेपी ने अपनी नीतियों में बदलाव करते हुए उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव में 395 मुसलमानों को टिकट देकर यह संदेश देने की कोशिश की कि उसे जिताऊ उम्मीदवारों को टिकट देने में कोई परहेज नहीं है। पार्टी की इस रणनीति का यह असर हुआ कि भाजपा ने कई मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भी जीत हासिल की। यह मुसलमान मतदाताओं के समर्थन के बिना नहीं हो सकता था। भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन उसका यह लक्ष्य मुसलमानों के साथ के बिना आसानी से पूरा नहीं हो सकता। एक सीमित संख्या में भी यदि उसे मुसलमान मतदाताओं का वोट मिल जाता है तो उसकी बढ़त निर्णायक हो सकती है। यही कारण है कि पार्टी लगातार मुसलमानों के बीच अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनावों और निकाय चुनाव के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि एक सीमित संख्या में ही सही, भाजपा को मुसलमानों का वोट मिलना शुरू हुआ है। राजनीतिक विशेषज्ञ इसे एक बड़ी राजनीतिक बदलाव की आहट मानते हैं। पसमांदा मुद्दे पर फैजी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय योजनाओं का लाभ पहुंचाते समय केवल अंत्योदय की भावना को ध्यान में रखा। योजनाओं का लाभ पहुंचाते समय लोगों के धर्म या जाति की कोई पहचान नहीं की गई। इसके आधार पर कोई भेद नहीं किया गया और योग्य लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। सही मायने में इसी को सेकुलर होना कहते हैं। उन्होंने कहा कि इसके पहले की सरकारें धार्मिक आधार पर योजनाएं चलाती थी। बहरहाल समान नागरिक कानून संहिता बीजेपी का मास्टर स्ट्रोक है। पर्दे के पीछे बीजेपी सोच समझकर लोक सभा चुनाव की बाबत यह कानून लाना चाहती है। समान नागरिक कानून संहिता को लेकर पूरे देश की राजनीति में विभिन्न प्रकार के कयासों के बादल मंडराने लगे है। अब देखना है आने वाले दिनों में बीजेपी के इस स्टैंड का क्या असर देखने को मिलता है। लेकिन जिस प्रकार इस कानून की बाबत चर्चाओं का बाजार शुरु हुआ है यह बताता है कि बीजेपी की यह चोट भारी पड़ती दिखलाई पड़ रही है। वैसे राजनीति के मैदान में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

**प्रधानमंत्री का मानना है कि एक ही घर में रहने वाले अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग कानून क्यों होने चाहिए। मोदी के इस बयान के बाद एक बार फिर लोकसभा चुनाव 2024 के पहले समान नागरिक संहिता का कानून लाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।**

# सतत उर्वरक प्रबंधन के लिए भारत की नई पहल





नरेंद्र सिंह तोमर

***भारत*** में 1.4 अरब लोगों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा लक्ष्य सुनिश्चित करने के लिए टिकाऊ कृषि आवश्यक है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने रासायनिक फर्टिलाइजर केअसंतुलित उपयोग के समाधान के लिए सक्रिय पहल की हैं। इन पहलों का उद्देश्य नीतियों में बदलाव, निवेश, वित्तीय सहायता, तकनीकी हस्तक्षेप और मूल्य संवर्धन के विभिन्न प्रयासों के माध्यम से भारतीय कृषि को संरचनात्मक रूप से बदलना है। स्थिति की तात्कालिकता को पहचानते हुए, 28 जून, 2023 को आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमिटी ने (सीसीइए) ने 370,128.7 करोड़ रुपये की यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कई पहलों को मंजूरी दी। सरकार टीकाऊ कृषि और 141 अरब हेक्टेयर भूमि वाले 120 मिलियन से अधिक किसानों की भलाई के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा की गई प्रमुख पहल इस प्रकार हैं:

**यूरिया सब्सिडी योजना का विस्तार :** उउएअ ने 368,676.70 करोड़ रुपये आवंटित कर यूरिया सब्सिडी को 31 मार्च, 2025 तक विस्तार दिया है। इस विस्तार में 2022-23 से 2024-25 तक के वित्तीय वर्ष शामिल हैं। मोदी सरकारने स्वदेशी उत्पादन पर बल दिया है, जिसके फलस्वरूप देश में यूरिया उत्पादन 2014-15 में 207.54 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) से बढ़कर 2022-23 में 283.74 लाख मीट्रिक टनहो गई हैं। यूरिया सब्सिडी के विस्तार से यह उत्पादनमें वृद्धि हुई है जिससे पूरे देश के किसानों कोसस्ती यूरिया की उपलब्धता रहेगी।

**नैनो यूरिया इको सिस्टम को मजबूत बनाना :** दुनिया में भारतपहला देश है जिसने दुनिया का पहला देशी तरल नैनो यूरिया विकसित किया है और भारतीय किसानों को सशक्त बनाने के लिए एक अभिनव पर्यावरण के अनुकूल और किफायती उत्पाद के साथ इसका व्यावसायिक उत्पादन किया है। मार्च 2023 तक, 76.5 मिलियन बोतल का उत्पादन किया गया है,जो पारंपरिक यूरिया के 33.6 एलएमटी के बराबरहै। 54.2 मिलियन बोतलें बेची गई हैं। 2025-26 तक, 195एलएमटी पारंपरिक यूरिया के बराबर 440 मिलियन बोतलों की उत्पादन क्षमता वाले 8 नैनो यूरिया प्लांट्स शुरू हो जाएंगे। किसानों को प्रभावी और कम लागत के विकल्प के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी से भी परिचित कराया गया है। देश को फर्टिलाइजर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने 6 यूरिया उत्पादन यूनिटकोटा, राजस्थान में चंबल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड; पानागढ़, पश्चिम बंगाल में मैटिक्स लिमिटेड; रामागुंडम, तेलंगाना में; गोरखपुर, उत्तर प्रदेश; सिंदरी, झारखंड; और बरौनी, बिहारमें इन यूनिटो की स्थापना और पुनर्जीवित किया है। इन स्वदेशी उत्पादन यूनिटों और नैनो यूरिया प्लांट के शुरू होने से यूरिया को आयात करने की आवश्यकता कम हो जायेगी और देश 2025-26 तक यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर हो जायेगा।

**गोबरधन योजना के माध्यम से आर्गेनिक फर्टिलाइजर को बढ़ावा :** बाजार विकास सहायता (एमडीए) के तहत, सरकार अद्वितीय, बहुआयामी, बबार्दी से धन गोबरधन पहल से जुड़े संयंत्रों में उत्पादित ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर के लिए 1,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। इस पहल में विभिन्न बायोगैस और नवीकरणीय ऊर्जा योजनाएं, स्वच्छता, कचरे का प्रबंधन कार्यक्रम शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,451.84 करोड़ रुपये खर्च किये जाने से भारत में ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर के विकास को और बढ़ावा मिलेगा, इसमें 360 करोड़ रुपये की रिसर्च गैप फंडिंग भी शामिल है। किसानों को वन-स्टॉप समाधान के रूप में कृषि इनपुट (जैविक उर्वरक सहित) सेवाएं प्रदान करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए, देश भर में लगभग 100,000 'प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र' स्थापित किये गये हैं।

**पीएम प्रणाम कार्यक्रम :** सरकार ने पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ पहल के रूप में धरती माता के पुनरुद्धार, जागरूकता सृजन, पोषण और सुधार के लिए प्रधानमंत्री कार्यक्रम (प्रणाम) की शुरूआत की। यह योजना राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाने, वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने और रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करती है। 2025-26 के लिए आवंटित प्रोत्साहन राशि 2026-27 में वितरित की जायेगी, जो टिकाऊ खेती के लिए सरकार के दीर्घकालिक दृष्टि को उजागर करती है।

**यूरिया गोल्ड :** यूरिया गोल्ड नामक नये युग के मूल्य वर्धित यूरिया की शुरूआत की गई है, जिसमें सल्फर कोटिंग होती है। यह नये प्रकार की कोटिंग फसलों को एक महत्वपूर्ण द्वितीयक पौध पोषक तत्व, सल्फर उपलब्ध करायेगी। यूरिया गोल्ड यूरिया की खपत को कम करता है औरनाइट्रोजन को धीमी गति से रिलीज करता है जिससे फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है। यह फर्टिलाइजर यूरिया के संतुलित उपयोग करने के सरकार के प्रयासों को गति देगा। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा हाल ही में दी गई मंजूरी टिकाऊ कृषि और किसानों की भलाई के लिए भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यूरिया सब्सिडी योजना का विस्तार, पीएम प्रणाम की शुरूआत, गोबरधन के माध्यम से आर्गेनिक फर्टिलाइजर को बढ़ावाऔर यूरिया गोल्ड सभी पर्यावरण-अनुकूल और कुशल कृषि क्षेत्र के निर्माण में योगदान करते हैं। इन पहलों के अलावा, सरकार ने रासायनिक फर्टिलाइजर के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने और ऑर्गेनिक, बायो और नैनो फर्टिलाइजर जैसे वैकल्पिक फर्टिलाइजर को अपनाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान भी शुरू किया है। इन प्रयासों का उद्देश्य भूमि को बेहतर बनाना और धरती माता का पोषण करना है। मोदी सरकार ने राष्ट्र को समर्पित सेवा के नौ साल पूरे कर लिए हैं, कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और उत्थान के लिए लागू की गई कई कल्याणकारी योजनाओं को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है।

**मोदी सरकारने स्वदेशी उत्पादन पर बल दिया है, जिसके फलस्वरूप देश में यूरिया उत्पादन 2014-15 में 207.54 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) से बढ़कर 2022-23 में 283.74 लाख मीट्रिक टनहो गई हैं।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने अश्वत्थामा की कथा

***लेकिन*** गुप्तचर के द्वारा महामात्य राक्षस और कात्यायन को इस षड्यंत्र का पता लग गया। उसने मगथ सम्राट घनानंद को इस षड्यंत्र की जानकारी दी। चणक को बंदी बना लिया गया और राज्यभर में खबर फैल गई कि राजद्रोह के अपराध में एक ब्राह्मण की हत्या की जायेगी। चणक के किशोर पुत्र कौटिल्य को यह बात पता चली तो वह चिंतित और दुखी हो गया। चणक का कटा हुआ सिर राजधानी के चौराहे पर टांग दिया गया। पिता के कटे हुए सिर को देखकर कौटिल्य (चाणक्य) की आंखों से आंसू टपक रहे थे। उस वक्त चाणक्य की आयु 14 वर्ष थी। रात के अंधेरे में उसने बांस पर टंगे अपने पिता के सिर को धीरे-धीरे नीचे उतारा और एक कपड़े में लपेट कर चल दिया। अकेले पुत्र ने पिता का दाह-संस्कार किया। तब कौटिल्य ने गंगा का जल हाथ में लेकर शपथ ली- 'हे गंगे, जब तक हत्यारे धनानंद से अपने पिता की हत्या का प्रतिशोध नहीं लूंगा तब तक पकाई हुई कोई वस्तु नहीं खाऊंगा। जब तक महामात्य के रक्त से अपने बाल नहीं रंग लूंगा तब तक यह शिखा खुली ही रखूंगा। मेरे पिता का तर्पण तभी पूर्ण होगा, जब तक कि हत्यारे धनानंद का रक्त पिता की राख पर नहीं चढ़ेगा...। हे यमराज! धनानंद का नाम तुम अपने लेखे से काट दो। उसकी मृत्यु का लेख अब मैं ही लिखूंगा।' इसके बाद कौटिल्य ने अपने नाम बदलकर विष्णु गुप्त रख लिया। एक विद्वान पंडित राधामोहन ने विष्णु गुप्त को सहारा दिया। राधामोहन ने विष्णु गुप्त की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें तक्षशिला विश्व विद्यालय में दाखिला दिलवा दिया। यह विष्णु गुप्त अर्थात चाणक्य के जीवन की एक नई शुरूआत थी। तक्षशिला में चाणक्य ने न केवल छात्र, कुलपति और बड़े बड़े विद्वानों को अपनी ओर आकर्षित किया बल्की उसने पड़ोसी राज्य के राजा पोरस से भी अपना परिचय बढ़ा लिया।

*(क्रमशः)*

# चित चोर चितौड़-चहुं ओर प्रभाष...



गौरव अवस्थी

***चौदह*** बरस की निरंतरता कम नहीं होती। दिल्ली, इंदौर होते हुए 'यादों की बारात' इस साल चित्तौड़ पहुंच रही थी। प्रसंग वही प्रभाष जोशी की यादों से जुड़ने का। 15 जुलाई (प्रभाष जी की जयंती) को देश का 'दिल' दिल्ली जब पूरी तरह जागी भी नहीं थी, तब हिमाचल भवन के सामने उनके (प्रभाष जी) अनुयायियों की तरुणाई अंगड़ाई ले चुकी थी। एक-एक कर लोग पहुंच रहे थे। कई तो समय से पहले ही जम गये। इन्हीं में एक यह अकिंचन भी था। प्रभाष प्रसंग में जाने वालों में तीन पीढ़ियां- पहली, जिन्होंने उनके संग सत्संग या सत्कार्य किये। दूसरी, वह जो कुछ समय के लिए ही सही उनका सानिध्य सुख प्राप्त और तीसरी, नाम-काम-धाम से प्रभावित। तीन वर्ग-पुरुष, महिला और बच्चे। बस से जाने वालों में प्रभाष जी के पुत्र संदीप और पुत्रवधू उमा जोशी भी। दोनों उन्हीं की तरह अहम-वहम से दूर। बसों की प्रतीक्षा बरबस हर वाहन की घर्र-घर्र पर हमारी ही क्या सभी की निगाह आड़ी-तिरछी कर देती। बस यात्रियों की इसी भीड़ के बीच एक कम वजनी (अंडर वेट) महिला बेझिझक पेट के लिए सभी से 'वजन' तुलवाने का अनुरोध कम गिड़गिड़ा सी ज्यादा रही थीं। उधर, एक एकांत में कलाकार आदित्य अपनी कला को निखारने की मौन साधना में रमे थे। यह हमें पता भी न चलता अगर युगवार्ता और नवोत्थान के संपादकीय विभाग के सदस्य छोटे कद और बड़े संकल्प वाले तिवारी जी (पूरा नाम नहीं पता) यह कहकर ध्यान आकर्षित न करते- 'आपकी फोटो बन गई..' कुरूप हो या सुरूप। अपनी फोटो के लालच से भला कौन ऊपर? चाय की चुस्कियों के बीच भाई राकेश सिंह ने सूचना दी- बस थोड़ी देर और! खैर, इंतजार खत्म हुआ और दो बसें आ पहुंची। जाने और जानने की जल्दी में जल्दी-जल्दी सबने सामान धरा और बस में स्थापित। दस मिनट में प्रकिया पूरी और शुरू हो गई प्रभाष प्रसंग से जुड़ी एक और यादगार बनने वाली चित्तौड़ यात्रा। बच्चों में प्रभाष स्मृति का बीजारोपण और हम जैसों को खाद-पानी का सुयोग। यात्रा के अर्द्ध भाग में बस के अंदर सर्वोदयी रमेश चंद शर्मा के सर्वोदय गीत-'हिम्मत से पतवार संभालो फिर क्या दूर किनारा ओ माझी' और ग्राम दान से बन जायेगा गोकुल अपना गांव रे.. की मनमोहक प्रस्तुति ने कुछ और ही माहौल बना दिया। होते-करते रात 11 बजे हम सब चित्तौड़ मेवाड़ विवि के परिसर में दाखिल हो ही गये। 12 घंटे से अधिक इस यात्रा की थकान बड़ों में न छोटों में। पुरुषों में न स्त्रियों में। कमरे में सामान रख, मुंह हाथ धोकर सब उसी दिशा में बढ़ चले, जिधर अन्नपूर्णा माई का वास था। बिल्कुल वैसे ही जैसे- चल पड़े उधर ही कोटि पग...। रात में अन्नपूर्णा माई से मुलाकात के वक्त ही नाश्ते के लिए सुबह साढ़े आठ बजे की ताकीद कर दी गई थी। सो, सब तैयार। भरपेट स्वादिष्ट नाश्ते के बाद शुरू हुआ सिलसिला प्रभाष प्रसंग का। विवि के महाराणा प्रताप सभागार में सबसे पहले वही 'कबीर गायन' जो प्रभाष जी की पसंद था और जीवन का आधार भी। पहले विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट विभाग के अध्यक्ष डॉ. त्रिगुनातीत जैमिनी, हरिओम गंधर्व व रोशनी कसौधन की प्रभावी प्रस्तुति और बाद में भीलवाड़ा की सांस्कृतिक संस्था रसधारा के कलाकारों की प्रार्थनाएं। मुख्य समारोह के पहले लोक गायक प्रहलाद सिंह टिपानिया ने कबीर के पद सुंदर और मधुर वाणी में सुनाकर एकबार फिर मंत्र मुग्ध कर दिया। यह वही टिपानिया हैं, जिन्हें प्रभाष जी ने ही पहचान दिलाई और सही-सच्चे मुकाम तक पहुंचाया।

**15 जुलाई (प्रभाष जी की जयंती) को देश का 'दिल' दिल्ली जब पूरी तरह जागी भी नहीं थी, तब हिमाचल भवन के सामने उनके (प्रभाष जी) अनुयायियों की तरुणाई अंगड़ाई ले चुकी थी।**

चितौड़

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# नई शिक्षा नीति व सीखने-सिखाने की संस्कृति का विकास



गिरीश्वर मिश्र

***कहा*** जाता है धरती पर ज्ञान जैसी कोई दूसरी पवित्र वस्तु नहीं है। भारत में प्राचीनकाल से ही न केवल ज्ञान की महिमा गाई जाती रही है बल्कि उसकी साधना भी होती आ रही है। इस बात का असंदिग्ध प्रमाण देती है काल के क्रूर थपेड़ों के बावजूद अभी भी शेष बची विशाल ज्ञान राशि। अनेकानेक ग्रंथों तथा पांडुलिपियों में उपस्थित यह विपुल सामग्री भारत की वाचिक परम्परा की अनूठी उपलब्धि के रूप में वैश्विक स्तर पर अतुलनीय और आश्चर्यकारी है। यह हमारे लिए सचमुच गौरव का विषय है कि आज जैसी उन्नत संचार तकनीकी के अभाव में भी मानव स्मृति में भाषा के कोड में संरक्षित होकर यह सब जीवित रह सका। इस परम्परा में मनुष्य के जीवन में होने वाले आरम्भ में विकास और उत्तर काल में ह्रास की अकाट्य सच्चाई को स्वीकार करते हुए मनुष्य को जीने के लिए तैयार करने की व्यवस्था की गई थी। ज्ञान केंद्रित भारतीय संस्कृति के अंतर्गत अभ्यास और गुरु के संरक्षण में मिलने वाली शिक्षा का परिणाम व्यास, पाणिनि, पतंजलि, वाल्मीकि, कणाद, गौतम, जैमिनि, भरत, कालिदास, भर्तृहरि, बाणभट्ट, भवभूति, चाणक्य, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, चरक, सुश्रुत, शंकराचार्य आदि जैसी महान विभूतियों और उनकी अमूल्य कृतियों के रूप में प्रतिफलित हुआ। गुणवत्ता और शिक्षा की उत्कृष्टता की दृष्टि से नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला जैसे विद्या केंद्रों की वास्तविकता विश्व विदित है। बर्तानवी उपनिवेश के दौर में भारत की अपनी शिक्षा व्यवस्था को समूल उखाड़ कर अंग्रेजी शिक्षा का जो बिरवा रोपा गया था वह स्वतंत्र भारत में विशाल वृक्ष बन कर किस प्रकार छाता गया और हम किस स्थिति में पहुँचे हैं यह बताने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार की शिक्षा की प्रक्रिया और उसके सामाजिक स्तर पर होने वाले परिणाम सबके सामने हैं। देश की आवश्यकता और वर्तमान वैश्विक संदर्भ में शिक्षा का ढाँचा और प्रक्रिया में बदलाव लाने की दृष्टि से पाँच वर्ष लम्बे विचार विमर्श के बाद 2020 में नई शिक्षा नीति का मसौदा लाया गया। दुर्भाग्यवश कोरोना की लम्बी महामारी के दौरान लड़खड़ाती पुरानी व्यवस्था भी बेपटरी हो गई और नई नीति भी शिक्षा का स्वभाव बदलने के लिए आगे बढ़ी। इन सबके बीच अस्त-व्यस्त शिक्षा व्यवस्था नई चुनौतियों से जूझ रही है। इस बीच जनसंख्या की दृष्टि से अब जब भारत विश्व में प्रथम स्थान पर पहुँच चुका है इसकी युवा पीढ़ी संख्या की दृष्टि से अब अधिक अपेक्षा करती है। वर्ष 2020 में आई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारत की औपचारिक शिक्षा की चुनौतियों और संभावनाओं को पहचान कर उसका आकलन करते हुए समर्थ भारत के निर्माण के लिए शिक्षा के आयोजन के लिए एक खाका प्रस्तुत किया था। इस नीति के आने के साथ ही औपचारिक शिक्षा से जुड़े हितधारकों में चचाएं शुरू हो गईं। नीति की संस्तुतियों को शिक्षा में सुधार की सकारात्मक पहल मानते हुए सबके द्वारा इसका स्वागत किया गया। जुलाई 2020 में प्रस्तुत की गई इस नीति से जुड़ी कार्य योजनाएँ दिसंबर 2020 तक आने लगीं। पिछले तीन वर्षों में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा एवं शोध के लिए सरकार ने जो कुछ भी कहा, सुना और किया, उसे नीति के क्रियान्वयन का हिस्सा बनाया गया। समग्र शिक्षा अभियान की अवधि को 2025-26 तक बढ़ा दिया गया। इसे नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन का माध्यम बनाया गया। 8 अप्रैल 2021 को सार्थक (स्टूडेंट्स एंड टीचर्स होलिस्टिक एडवांसमेंट थ्रो क्वालिटी एजुकेशन) नाम से एक वृहद् कार्ययोजना प्रस्तुत की गई।

**देश की आवश्यकता व वर्तमान वैश्विक संदर्भ में शिक्षा का ढाँचा व प्रक्रिया में बदलाव लाने की दृष्टि से पाँच वर्ष लम्बे विचार विमर्श के बाद 2020 में नई शिक्षा नीति का मसौदा लाया गया।**

संस्कृति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# हेल्थ से लेकर ब्यूटी तक के लिए फायदेमंद है ऑलिव ऑयल

आॅलिव ऑयल का प्रयोग आहार के अलावा दवाओं, ब्यूटी प्रोडक्टस और साबुन में भी किया जाता है। जानते हैं दुनिया भर में लोकप्रिय विटामिन ई से भरपूर ऑलिव आयलॅ के फायदे और इस्तेमाल करने का तरीका भी। ऑलिव्स यानि जैतून से निकलने वाला तेल शरीर के लिए बेहद स्वास्थ्यवर्धक है। एंटीऑक्सीडेंटस और मोनोअनसैचुरेटेड फैटस से भरपूर होने के चलते शरीर को कई रोगों के जोखिम से बचाने में कारगर है। भूमध्यसागरीय क्षेत्र की एक पारंपरिक फसल को वहां की रेसिपीज में खूब प्रयोग किया जाता है। खाने के अलावा इसे दवाओं, ब्यूटी प्रोडक्टस और साबुनों में भी प्रयोग किया जाता है। युनिवर्सिटी ऑफ मियामी के एक रिसर्च के मुताबिक ऑलिव ऑयल में मोनोअनसैचुरेटेड फैटस पाए जाते हैं, जो एनिमन फैट से बेहतर है। इसके इस्तेमाल से शरीर में सूजन और हृदय रोग की संभावना कम होने लगती है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक शोध में पाया गया है कि जैतून का तेल इस्तेमाल करने से समय से पहले मौत के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। 1990 से लेकर 2018 तक अमेरिका में 60,582 महिलाओं और 31,801 पुरुषों से आहार प्रश्नावली की गई। निष्कर्ष में पाया गया कि वे लोग जो रोजाना सात ग्राम से ज्यादा जैतून के तेल का सेवन करते हैं। उनमें हृदय रोग से होने वाली मृत्यु का खतरा 19 प्रतिशत तक कम हो जाता है।



## ऑलिव ऑयल के फायदे

**तनाव करे दूर :** नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक शरीर में एंटीऑक्सीडेंटस की कमी को पूरा करने के अलावा चिंता और तनाव को दूर करने में भी मदद करता है। एक रिसर्च में पाया गया है कि ट्रांस फैट्स पूरी मरह से अनहेल्दी हैं। इसका इस्तेमाल बेक्ड आइटम्स और फास्ट फूड में किया जाता है। वे लोग जो इनका सेवन करते हैं। उनमें चितां और तनाव की संभावना अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा होती है। ऐसे में तन और मन को हेल्दी रखने के लिए जैतून का तेल बेहद जरूरी है।

**कम करता है कैंसर का जोखिम :** इसमें मौजूद एंटी इन्फ्लेमेटरी गुणों के चलते शरीर में कैंसर की समस्या पर काबू पाया जा सकता है। ऑलिव ऑयल में मौजूद तत्वों से शरीर में बढ़ने वाले ऑक्सीडेटिव डैमेज को रोका जा सकता है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंटस शरीर को प्रोटेक्ट करते हैं। इससे ब्रेस्ट कैंसर की संभावना भी कम होने लगती है।

**हार्ट हेल्थ का रखे ख्याल :** हृदय रोग एक ऐसी बीमारी है, जिससे विश्वभर सैकड़ों लोगों की मौत होती है जैतून का तेल शरीर की हृदय रोग से रक्षा करता है। शरीर में क्लॉटिंग बढ़ने से रोकता है। इसके अलावा शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम कर गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है। इसकी मदद से शरीर में ब्लड प्रेशर को भी संतुलित रखा जा सकता है। जो हार्ट अटैक का कारण साबित हो सकता है।

**सूजन को करे कम :** एंटी इंफ्लामेंटरी गुणों के चलते इससे शरीर में होने वाली सूजन को कम किया जा सकता है। आमातौर पर घुटनों, पैरों, चेहरे और हाथों में होने वाली सूजन की समस्या अपने आप दूर हो जाती है। विटामिन ई और विटामिन के से भरपूर ऑलिव ऑयल शरीर को हेल्दी रखता है।

**अर्ली एजिंग से बचाता है :** इसका इस्तेमाल करने से चेहरे पर समय से पहले दखिने वाली झुर्रियों की समस्या हल हो जाती है। रात को सोने से पहले कुछ बूंद ऑलिव ऑयल की चेहरे पर अप्लाई करने से डैमेज स्किन रिपेयर होती है। इसमें मौजूद विटामिन के डेड स्किन सेल्स को रिपेयर करने में सहायक होता है।

**बालों का भी रखता है ख्याल :** बालों का झड़ना और दो मुंहे हो जाना आम समस्या है। बालों की बेहतर ग्रोथ और उन्हें मुलायम बनाने के लिए जैतून का तेल प्रयोग करें। कुछ बूंद जैतून के तेल से चंपी करने से बालों की समस्याओं का अंत होने लगता है। बालों को धोने से पहले कुछ देर तेल से मसाज करने से फॉलिकल्स को मजबूती मिलती है, जिससे बाल टूटना बंद हो जाते हैं।

## ऑलिव ऑयल का कैसे करें प्रयोग

**कुकिंग में करें यूज :** सैलेड से लेकर मेन कोर्स रेसिपीज तक आप ऑलिव ऑयल की प्रयोग कर सकते हैं। आसानी से पचने वाले इस तेल का प्रयोग करने से शरीर कई समस्याओं से बचा रहता है।

**स्किन को करें माइश्चराइज :** विटामिनस से भरपूर इस तेल को आप माइश्चराइजर के तौर पर चेहरे पर लगा सकते हैं। कुछ बूंद तेल लगाने से चेहरे का रूखापन दूर होता है। साथ ही एक्ने की समसया से भी राहत मिलती है। ये स्किन को फ्री रेडिकल्स से मुक्ति दिलाता है।

**फटी एड़ियों पर लगाएं :** आप तेल की कुछ बूंदों को कॉटन की मदद से एड़ियों पर लगा सकते हैं। इससे क्रैक हील्स से मुक्ति मिल जाती है। इसके अलावा पैरों की रूखी त्वचा भी नमी युक्त महसूस होती है। दरअसल, पैरों का रूखापन एड़ियों को भी प्रभावित करता है।

**मेकअप रिमूव करें :** आप इसे मेकअप रिमूव करने के लिए भी प्रयोग कर सकते हैं। चेहरे पर कुछ बूंद ऑलिव ऑयल लगाकर अच्छी तरह से चेहरे पर मसाज करें। मेकअप की सभी लेयर्स अपने आप निकलने लगती है। इससे मेकअप खुद ब खुद रिमूव हो जाता है। उसके बाद बेट व्हाइप्स से स्किन को क्लीन कर लें।

# तनाव कम करने का यह तरीका है सबसे कारगर



आजकल माइंडफुलनेस थेरेपी की मदद से लोग खुद को खुश और शांत रख सकते हैं। इस थेरेपी से प्रेशर और स्ट्रेस कम होता है। माइंडफुलनेस थेरेपी से दिमाग और शरीर के बीच एक बेहतर कनेक्शन बनता है। आजकल माइंडफुलनेस थेरेपी काफी चलन में है। इस थेरेपी की मदद से आपको खुश रहने में मदद मिल सकती है। इस थेरेपी से प्रेशर और स्ट्रेस कम होता है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह थेरेपी क्या है और इससे हमें किस तरह का फायदा मिलता है। आज इस आर्टिकल में हम आपको इन सारे सवालों के जवाब देने जा रहे हैं। बता दें कि आज की भागदौड़ और तनाव से भरी लाइफस्टाइल में खुद को खुश रखना, अपने दिमाग को शांत रखना एक बड़ा टास्क है। इसको आप कई तरीकों से कर सकते हैं। इन्हीं में से एक माइंडफुलनेस है। बता दें कि माइंडफुलनेस एक तरह से मेडिटेशन या ध्यान की तरह है। इस मेडिटेशन का असली मतलब है कि जिस समय आप जहां हैं, उस पल को पूरी खुशी से जीना है। लाइफ में प्रेशर और स्ट्रेस ज्यादा होने पर माइंडफुलनेस थेरेपी हमारे शरीर पर असर डालता है। यह थेरेपी स्ट्रेस और तनाव को कम करने में हमारी मदद करता है।

## स्ट्रेस अवेयरनेस

माइंडफुलनेस स्ट्रेस अवेयरनेस बढ़ाने में मदद करती है। अगर आप किसी चीज को लेकर स्ट्रेस हैं और वह चीज आपको ट्रिगर कर रही है। तो आप आसानी ने शरीर में स्ट्रेस के इमोशनल और साइकोलॉजिकल संकेतों से इसकी पहचान कर सकते हैं।

## बेहतर कनेक्शन

माइंडफुलनेस थेरेपी से दिमाग और शरीर के बीच एक बेहतर कनेक्शन बनता है। जिससे आपको पता चलता है कि स्ट्रेस लेने से आपके शरीर पर उसका क्या असर पड़ रहा है। स्ट्रेस के नुकसानों को जानकर आप उन चीजों से दूरी बनाने लगते हैं, जो आपको स्ट्रेस देती हैं। माइंडफुलनेस शरीर को रिलैक्स करने के साथ ही बीपी बढ़ना और स्ट्रेस के लक्षणों जैसे हार्ट रेट का बढ़ना आदि को कम करने का काम करती है।

## इम्यून सिस्टम और नर्वस सिस्टम

हमारे इम्यून सिस्टम और नर्वस सिस्टम पर माइंडफुलनेस का अच्छा असर पड़ता है। इससे आपका इम्यून सिस्टम बूस्ट होता है और बॉडी की बीमारियों से लड़ने की क्षमता मिलती है। इससे स्ट्रेस हार्मोन का लेवल भी कम हो सकता है। साथ ही शरीर में शांति और बैलेंस बना रहता है। इसके साथ ही बॉडी में तनाव के कारण से होने वाले नुकसान भी कम होता है।

## इमोशन्स और स्किल्स

हमारे इमोशन्स और स्किल्स पर भी माइंडफुलनेस का असर पड़ता है। इससे आपको अपनी फीलिंग्स पर भी कंट्रोल करना आता है। आप तनाव पैदा करने वाली चीजों पर भी कम ध्यान देते हैं। आप लंबे समय तक माइंडफुलनेस थेरेपी लेते हैं, तो आप स्ट्रेस और चुनौतियों से ज्यादा अच्छे से लड़ पाते हैं। इस थेरेपी की मदद से आपकी स्किल्स निखरकर आती है।

# हाइपरटेंशन को कंट्रोल करने के लिए अपनायें ये टिप्स




कई लोग हाई बीपी की समस्या से परेशान रहते हैं। बता दें कि हाई ब्लड प्रेशर को हाइपरटेंशन के रूप में भी जाना जाता है। कई बार यह जेनेटिक भी हो सकता है। लेकिन आप अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव कर इसे कंट्रोल कर सकते हैं। स्ट्रोक और हृदय रोगों का एक मुख्य कारण हाई ब्लड प्रेशर होता है। जिन लोगों का बीपी हाई रहता हैं, उनमें नॉर्मल बीपी वाले लोगों से ज्यादा हृदय रोग का खतरा होता है। बता दें कि 120/80 mmHg या उससे कम बीपी को आमतौर पर सामान्य माना जाता है। लेकिन अगर किसी व्यक्ति का बीपी 140/90 mmHg या उससे ज्यादा होता है तो इसे हाई ब्लड प्रेशर माना जाता है। हाई बीपी कई वजह से हो सकता है। यह जेनेटिक भी हो सकता है। अगर आपके घर में किसी सदस्य यानी की माता-पिता या दादा-दादी का हाई ब्लड प्रेशर रहता है, तो यह आपको भी हो सकता है। इसके अलावा नींद की कमी, ज्यादा तनाव होना और अनहेल्दी लाइफस्टाइल भी हाई बीपी का कारण बन सकता है। हाई बीपी को हाइपरटेंशन के तौर पर भी जाना जाता है।

## बीपी की जांच क्यों जरूरी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के माने तो अगर आप नियमित तौर पर हाई ब्लड प्रेशर की जांच कराते रहेंगे तो आपको यह जानकारी मिलती रहेगी कि आपका बीपी हाई है, या नहीं। ऐसे में अगर जांच के दौरान आपका ब्लड प्रेशर हाई निकलता है, तो आप उसे कम करने के लिए कुछ उपाय भी अपना सकते हैं। लेकिन अगर आप इसकी जांच नहीं कराते हैं, तो आपको पता ही नहीं चल पाएगा कि ब्लड प्रेशर हाई है या नहीं। आमतौर पर देखा जाए तो हाई ब्लड प्रेशर का कोई भी लक्षण नहीं होता है। ऐसे में इसकी नियमित जांच ही ब्लड प्रेशर जानने का एक सही तरीका है। लेकिन अगर आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट का खास ख्याल रखते हैं, तो इसे कंट्रोल कर सकते हैं।

## ऐसे कंट्रोल में रखें बीपी

हाई बीपी को कंट्रोल में रखने के लिए आप अपने डेली रूटीन में एक्सरसाइज या योग आदि को जरूर शामिल करें। इसके अलावा अपनी डाइट में हेल्दी फैट, प्रोटीन, विटामिन्स और मिनरल्स आदि की मात्रा बढ़ाएं। स्ट्रेस न लें, क्योंकि इससे हृदय स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इसके साथ ही 7-8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर चीजों का सेवन जरूर करें।

# बेहद चमत्कारी होता है आक का पौधा





हिंदू धर्म में आक के पेड़ को काभी शुभ और पवित्र माना जाता है। मान्यता के अनुसार, आक के पेड़ में भगवान गणेश का वास होता है। अगर आप भी आर्थिक तंगी से परेशान हैं, तो आक के पौधे से जुड़े इन उपायों से सुख-समृद्धि आती है। आक के पौधे को बेहद पवित्र पौधा माना जाता है। बता दें कि ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, आक के पौधे को घर में लगाना बेहद शुभ होता है। इस पौधे में भगवान गणेश का वास होता है। ज्योतिष में आक के पौधे से संबंधित कुछ उपायों और टोटकों के बारे में बताया गया है। इन उपायों को करने से रोग, धन और पारिवारिक कलह से छुटकारा मिलता है। वहीं आक के फूल से भगवान भोलेनाथ की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

## भगवान शिव की पूजा

बता दें कि आक के पेड़ को आंकड़े का पौधा भी कहा जाता है। इसके फूल को भगवान शिव पर भी चढ़ाया जाता है। कहा जाता है कि आक का फूल शिवलिंग पर चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा बरसती है।

## भगवान गणेश का वास

सफेद आक की जड़ में श्वेतार्क गणपति की प्रतिकृति निर्मित होती है। मान्यता के अनुसार, आक के पौधे की जड़ में भगवान गणेश की प्रतिकृति बनने में कई वर्षों का समय लगता है।

## इस उपाय को करने से मिलेगी सफलता

मान्यता के अनुसार, जो भी व्यक्ति श्वेतार्क गणपति को अपने घर में स्थापित कर प्रतिदिन उसकी पूजा-अर्चना करता है। तो ऐसे में श्वेतार्क गणपति की प्रतिमा सिद्ध हो जाती है। जो व्यक्ति अपने घर में रोजाना इस प्रतिमा की पूजा करता है। उसे सुख और सफलता की प्राप्ति होती है।

## धन की समस्या करें दूर

अगर किसी व्यक्ति के पास धन आदि की कमी रहती है, तो उसे अपने घर के मुख्य द्वार पर आक की जड़ को एक काले कपड़े में बांधकर लटका देना चाहिए। ऐसा करने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है।

## पाएं रोग से मुक्ति

अगर आपके घर में किसी सदस्य या बच्चे आदि की तबियत ज्यादा खराब रहती है। तो गुरु पुष्य या रवि पुष्य योग के दिन 11 आक के फूलों की माला बीमार सदस्य को पहना दें।

## दूर होगा लड़ाई-झगड़ा

अगर किसी व्यक्ति के घर में आए दिन वाद-विवाद की स्थिति बनी रहती है। तो ऐसे व्यक्ति को रवि पुष्य नक्षत्र में लाल कपड़े में आक की जड़ को लपेटकर अपने घर में रखना चाहिए। ऐसा करने से लड़ाई-झगड़ा नहीं होता और सुख-समृद्धि बनी रहती है।

❖ अनन्या मिश्रा

# तेजी से वजन बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें



कई बार कम वजन होने के कारण लोग मजाक बनाने लगते हैं। अगर आपका भी वजन कम है और आप वजन बढ़ाना चाहते हैं तो इन खाद्य पदार्थ का सेवन कर आसानी से वजन बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही यह स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। स्वस्थ शरीर के लिए संतुलित वजन का होना आवश्यक है। कई लोग अधिक बढ़े हुए वजन से परेशान होते हैं। तो वहीं कुछ लोगों का कम वजन मजाक का कारण बन जाता है। दुबलेपन के कारण ऐसे लोग कुपोषण के मरीज लगने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने कम वजन को बढ़ाना चाहते हैं तो उसके लिए कुछ घरेलू उपाय अपना सकते हैं। वेट गेन करने के लिए वर्कआउट और अच्छी डाइट लेनी जरूरी होती है। **आप कुछ घरेलू तरीकों और खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन से कुछ ही महीनों में वेट गेन कर सकते हैं।** इन खाद्य सामग्री के सेवन से वजन बढ़ाने में मदद करने के साथ ही सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। वजन बढ़ाने के लिए अधिक काबोर्हाइड्रेट व कैलोरी वाली चीजों का सेवन करना चाहिए। आपको आटा, चावल, शहद, मेवे, मक्खन आदि चीजों के रोजाना सेवन से कुछ ही महीनों में फर्क साफ नजर आएगा। आइए जानते हैं कि वेट बढ़ाने के लिए किन चीजों को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।

**आलू :** आलू में काबोर्हाइड्रेट्स और कॉम्प्लेक्स शुगर की मात्रा पाई जाती है। यह वजन बढ़ाने में सहायक होती है। आप किसी भी आलू को किसी भी सब्जी के साथ बनाकर खा सकते हैं। लेकिन अगर आप स्वस्थ तरीके से वेट बढ़ाना चाहते हैं तो आलू का किसी भी तरह से सेवन कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि आलू अधिक तला न हो।

**घी :** घी का सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। घी का सेवन करने से शरीर में वसा की मात्रा बढ़ती है। घी में सैट्योरेटेड फैट और कैलारी की मात्रा अधिक पाई जाती है। आप खाने में घी मिलाकर खा सकते हैं। घी और शक्कर को मिलाकर सेवन करने से वजन तेजी से बढ़ता है। लेकिन सीमित मात्रा में ही घी का सेवन करना चाहिए।

**केला :** वजन बढ़ाने के लिए केला बेस्ट ऑप्शन है। क्योंकि केले में भरपूर मात्रा में कैलोरी पाई जाती है। इसलिए प्रतिदिन केले का सेवन किए जाने से आपका वजन जरूर बढ़ेगा। इसके साथ ही केला खाने से एनर्जी मिलती है और यह आपकी सेहत के लिए भी अच्छा होता है। केले को दूध के साथ लेने या केले का शेक बनाकर पीने से वजन बढ़ता है।

**मेवे के साथ दूध :** मेवे को दूध में मिलाकर सेवन करने से आसानी से वजन बढ़ता है। इसके अलावा आप बादाम, खजूर और अंजीर का सेवन कर भी अपना वजन बढ़ा सकते हैं। अगर आप चाहें तो करीब 30 ग्राम किशमिश खाने से भी वजन तेजी से बढ़ता है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें।

**वृष राशि :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**मिथुन राशि :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**कर्क राशि :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**सिंह राशि :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कन्या राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**तुला राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**वृश्चिक राशि :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी।

**धनु राशि :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मकर राशि :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनंद देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कुंभ राशि :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीन राशि :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## उत्तराखंड : चमोली नमामि गंगे प्रोजेक्ट में बड़ा हादसा

# करंट से 16 लोगों की मौत, 10 घायल

### मुख्यमंत्री धामी पहुंचे एम्स और जिले के प्रभारी मंत्री डा. रावत ने जिला अस्पताल जाकर जाना घायलों का हालचाल



**एजेंसी। चामोली/गोपेश्वर**

उत्तराखंड के चमोली जिले में बुधवार सुबह नमामि गंगे प्रोजेक्ट में हुए बड़े हादसे में मृतकों की संख्या 16 हो गयी है। इनमें एक दारोगा और तीन होमगार्डों के अलावा 12 ग्रामीण हैं जबकि दस लोग घायल हुए हैं। इनमें छह गंभीर घायलों को हायर सेंटर के लिए एयरलिफ्ट किया गया है। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुःख जताया है। उन्होंने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। चमोली जिले के प्रभारी और स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सायं एम्स, ऋषिकेश जाकर जनपद चमोली की दुखद घटना में घायल हुए 06 घायलों का हालचाल जाना।

घटनाक्रम के अनुसार मंगलवार को नमामि गंगे परियोजना के प्लांट में कार्यरत 27 वर्षीय गणेश लाल पुत्र महेंद्र लाल निवासी ग्राम हरमनी की मौत हो गई थी। मृतक के परिजन जब बुधवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने मौत के कारणों को जाना। इस बीच वहां स्थानीय लोगों के साथ ही गांव के लोग भी एकत्र हो गये। पुलिस और होमगार्ड के जवान जब भी वहां पहुंच गए। उन्होंने पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू की तो इसी बीच प्लांट में बिजली का करंट दौड़ गया। ऐसा वहां पर मौजूद लोगों ने बताया। बताते हैं कि करंट इतना तेज था कि लोगों के शरीर तक फट गए। ट्रांसफार्मर में आग लग गई और फिर उसमें धमाका हो गया। वहां एकत्र सभी 25 लोग इसकी चपेट में आय गये, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गयी। जबकि दस लोग घायल हो गये हैं। मृतकों में एक दारोगा और तीन होमगार्ड के जवान शामिल हैं।

### पीएम ने चमोली में हुए हादसे पर जताया दुख



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को उत्तराखंड के चमोली में हुए हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, अत्यंत पीड़ादायक! उत्तराखंड के चमोली में हुए हादसे से बहुत दुख हुआ है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना प्रकट करने के साथ ही सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। उल्लेखनीय है कि चमोली में अलकनंदा नदी के किनारे निमार्णाधीन नमामि गंगे परियोजना में करंट से 16 लोगों की मौत हो गई।

## बेंगलुरु से जल्दी आने के बारे में नीतीश ने राजगीर मलमास मेला में कहा

# पूरे तौर पर हम लोग साथ हैं

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बेंगलुरु में हुई दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन मंगलवार 18 जुलाई को जल्दी चले गये। जिस पर विभिन्न मीडिया आउटलेट में खबरें दौड़ने व दौड़ाई जाने लगीं कि नीतीश कुमार नाराज होकर चले गये। वह विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखने से असहमत थे। इसलिए वह बैठक के बाद सामूहिक प्रेस कांफ्रेंस में शामिल नहीं हुए, चले गये। ये रही कुछ सोशल मीडिया से लगायत प्रिंट व डिजिटल मीडिया तक में चली खबर का लब्बो लुआब। लेकिन इस बारे में खुद नीतीश कुमार क्या कहे हैं यह भी देख लें। नीतीश कुमार ने बिहार के राजगीर में मलमास मेला में इस बारे में जो कहा वह शब्दशः यह है- ..आज आने का मौका मिला कल तो अनेक पार्टियों की मीटिंग थी , तो वहां का मीटिंग हो कर चल दिए। तो कुछ कह रहा है कि वह जो प्रेस कॉन्फ्रेंस था उसमें थे ही नहीं। तो हम ही तो करके सब बात मानिए लिया है। (साथियों ने) कहा सब हो ही गया (आपको राजगीर जाना है) आप जाओ, तो हम वहां से उठकर हम चले आए यहां इसलिए कि मेरी इच्छा राजगीर की हो रही थी ना, हमको तो मन था कि राजगीर देर हो रही है हमारे लिए , तो इसीलिए हम आ गए और कोई बात नहीं थी। इसलिए पूरे तौर पर हम लोग साथ हैं। और देश के हित में और सब लोगों के हित में समाज के हर तबके के उत्थान के लिए और प्रेम व भाईचारे का भाव रखने और पूरे तौर पर विकास का काम चलता रहे तब देख ना रहे हैं अब हर चीज में अवार्ड मिल रहा है बिहार को। लेकिन एक केंद्र सरकार से हो रहा है ,अरे गरीब राज्य है हम लोगों को जो भी करने का मौका 17 साल से 18 साल से तो हम लोग तो यहां कर करके अब देख लीजिए कहां पहुंचा है । तो सब तरफ से कोशिश करते रहे लेकिन अब मीडिया के लोग बैठे हैं। बेचारे मीडिया पर ऐसा ना नियंत्रण कर लिया है कि हम थोड़ा बहुत हमारा छापे के बाकी कुछ नहीं चाहते हैं, और उधर से अंड बंड छपेगा वही सब छाप देगा। तरह-तरह की बात है क्या करें, अभी तो अगला साल के चुनाव तक या इसी साल चुनाव कराएं, जब करें, उस समय तक तो आपको इधर-उधर करना है। लेकिन उसके बाद मुक्ति होगा, फिर स्वतंत्रता के साथ आप सब बात लिखेगा। मलमास मेला के अवसर पर हम यही आग्रह करते हैं कि भगवान से कि यह ध्यान रखिए सब लोगों पर या कुछ लोग अपने को पुजारी कह कर इधर-उधर कर रहा है।

## पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति के समक्ष परिचय पत्र प्रस्तुत किये



**एजेंसी। नई दिल्ली**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को फिनलैंड, इथियोपिया, अंगोला, बरूंडी और चाड के राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, चाड की राजदूत दिलाह लूसिने, बरूंडी के राजदूत ब्रिगेडियर जनरल एल्याज बिजिनडेव्यी, फिनलैंड के राजदूत किमो लाहदेर्विता, अंगोला के राजदूत क्लिमेंते पेड्रो फ्रांसिस्को कामेन्हा और इथियोपिया के राजदूत देमेके अत्नाफू अम्बूलो के परिचय पत्र स्वीकार किये। राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में इन पांच देशों के राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए।

## रघुवर दास की जांच दल ने सौंपी रिपोर्ट, कहा यह राज्य प्रायोजित हिंसा का हिस्सा है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं पर वे लाठीचार्ज में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के घायल होने और एक कार्यकर्ता की मौत के संबंध में गठित जांच कमेटी ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को सौंपी। वहां लोगों से पर कार्यकर्ताओं से बात कर एक चीज बिल्कुल स्पष्ट हुई कि उस दिन की घटना राज्य प्रायोजित हिंसा का हिस्सा है। पुलिस प्रशासन ने षड्यंत्र करके भाजपा कार्यकर्ताओं को घेरा और उसके बाद बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया। पुलिसकर्मियों न महिला देखा न पुरुष, सभी पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाई। इससे बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के सिर पर गंभीर चोट आयी। साथ ही कई कार्यकर्ताओं के हाथ भी टूट गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नीतीश कुमार-तेजस्वी यादव सरकार ने बर्बरतापूर्ण पूर्व नियोजित लाठीचार्ज कर सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं को घायल कर दिया। इसमें एक कार्यकर्ता की शहादत हो गई। जांच समिति ने भाजपा कार्यकर्ता, सांसद-विधायक, छात्र और महिलाओं पर हुए षड़यंत्रपूर्ण, बर्बर और अमानवीय लाठीचार्ज की उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश से न्यायिक जांच अथवा सीबीआई से जांच कराने का आग्रह किया है। रिपोर्ट सौंपने के दौरान समिति के अध्यक्ष श्री रघुवर दास, समिति के सदस्य मनोज तिवारी, बीडी राम और सुनीता दुग्गल, बिहार के विधान पार्षद व वरिष्ठ नेता संजय मयूख उपस्थित रहे।

## जम्मू-कश्मीर : मच्छल सेक्टर में 2 घुसपैठिए ढेर

**एजेंसी। श्रीनगर**



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एलओसी के मच्छल सेक्टर में बुधवार तड़के सेना, पुलिस और बीएसएफ ने एक संयुक्त अभियान में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इंटेलिजेंस विंग से विशिष्ट और विश?वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद संयुक्त टीम ने मच्छल सेक्टर में घुसपैठ विरोधी अभियान (ऑपरेशन) चलाया। इस सफल संयुक्त काउंटर घुसपैठ ऑपरेशन कोड को ओप खाकी नाम दिया गया। ऑपरेशन के दौरान 17 जुलाई से संयुक्त टीमें घुसपैठ के संभावित मार्गों पर कई घात लगाए हुए थीं। 18/19 जुलाई की रात लगभग 11 बजे सतर्क सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पर एक संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया गया और आतंकवादियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी।

## जम्मू-कश्मीर : कठुआ में बारिश के कारण मकान ढहा, 5 लोगों की मौत



**एजेंसी। जम्मू**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में बुधवार को लगातार बारिश के कारण मकान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि कठुआ जिले के बानी इलाके में भारी बारिश के कारण दो मकान ढह गए। इन दोनों घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा, "भारी बारिश के कारण बानी के सुरजन मोरहा अरुआड ब्लॉक में मुश्ताक अहमद और अब्दुल कयूम के घर ढह गए।"इन मकानों के मलबे में बच्चों समेत पांच लोग दब गए। शवों को निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम सतीश कुमार ने कहा कि अन्य क्षेत्रों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन की खबरें हैं और बचाव दल तैनात किए गए हैं। उन्होंने मृतकों के लिए 50,000 रुपये और घायलों के लिए 25,000 रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। इस बीच, जम्मू के विभिन्न हिस्सों में हुई बारिश से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं और तवी, चिनाब, बसंतर, देवक तथा उझ सहित सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अधिकारियों ने भारी बारिश के कारण जल निकायों में बाढ़ के कारण कठुआ, डोडा, राजौरी और किश्तवाड़ जिलों में सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। वैष्णो देवी यात्रा और अमरनाथ यात्रा पर तीर्थयात्रियों का मार्ग भी निलंबित कर दिया गया।

## गुजरात हाईकोर्ट का आदेश रद्द, तीस्ता सीतलवाड़ को दी नियमित जमानत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों में कथित तौर पर सबूत गढ़ने से संबंधित एक मामले में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को बुधवार को नियमित जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, ए.एस. बोपन्ना और दीपांकर दत्ता की विशेष पीठ ने तीस्?ता को नियमित जमानत देने से इनकार वाले गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि उच्च न्यायालय का निष्कर्ष विकृत था। शीर्ष अदालत ने नियमित जमानत की अवधि बढ़ाते हुए कहा कि मामले में तीस्ता से हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं है, क्योंकि ट्रायल कोर्ट के समक्ष आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने तीस्?ता को मामले से जुड़े गवाहों को प्रभावित करने की कोई भी कोशिश न करने की चेतावनी भी दी। इसने स्पष्ट किया कि यदि वह ऐसा कोई प्रयास करती है या परिस्थितियों में कोई अन्य बदलाव होता है तो अभियोजन पक्ष सीधे शीर्ष अदालत से संपर्क कर सकता है। साथ ही, जमानत पर बाहर रहने तक तीस्ता का पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा रहेगा।




## 'जवान' के 'बेकरार करके' सॉन्ग पर शाहरुख खान ने किया डांस, खुद बने कोरियोग्राफर



**सुपरस्टार** शाहरुख खान ने एक बार फिर अपने फैंस को न केवल अपनी एक्टिंग परफॉर्मेंस से सरप्राइज किया है, बल्कि एक्शन एंटरटेनर 'जवान' के एक सीक्वेंस में खुद के स्टेप्स को कोरियोग्राफ करके अपनी डांस स्किल का भी प्रदर्शन किया है। दरअसल, फिल्म का हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है, इसमें एक सीन में शाहरुख बिना बालों के नजर आ रहे हैं। इस लुक में शाहरुख मेट्रो में 'बेकरार करके' गाने पर डांस कर रहे हैं। सूत्र ने खुलासा किया, उन्होंने इन स्टेप्स को खुद कोरियोग्राफ किया था। बॉलीवुड के 'बादशाह' के इम्प्रोवाइज्ड डांस मूव्स फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। ये स्टेप्स सोशल मीडिया पर वायरल हैं। फिल्म में नयनतारा, विजय सेतुपति प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जबकि दीपिका पादुकोण और सान्या मल्होत्रा कैमियो में नजर आएंगे। यह फि ल्म रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है, जो एटली द्वारा निर्देशित, गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित है। यह 7 सितंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी।

## 'द ट्रायल' के सेट पर जिशु सेनगुप्ता ने मिष्टी दोई और रसगुल्ला की दी दावत



**एक्टर** जिशु सेनगुप्ता ने 'द ट्रायल - प्यार, कानून, धोखा' की शूटिंग को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सेट पर मूड ऑन-स्क्रीन से बिल्कुल अलग था। जिशु ने कहा, यह काजोल के साथ काम करने का मेरा पहला मौका था और मैं काजोल का बहुत बड़ा फैन हूं। यह एक अद्भुत अनुभव था। वह सहायक को-एक्टर हैं। वह सेट पर जो ऊर्जा लेकर आती हैं, उससे सीखने के लिए बहुत कुछ था। हमने सेट पर मिष्टी दोई और रसगुल्ला की दावत की, जिसका सभी ने आनंद लिया। उन्होंने कहा, जहां तक दूसरों की बात है, उनमें से प्रत्येक ने अपने कैरेक्टर में कुछ विशेष किया, उन्हें एक्शन में देखना एक सुखद अनुभव था।

## इसरो अध्ययन | ऑस्ट्रेलियाई समुद्र तट पर बहकर आया अंतरिक्ष का मलबा

# क्या पीएसएलवी का हिस्सा है?

**एजेंसी। चेन्नई**



जब भारतीय अपने चंद्रयान-3 के चांद पर उतरने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, तो ऐसे समय में ऑस्ट्रेलिया से आई एक तस्वीर ने टेंशन पैदा कर दी। जी हां, ऑस्ट्रेलिया के समुद्री तट पर गुंबद के आकार की एक विशाल रहस्यमय वस्तु बहकर आई है, हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि यह भारतीय अंतरिक्ष संस्थान (इसरो) के पीएसएलवी प्रक्षेपण यान का हिस्सा है या नहीं, जिसके इसरो ने कुछ समय पहले ही लॉन्च किया था। ऑस्ट्रेलिया की अंतरिक्ष एजेंसी ने एक ट्वीट में कहा, हम वर्तमान में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में ज्यूरियन खाड़ी के पास एक समुद्र तट पर स्थित इस वस्तु के बारे में जांच कर रहे हैं। एजेंसी ने कहा, "वस्तु किसी विदेशी अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान से संबंधित हो सकती है और हम वैश्विक अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ संपर्क कर रहे हैं जो अधिक जानकारी प्रदान करने में सक्षम हो सकते हैं। एजेंसी ट्वीट में कहा, अगर समुदाय को कोई और संदिग्ध मलबा दिखता है, तो उन्हें स्थानीय अधिकारियों को इसकी सूचना देनी चाहिए और एसपीएसई.एमओएनआईटीओआर आईएनजी@एसपीएसई.जीओवी.एयू के माध्यम से ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी को सूचित करना चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, हम मलबा शमन सहित बाहरी अंतरिक्ष गतिविधियों की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर उजागर करना जारी रखेंगे। इस बीच अटकलें लगाई जा रही है कि ऑस्ट्रेलिया में मिला मलबा इसरो के पीएसएलवी प्रक्षेपण यान का हिस्सा हो सकता है। इसरो के सूत्र न तो इसकी पुष्टि की और न ही इससे इनकार किया कि ज्यूरियन खाड़ी के पास पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के समुद्र तट पर बहकर आई विशाल वस्तु उसके पीएसएलवी रॉकेट का हिस्सा है या नहीं। सूत्रों ने कहा, ह्लइसे प्रत्यक्ष रूप से देखे बिना और इसकी जांच किए बिना कुछ भी नहीं कहा जा सकता (चाहे यह पीएसएलवी का मलबा है)। उन्होंने कहा, "हम इसे व्यक्तिगत रूप से देखे बिना और इसकी जांच किए बिना इसके बारे में किसी भी बात की पुष्टि या खंडन नहीं कर सकते हैं।" उन्होंने कहा कि यह तभी पता लगाया जा सकता है, जब ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी उस वस्तु का वीडियो भेजेगी। सूत्रों ने कहा, ङ्घहमें यह देखना होगा कि क्या इस पर कोई निशान हैं। यदि आवश्यक हुआ, तो इसरो अधिकारी यह पुष्टि करने के लिए वहां जा सकते हैं कि यह भारतीय रॉकेट का है या नहीं।

## 'प्रोजेक्ट के' ग्रैंड इवेंट में शामिल नहीं होंगी दीपिका पादुकोण



**एक्ट्रेस** दीपिका पादुकोण 20 जुलाई को सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में अपकमिंग साइंस-फिक्शन फिल्म 'प्रोजेक्ट के' के लिए आयोजित ग्रैंड इवेंट में शामिल नहीं होंगी। हाल ही में फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया गया था। एक्ट्रेस के इस इवेंट में शामिल न होने के पीछे का कारण एसएजी-एएफटीआरए (स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड- अमेरिकन फेडरेशन ऑफ टेलीविजन एंड रेडियो आर्टिस्ट्स) द्वारा चल रही हॉलीवुड हड़ताल है।

एक्ट्रेस अमेरिका में फिल्म, टीवी और रेडियो कलाकारों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बढ़ती निर्भरता और बड़े हॉलीवुड स्टूडियो द्वारा अवशिष्ट आय में कमी के मद्देनजर हड़ताल पर हैं। इससे पहले, फिल्म के अन्य कलाकार जैसे प्रभास और कमल हासन, राणा दग्गुबाती के साथ एसडीसीसी में फिल्म के ग्रैंड लॉन्च इवेंट में भाग लेने के लिए सैन डिएगो पहुंचे। एसडीसीसी सेलिब्रेशन 20 जुलाई को एक रोमांचक पैनल के साथ शुरू होगा, जिसमें स्पेशल गेस्ट कमल हासन, प्रभास और नाग अश्विन शामिल होंगे। इस पैनल के दौरान, 'प्रोजेक्ट के' के निमार्ता फिल्म के टाइटल, ट्रेलर और रिलीज की तारीख का अनावरण करेंगे।

## बीएयू कुलपति ने खेतों में खरीफ फसलों के अनुसंधान कार्यों का किया निरीक्षण

# धान की रोपाई जल्द पूरी करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश में वषार्पात की अनियमितता को देखते हुए बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह एवं वैज्ञानिकों के दल के साथ बुधवार को वेस्टर्न सेक्शन रिसर्च फार्म में फसलों की स्थिति का निरीक्षण किया। मौके पर कुलपति ने फार्म के करीब 25 एकड़ ऊपरी भूमि (टांड़) के शोध प्रक्षेत्रों में लगे रागी, मकई, अरहर, उरद, सोयाबीन, मूंग एवं मूंगफली फसलों की वानस्पतिक वृद्धि, खेतों में नमी और खरपतवार का जायजा लिया। वैज्ञानिकों से शोध के विषयों की जानकारी ली और शोध सबंधी आवश्यक निर्देश दिया। कुलपति ने फार्म में वैज्ञानिकों द्वारा टांड़ भूमि पर समय से बोवाई एवं फसल प्रदर्शन की सराहना की। कुलपति ने वेस्टर्न सेक्शन रिसर्च फार्म में सीधी बोवाई विधि से लगे धान के तीन शोध प्रक्षेत्रों में लगे देशभर के 150 से अधिक धान प्रजाति के फसल प्रदर्शन का भी अवलोकन किया और परियोजना अन्वेंषक (धान) डॉ कृष्णा प्रसाद से धान शोध से जुड़े विषयों की जानकारी ली। कुलपति ने शोध प्रक्षेत्रों में धान की अविलंब रोपाई कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने वैज्ञानिकों के शोध प्रयासों की सराहना की और रागी, मकई, अरहर, उरद, सोयाबीन, मूंग एवं मूंगफली फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन तथा खेतों में खर-पतवार की ससमय निकासी पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। वैज्ञानिक दल में डॉ कृष्णा प्रसाद, डॉ सीएस महतो, डॉ विनय कुमार, एचएन दास आदि शामिल थे।

## आरयू के शिक्षकेतर कर्मियों ने मुंह पर पट्टी बांध निकाला मौन जुलूस

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मियों ने वेतन निर्धारण की मांग को लेकर अपनी कलम बंद हड़ताल जारी रखते हुए बुधवार को मौन जुलूस निकाला। सभी कर्मियों ने दिन के लगभग एक बजे मुंह पर काली पट्टी बांधकर शहीद चौक स्थिति रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय से अल्बर्ट एक्का चौक तक मौन जुलूस निकाला। जुलूस का नेतृत्व रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के महामंत्री अर्जुन राम कर रहे थे। कलम बंद हड़ताल के दौरान दिन के 12 बजे से 2 बजे तक कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय में सभी कामकाज ठप रखा। अर्जुन राम ने कहा कि जब तक सभी शिक्षकेतर कर्मियों के वेतन निर्धारण का अनुमोदन उच्च एवं तकनीकी शिक्षा से होकर विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक उनकी कलम बंद हड़ताल जारी रहेगी।

# गठबंधन है या पप्पू की शादी, हर फेरे के बाद एक फूफा नाराज : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया को लेकर तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट करके कहा कि विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक के बाद अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप नाराज हो गई। इसके बाद बेंगलुरु में हुई बैठक में बिहार के सीएम नीतीश कुमार नाराज हो गये। ये गठबंधन है या पप्पू की शादी। हर फेरे के बाद एक फूफा नाराज हो जाता है। पटना में 23 जून को हुई विपक्षी दलों की बैठक में अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के मामले में लाये अध्यादेश का मामला उठाया था। वे चाहते थे कि इसपर कांग्रेस अपनी स्थिति स्पष्ट करे लेकिन कांग्रेस की ओर से इसपर कुछ कहा जाता, उससे पहले जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बीच में हस्तक्षेप कर दिया। उन्होंने कह दिया कि आज हमलोग यहां बड़े मुद्दे को लेकर जमा हुए हैं। किसी राज्य से जुड़े मसले विशेष पर बात नहीं होनी है। बैठक में मौजूद रहे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप के अन्य नेताओं को यह अच्छा नहीं लगा। मरांडी ने कहा कि 18 जुलाई को बेंगलुरू में हुई विपक्षी दलों के दूसरे दिन की बैठक में महागठबंधन का इंडिया रखने को लेकर नीतीश कुमार नाराज हो गये। बताया जाता कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह नाम सुझाया था। राहुल गांधी ने इसपर समर्थन किया जबकि नीतीश ने इस नाम पर एतराज जताया। नीतीश कुमार, लालू यादव और तेजस्वी यादव बैठक के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहीं हुए।

## शिक्षा विभाग करायेगा सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** शिक्षा विभाग सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करायेगा। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के खेल आयोजन के बाद इसका प्रतियोगिता के बाद आयोजित की जायेगी। इसको लेकर विभागीय सचिव ने प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि की घोषणा कर दी है। एसजीएफआई खेलों के बाद ये दूसरा आयोजन है जो, खेल निदेशालय की बजाय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग आयोजित करेगा। सुब्रतो कप प्रतियोगिता के तहत जूनियर बालक व बालिका (अंडर-14 बालक व अंडर-17 बालिका) के अलावा सब-जूनियर(अंडर-14) का आयोजन 19 सितंबर से 23 अक्टूबर तक बेंगलुरु में आयोजन होना है। इसके लिए राज्यस्तरीय टीम के निबंधन की अंतिम 10 अगस्त रखी गयी है।

## नामकुम से चार दिनों बाद युवक का सड़ा गला शव बरामद

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र स्थित जामचुआं के राबंगदा पहाड़ के नीचे बुधवार को एक युवक का सड़ा गला शव बरामद हुआ है। शव की पहचान जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के कोयनर डीबडीह निवासी राजू कच्छप के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच में जुट गयी है। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर उसके शव को फेंक दिया गया है। बताया जाता है कि राजू कच्छप जामचुआं स्थित अपने जीजा के घर 14 जुलाई को आया था। इसके बाद वह अपने घर नहीं लौटा। चार दिनों से वो लापता था। उसका कोई पता भी नहीं चल पा रहा था।

## वित्त विभाग ने 21 जुलाई तक प्रथम अनुपूरक बजट के लिए मांगा प्रस्ताव




**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है और 31 जुलाई को प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। वित्त सचिव अजय कुमार सिंह झारखंड ने प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी 2023-24 के लिए विभिन्न विभागों से प्रस्ताव मांगा है। ऐसे में वित्त विभाग ने भारत सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित स्कीम, केंद्रीय स्कीम की हिस्सेदारी में परिवर्तन के फलस्वरूप यदि बजट में संशोधन की आवश्यकता है तो उस पर प्रस्ताव देने को कहा है। इसके अलावा विगत वर्ष, चालू वित्तीय वर्ष में केंद्र प्रायोजित योजना या केंद्रीय सेक्टर स्कीम में भारत सरकार से राशि प्राप्त हो गयी है और उसका उपबंध नहीं किया गया है या जो राशि से वह पर्याप्त नहीं है तो उसके संबंध में प्रस्ताव मांगा गया है। सभी प्रस्तावों पर विभागीय मंत्री व योजना सह विकास विभाग की सहमति के बाद ही ऑनलाइन या ऑफलाइन वित्त विभाग को भेजा जायेगा। वित्त विभाग ने इसके अलावा सिर्फ आकस्मिक स्थिति वाले प्रस्ताव देने को कहा है। सारे प्रस्ताव 20 और 21 जुलाई तक देने को कहा गया है।

## खुले में मांस की बिक्री पर रोक का आदेश खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को स्लॉटर हाउस का संचालन शुरू कराने, खुले में मांस बेचने और काटने के खिलाफ नगर निगम के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुना दिया है। हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम के आदेश को खारिज करते हुए कहा है कि निगम द्वारा जारी आदेश में सरकार का अनुमोदन प्राप्त नहीं है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि इसके लिए सरकार जल्द रेगुलेशन बनाए। बिना नियम अनुसार राजधानी में चल रहे अवैध बूचड़खानों पर लगाम लगाने को लेकर पूर्ववर्ती सरकार ने कांके में एक स्लॉटर हाउस का निर्माण कराया था। साथ ही शहर में मौजूद सभी दुकानदारों को यह निर्देशित किया था कि सभी दुकानदार नियम का पालन करते हुए खुले में मांस नहीं बेचेंगे और अवैध बुचड़खाने संचालित नहीं किए जाएंगे। नियम पालन नहीं होता देख अदालत में याचिका दाखिल की गई थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।

## शहर में नक्शा फॉलो किए बिना हो रहे निर्माण : हाई कोर्ट



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में बुधवार को डॉ. चंद्रभूषण वर्मा की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी कर कहा कि शहर में नक्शा फॉलो किए बिना ही कई निर्माण कार्य हो रहे हैं। दूसरों की भूमि पर कब्जा किया जा रहा है, जिसे अदालत बर्दाश्त नहीं करेगा। अदालत ने इस मामले में सीबीआई और बिल्डर को पार्टी बनाते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने बहस की। उन्होंने अदालत को बताया कि डॉ. चंद्रभूषण वर्मा ने बरियातु इलाके में वर्ष 2007 में जमीन खरीदी थी। क्रिएटिव डेवलपर ने बिना किसी करार के डॉ. चंद्रभूषण वर्मा की भूमि पर भी बिल्डिंग खड़ी कर दी। इस केस में अगली सुनवाई के लिए 22 अगस्त की डेट कोर्ट ने तय की है।

## जिला स्थापना/सामान्य शाखा/ शस्त्र शाखा का डीसी ने किया निरीक्षण

# कार्यों को ससमय पूरा करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित जिला स्थापना/ सामान्य शाखा/शस्त्र शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी, राँची, श्रीमती स्वेता वेद एवं संबंधित अधिकारी/कर्मी मौजूद थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिला सामान्य शाखा में कार्यरत्त कर्मी से कार्य संबंधी एवं उनके उत्तरदायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए उनके द्वारा किये गए कार्य, कार्य बंटवारा, आवंटित मुख्य कार्य और उसमें लगने वाला समय के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें तय समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त, रांची ने जिला स्थापना/ सामान्य शाखा/ शस्त्र शाखा में कार्यरत्त कर्मी एवं नवनियुक्त कर्मियों को आधार भूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में (3 माह) शामिल हो कर पूरे सरकारी कार्यालयों के कार्य को बेहतर से समझने एवं जो कर्मी जहां कार्य कर रहें हैं, वहां के कार्य करने की सामान्य जानकारी मिलें इसके लिए उपायुक्त, रांची ने सभी कर्मी/ नवनियुक्त कर्मियों को ट्रेनिंग लेने के लिए कहा ताकि इससे लाभ लेते हुए। वे सभी कर्मी अपने निर्धारित कार्यालय कार्य को बेहतर तरीके एवं सुचारू रूप से कर पाएंगे। उपायुक्त, रांची ने नवनियुक्त कर्मियों को बेहतर कार्य एवं बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाहन बेहतर तरीके से करने को कहा। उपायुक्त, रांची ने जिला सामान्य शाखा के आगत एवं निर्गत पंजी एवं अन्य सभी पंजियों का अवलोकन करते हुए संचिका संधारण को देखा कर इसमें सबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त, रांची चौकीदार संवर्ग के स्थापना संबंधी जानकारी ली, जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया की 1 जनवरी 1990 से चौकीदारों को सरकारीकरण किया गया हैं। चौकीदारों की नियुक्ति अनुकम्पा के आधार पर की जाती हैं। वर्ष-2020-21 में कुल-253 चौकीदारों को एमएसीपी का लाभ दिया गया हैं। चौकीदारों का पेंशन नियमानुसार सेवानिर्वित/मृत चौकीदारों का आश्रितों का पारिवारिक पेंशन मृत्यु-सह-सेवानिवृत्त उपादान दी जाती हैं। जिसपर उपायुक्त द्वारा संतोष व्यक्त किया गया एवं उनके द्वारा पारिवारिक पेंशन मृत्यु-सह-सेवानिवृत्त उपादान के तहत लाभ मिले यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त, ने पुरानी संचिका जो काफी लंबे वर्षों से कार्यालय में पड़ी हैं एवं ये संचिका कब से डिस्पोज नही हुई इसकी भी जानकारी संबंधित अधिकारी से लेते हुए उपायुक्त द्वारा पुरानी संचिका को फाइल मैनुअल के अनुसार डिस्पोज करने का निर्देश दिया गया।

## एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे दिखेगी झारखंड की अद्भुत छटा

# ढाई करोड़ की लागत से होगी साज-सज्जा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के रातू रोड में निमार्णाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर झारखंड की कला और संस्कृति के साथ ही पर्यावरण की छटा भी देखने को मिलेगी। इसके लिए एनएचएआई और केसीसी बिल्डकॉन के द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। इसे लेकर रांची के सांसद श्री संजय सेठ के निर्देश पर काम भी शुरू हो गया है। यह प्रयास किया जा रहा है कि रांची का यह एलिवेटेड कॉरिडोर देश के चुनिंदे कॉरिडोर में शामिल हो सके। ऐसी तैयारी की जा रही है ताकि एलिवेटेड कॉरिडोर से गुजरने वालों को झारखंड में होने का एहसास होगा। झारखंड की कला संस्कृति को देखने का अवसर मिलेगा। यहां के महापुरुषों की जीवन गाथा भी दिखेगी। इस कार्य के लिए नागपुर की एक एजेंसी से संपर्क किया गया है। वह एजेंसी इस एलिवेटेड कॉरिडोर के सभी पीलर को बेहतर तरीके से सजाने की तैयारी कर रही है। इस साज-सज्जा में लगभग 2.5 करोड़ रुपए का खर्च आने की संभावना है। एजेंसी जो तैयारी कर रही है, उसके अनुसार इस एलिवेटेड कॉरिडोर को 5 जोन में बांटा गया है। उसी 5 जोन के अनुसार इसे सजाया जाएगा। जिसमें ट्राइबल जोन, पर्सनैलिटी जोन, स्पोर्ट्स जोन, सोशल एवरनेस जोन और ग्रीन जोन शामिल हैं।

## कर्मचारियों को बुनियादी प्रशिक्षण देने का निर्देश

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिला स्थापना, सामान्य और शस्त्र शाखा का बुधवार को निरीक्षण किया। इस बीच उन्होंने यहां कार्यरत कर्मचारियों को तीन माह का बुनियादी प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। उन्होंने सामान्य शाखा के कर्मचारियों से कार्य व उनके उत्तरदायित्व के बारे में जानकारी ली। हालांकि इस बीच उपायुक्त ने कर्मियों को तय समय में कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने चौकीदार संवर्ग के स्थापना संबंधी जानकारी ली। उपायुक्त को बताया गया कि एक जनवरी 1990 से चौकीदारों को सरकारीकरण किया गया है। चौकीदारों की नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर की जाती हैं। वर्ष 2020-21 में 253 चौकीदारों को एमएसीपी का लाभ दिया गया है।

## कोर्स पीजीसीएम जियो-स्पेशियल टेक्नोलॉजी के लिए नामांकन शुरू

# तीन अगस्त तक ऑनलाइन भरा जायेगा फॉर्म



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स के इस दौर में युवाओं की भागीदारी और इसी तरह इससे जुड़े किसी भी प्रोफेशनल कोर्स में दिलचस्पी भी बढ़ रही है। ऐसे क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची, पीजीसीएम जियो-स्पेशियल टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन इन रूरल डेवलपमेंट के 2023-24 बैच लिए इच्छुक छात्रों और प्रोफेशनल्स से नामांकन आमंत्रित कर रहा है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित इस कोर्स के लिए 3 अगस्त 2023 तक ऑनलाइनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स में 30-30 सीटों के दो बैच होंगे, पहला बैच सुबह 11.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक चलेगा जो पास आउट छात्रों के लिए उपयुक्त है, जबकि दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे का दूसरा बैच अध्यनरत छात्रों और प्रोफेशनल्स के लिए अधिक उपयुक्त है। इस कोर्स में नामांकन की न्यूनतम योग्यता स्नातक में 45% मार्क्स है। इस कोर्स के लिए छात्रों को 67,000 रुपये का भुगतान करना होगा, जबकि प्रोफेशनल्स के लिए यह शुल्क 80,000 रुपये होगा। इस कोर्स में छात्रों को अध्ययन सामग्री के साथ कक्षा में एक अलग कंप्यूटर उपलब्ध कराया जाता है। इस कोर्स में आर्कजीआईएस, एरडास, ईएनवीआई, आई-जीआईएस, क्यू-जीआईएस आदि सॉफ्टवेयर के साथ-साथ जीपीएस, डीजीपीएस और ईटीएस हार्डवेयर की ट्रेनिंग भी दी जाती है। एक्सआईएसएस में सहायक प्रोफेसर डॉ प्रकाश चंद्र दाश ने इस कोर्स के विषय में कहाः ह्पीजीसीएम जियो-स्पेशियल टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन इन रूरल डेवलपमेंट कोर्स की डिमांड कई सरकारी और निजी एजेंसियों में हैं, जो छात्रों और प्रोफेशनल्स को बेहद आकर्षित कर रही है। इससे पूर्व संस्थान में 6 महीने की अवधि का एक समान कार्यक्रम भी चलाया गया था जो औसतन 85-95% प्लेसमेंट के साथ काफी सफल रहा था। वर्तमान के इस एक वर्षीय कार्यक्रम की उपयोगिता अधिक व्यापक एवं बेहतर होगी। प्लेसमेंट के क्षेत्र की बात करें तो कोर्स पूरा करने के बाद स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, ग्रामीण विकास, वन विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खनन, शहरी विकास, पेयजल विभाग, सर्वे ऑफ इंडिया प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ कई निजी क्षेत्र और अन्य गैर-सरकारी संगठन में भी नौकरी प्राप्त कर सकते है। इस कोर्स के पाठ्यक्रम के तहत, छात्रों को जीआईएस और रिमोट सेंसिंग और प्रबंधन की अवधारणा और व्यावहारिक उपयोग दोनों के बारे में सिखाया जाएगा, जिसे वे ग्रामीण विकास, मौसम पूवार्नुमान, भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली, वाटरशेड प्रबंधन परियोजनाओं, शहरी नियोजन आदि के क्षेत्रों में लागू कर सकते हैं। डॉ दाश ने बताया।

## रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन सदर अस्पताल के कई स्थानों पर पौधरोपण करेगा



**रांची।** पर्यावरण संरक्षण वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा रांची सदर अस्पताल में शीघ्र ही कई दर्जनों फलदार, छायादार, फूलों एवं अन्य कई प्रकार के पौधा का वृक्षारोपण किया जाएगा। इस संबंध में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मेन रोड स्थित रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अनिल कुमार खेतान से मुलाकात कर सदर अस्पताल मे वृक्षारोपण करवाने का आग्रह किया। अनिल कुमार खेतान ने रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के शिष्टमंडल को पूर्ण सहयोग देने का आश्वस्त किया। श्री खेतान ने मारवाड़ी सम्मेलन के शिष्टमंडल के साथ सदर अस्पताल के कई क्षेत्रों का भ्रमण कर वृक्षारोपण के लिए विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया और फलदार पौधा लगाने का निर्णय लिया गया।

## पवित्रम सेवा परिवार ने बच्चों को दिव्य औषधि स्वर्ण प्राशन पिलाई

**रांची।** पवित्रम सेवा परिवार के तत्वावधान में धनबाद के पवित्रम सेवा धाम कोयला नगर में हर माह की भांति पुष्य नक्षत्र के पावन संयोग पर सैकड़ों बच्चों को हजारों वर्ष पुरानी परम्परा अनुसार महान ऋषियों द्वारा वर्णित विधि से गुजरात में बनी दिव्य औषधि स्वर्णप्राशन मन्त्रों के साथ पिलाई गई। जिसमें सभी क्षेत्रों के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही आज सावन के पवित्र माह में विभिन्न दुर्लभ औषधियों के बीजों को आगन्तुक गणमान्य अतिथियों के हाथों से पवित्रम सेवा धाम में लगाया गया। इस कार्यक्रम में पवित्रम सेवा परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय भरतिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे साथ ही आरोग्य भारती से जयप्रकाश कुमार, विश्व हिंदू परिषद से सुनील कुमार, अशोक दुबे,रामकृष्ण मिशन से बिकेश कुमार, आयुष फाउंडेशन से अर्पिता अग्रवाल, पवित्रम मातृशक्ति से विभा अग्रवाल, शीला सिह, बजरंग दल के सुनील कुमार सोनी एवं अनेको गणमान्य लोगों ने औषधीय बीज लगाए एवं पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में पवित्रम के धनबाद इकाई के संरक्षक मंडल के सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी हरिराम गुप्ता के हाथों सभी को औषधीय पौधे बांटे गए। कार्यक्रम का संचालन पवित्रम सेवा परिवार के संचालक अजय भरतिया ने हनुमान चालीसा पाठ एवं स्वर्णप्राशन की महत्ता बताकर किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**खेलों को नया आयाम देने...**

प्रतियोगिताओं का भी झारखंड में आयोजन होगा।

**प्रवासी मजदूरों के लिए भी कई योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य से रोजगार के लिए बड़ी संख्या में मजदूरों का पलायन होता है। इन मजदूरों के कल्याण एवं हितों के संवर्धन के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में विभिन्न राज्यों के साथ समझौता करने की कार्य योजना बनाई है । इसी कड़ी में महाराष्ट्र के साथ समझौता हो चुका है। यहां अब झारखंड के मजदूरों के लिए सेन्टर होगा। यहां अधिकारी भी प्रतिनियुक्त किए जाएंगे, जो मजदूरों की समस्याओं को सुनेंगे और उसका समाधान करेंगे। इस मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री बेबी देवी, विधायक सरफराज अहमद, विधायक विनोद कुमार सिंह, योगेंद्र महतो (राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त) और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे के साथ जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**झारखंड सरकार ने पहली बार...**

दिखाई है और वे इस मामले में हमेशा से संवेदनशील रहें हैं। विभागों द्वारा नियुक्ति नियमावली में आ रही अड़चनों को दूर कर नियुक्ति प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त किया गया है। यही वजह है कि अबतक 8328 लोगों की नियुक्ति की गई है, इसमें जेपीएससी द्वारा रिकॉर्ड समय में 250 पदों पर नियुक्ति भी शामिल है।

**इनके लिए निकाली गई अधिसूचना :** राज्य सरकार के निदेश पर झारखण्ड प्रयोगशाला सहायक, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक परीक्षा, झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त परीक्षा, झारखण्ड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त परीक्षा, झारखण्ड दिप्लोमा स्तर संयुक्त परीक्षा, उत्पाद सिपाही परीक्षा, झारखण्ड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा (आईटीआई प्रशिक्षक), झारखण्ड मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए अधिसूचना निकाली गई है।

**भंडरा के लापता दो युवकों के शव...**

आए तो दोबारा फोन किया, लेकिन मोबाइल बंद बताया। उसके बाद अपने रिश्तेदारों के यहां फोन कर उसकी पूछताछ करनी शुरू कर दी पर कहीं पता नहीं चला। इसके बाद भंडरा थाना पुलिस के माध्यम से सोमवार को घटना की जानकारी परिजनों को मिली। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास में चर्चा और शोक का माहौल बन गया है। उधर भंडरा और बिशुनपुर पुलिस के माध्यम से शव को कब्जे में लेते हुए गुमला सदर अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। इधर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस तहकीकात में जुटी हुई है। घटना कैसे हुई, घटना को किसने अंजाम दिया, इसकी पुष्टि की जाएगी। बताया कि परमेश्वर ठाकुर के खिलाफ भंडरा थाने में तीन आपराधिक मामले अपहरण एवं आर्म्स एक्ट में दर्ज हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### कोरिया ओपन 2023 के दूसरे दौर में पहुंचे प्रियांशु राजावत



**योसू (कोरिया)।** भारत के प्रियांशु राजावत कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं जिन्होंने स्थानीय खिलाड़ी चोइ जि हून को पुरूष एकल वर्ग में सीधे गेम में हराया। दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी ओरलियंस मास्टर्स विजेता राजावत ने चोइ को 42 मिनट में 21 . 15, 21 . 19 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका से होगा। वहीं किरण जॉर्ज पहले दौर की बाधा पार नहीं कर सके और चीनी ताइपै के वांग जू वेइ से 17 . 21, 9 . 21 से हार गए।

### बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने शुभमन के साथ किया करार



**पुणे।** प्रमुख निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ ने जाने-माने क्रिकेटर, शुभमन गिल के साथ करार किया है। साझेदारी पर गिल ने कहा, "मुझे बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के साथ जुड़कर खुशी हो रही है; ऐसा लगता है कि यह एक मैच जीतने के लिए सही समय पर की गई साझेदारी है। यहां, यह जीवन के बड़े मैच में जीत के बारे में है। मेरे लिए, फोकस और निरंतरता सबसे महत्वपूर्ण है, और बजाज आलियांज लाइफ ग्राहकों और अभिनव समाधानों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ इसका प्रतीक है। मैं बजाज आलियांज लाइफ के साथ इस सहयोग के लिए उत्सुक हूं क्योंकि हम भारत के भरोसेमंद लाइफ गोल पार्टनर बनने के लिए मिलकर प्रयास कर रहे हैं।"

### संयुक्त राष्ट्र महिला, फीफा महिला विश्व कप आयोजित करेगा

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महिला और फीफा 20 जुलाई से 20 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में फीफा महिला विश्व कप 2023 के दौरान टीमों और खिलाड़ियों के कौशल और उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं, ताकि फुटबॉल में लैंगिक समानता को आगे बढ़ाया जा सके और मैदान पर तथा बाहर महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार और भेदभाव को रोका जा सके। 2023 टूर्नामेंट को दो अरब से अधिक लोगों द्वारा देखे जाने की उम्मीद है - इतिहास में किसी एक महिला खेल के लिए सबसे बड़ा दर्शक वर्ग, जो खेल में महिलाओं की उपलब्धि का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करता है।

# अपना 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे विराट कोहली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान अपना 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। सर्वाधिक रन बनाने की सूची में छठे और अंतरराष्ट्रीय शतकों में केवल सचिन तेंदुलकर से पीछे, कोहली 500 मैचों की उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय होंगे। जियोसिनेमा विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा ने कोहली की उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की और उन्हें खेल का ब्रांड एंबेसडर करार दिया। विराट कोहली का खेल के प्रति समर्पण बहुत स्पष्ट है और जो वास्तव में उन्हें परिभाषित करता है। जिस तरह से उन्होंने अपना जीवन एक संन्यासी की तरह जीया है जहां बात सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित रही है यही कारण है कि वह आज इस मुकाम पर हैं और इस खूबसूरत खेल के ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट और सामान्य तौर पर क्रिकेट के लिए जो किया है, उसके लिए हम सभी आभारी हैं।" प्रज्ञान ओझा ने भी उनकी प्रशंसा की और इसे 'एक और उपलब्धि' वाला क्षण बताया, ‍यह एक बहुत ही विशेष उपलब्धि है। बहुत कम लोग ही यह उपलब्धि हासिल कर पाते हैं। मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए प्रेरणा का काम करेगा और वह देश के लिए अच्छी पारियां खेलते रहेंगे और अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखेंगे।" वसीम जाफर ने कोहली की लंबी उम्र की सराहना की और कहा, ‍हर किसी को 500 मैच खेलने का मौका नहीं मिलता है और उनकी लंबी उम्र प्रशंसनीय है - जिस तरह से उन्होंने खुद को फिट और लगातार बनाए रखा है और अच्छा खेलना जारी रखा है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 75 शतक बनाए हैं। यह उनके अनुशासन, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने 500 मैच खेले हैं और उनमें अभी भी काफी क्रिकेट बाकी है। वह दुनिया भर के सभी क्रिकेटरों के लिए एक आदर्श हैं।



# आस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला एशेज के आखिरी मैच में जीता इंग्लैंड

**एजेंसी। टांटन**



नेट स्किवेर ब्रंट के शतक से इंग्लैंड ने महिला एशेज श्रृंखला के तीसरे और आखिरी वनडे में आस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 69 रन से हराया। दूसरे मैच में नाबाद 111 रन बनाने वाली ब्रंट ने 149 गेंद में 129 रन बनाये। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर नौ विकेट पर 285 रन बनाये। आस्ट्रेलिया के लिये एशले गार्डनर ने दस ओवर में 39 रन देकर तीन और जेस जोनासेन ने पांच ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट चटकाये। बारिश के कारण आस्ट्रेलिया का लक्ष्य 44 ओवर में 269 रन कर दिया गया। गार्डनर ने 24 गेंद में 41 रन बनाकर उम्मीद जगाई लेकिन उनकी टीम 35 . 3 ओवर में 199 रन पर आउट हो गई। एलिसे पेरी ने सर्वाधिक 53 रन बनाये।

### महिला वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सीरीज हारने से बचा भारत

# बांग्लादेश को 108 रनों से हराया

**एजेंसी। मीरपुर**

भारत ने बुधवार को यहां शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में दूसरे महिला वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 108 रन से हराकर खुद को सीरीज हारने से बचा लिया है। अब तीन मैच की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ चुकी है। भारत ने जेमिमा रोड्रिग्स (86) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (52) के अर्धशतक से आठ विकेट पर 228 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 35.1 ओवर में सिर्फ 120 रन पर ढेर हो गई।

भारत के लिए स्मृति मंधाना (36) और हरलीन देओल (25) ने भी उपयोगी पारियां खेली। बांग्लादेश के लिए फरगाना हक (47) और रितु मंडल (27) ही भारतीय गेंदबाजों के सामने टिककर खेल पाए। जेमिमा ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए तीन रन देकर चार विकेट चटकाए।



तीसरा और अंतिम वनडे शनिवार को यहीं खेला जाएगा। जीतने वाली टीम सीरीज अपने नाम कर लेगी। पहला वनडे मैच बांग्लादेश ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 40 रनों से अपने नाम किया था।

### एशिया कप का फुल शेड्यूल आया सामने

# 2 सितंबर को होगा भारत-पाक मैच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

श्रीलंका-पाकिस्तान में होने जा रहे एशिया कप 2023 का फुल शेड्यूल सामने आ चुका है। पहला मैच 30 अगस्त को पाकिस्तान बनाम नेपाल के बीच होगा। और 17 सितंबर को फाइनल मुकाबला श्रीलंका में खेला जाएगा। इस साल वनडे फॉर्मेट में हाइब्रिड मॉडल के आधार खेला जाएगा। टूनार्मे के 4 मैच पाकिस्तान में जबकि बाकी के मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 2 सितंबर को कैंडी में खेला जाएगा। हालांकि अभी आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। एशिया कप 6 देशों की टीमों के बीच वनडे फॉर्मेट में खेला जाएगा। भारत अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा। कुल 13 मैच खेले जाएंगे। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान और नेपाल को ग्रुप ए में रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें शामिल हैं। ग्रुप स्टेज में टॉप पर रहने वाली दो-दो टीमें सुपर-4 में जगह बनाएंगी, जबकि सुपर-4 में सभी टीमों के पास फाइनल में जगह बनाने के लिए तीन-तीन मैच होंगे।



**एशिया कप 2023 का पूरा शेड्यूल**

30 अगस्त - पाक बनाम नेपाल - मुल्तान
31 अगस्त - बांग्लादेश बनाम श्रीलंका - कैंडी
2 सितंबर - भारत बनाम पाक - कैंडी
3 सितंबर - बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान - लाहौर
4 सितम्बर - भारत बनाम नेपाल - कैंडी
5 सितंबर - श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान - लाहौर

**सुपर-4 (प्रत्येक टीम खेलेगी तीन मैच)**

6 सितंबर - ए1 बनाम बी2 - लाहौर
9 सितंबर - बी1 बनाम बी2 - कैंडी
10 सितंबर - ए1 बनाम ए2 - कैंडी (भारत ५२ पाकिस्तान, सुपर-4 में दोनों टीमों के पहुंचने की सूरत पर)
12 सितंबर - ए2 बनाम बी1 - दांबुला
14 सितंबर - ए1 बनाम बी1 - दांबुला
15 सितंबर - ए2 बनाम बी2 - दांबुला
17 सितंबर - फाइनल - कोलंबो

# शकील ने पाक को बचाया, दोहरा शतक लगाकर रचा इतिहास



**एजेंसी। गॉल**

सऊद शकील श्रीलंका में दोहरा शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के पहले बल्लेबाज बने जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को पहली पारी में 461 रन बनाकर पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। श्रीलंका ने पहली पारी में 312 रन बनाए थे और इस तरह से पाकिस्तान को 149 रन की बढ़त मिली। श्रीलंका ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 14 रन बनाए थे और इस तरह से वह अभी पाकिस्तान से 135 रन पीछे है।

शकील ने नाबाद 208 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 361 गेंद खेली तथा 19 चौके लगाए। दिसंबर में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद शकील ने छह मैचों में एक दोहरा शतक, एक शतक और पांच अर्धशतक बनाए हैं। उनका औसत 98.5 है। शकील पाकिस्तानी पारी के मुख्य सूत्रधार रहे और उन्होंने निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों के साथ उपयोगी साझेदारियां निभाई। पाकिस्तान ने कल 101 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद शकील और आगा सलमान (83) ने छठे विकेट के लिए रिकॉर्ड 177 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। यह श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान की ओर से टेस्ट क्रिकेट में छठे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने 2017 में दुबई में सरफराज अहमद और असद शाफिक के बीच 173 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ा।

### महिला विश्व कप फुटबॉल में नजरें ऑस्ट्रेलिया पर

# पहचान बनाने की कोशिश में न्यूजीलैंड

**एजेंसी। आकलैंड**

रग्बी के लिये अपनी दीवानगी के लिये मशहूर न्यूजीलैंड महिला फुटबॉल विश्व कप की सह मेजबानी के जरिये देश में इस खेल का ग्राफ ऊपर उठते देखना चाहता है। टूर्नामेंट के पहले दिन न्यूजीलैंड का सामना ग्रुप ए में नॉर्वे से और सह मेजबान आस्ट्रेलिया की टक्कर सिडनी में आयरलैंड से होगी । कीवी डिफेंडर अली रिले ने कहा, मैं उम्मीद करती हूं कि यहां हमारे मैच के लिये ही नहीं बल्कि सभी मैचों के लिये भारी संख्या में दर्शक आयेंगे। यह विश्व कप है और हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं। हम इसके लिये तीन साल से मेहनत कर रहे हैं। " न्यूजीलैंड फुटबॉल ने ऐलान किया है कि आकलैंड के ईडन पार्क पर पहले मैच में कम से कम 50000 दर्शक होंगे जो देश के फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा है। आस्ट्रेलिया के पहले मैच के लिये टिकटों की मांग इतनी अधिक है कि मैच स्टेडियम आस्ट्रेलिया में कराना पड़ रहा है जिसकी दर्शक क्षमता 82000 है और इसे सिडनी ओलंपिक 2000 के लिये बनाया गया था। न्यूजीलैंड



ने पिछले पांच में से एक भी बार विश्व कप मैच नहीं जीता है। इस साल उसने नौ मैच खेले और सात में पराजय झेलनी पड़ी। दूसरी ओर नॉर्वे की टीम 1995 में विश्व कप जीत चुकी है और ग्रुप ए की सबसे मजबूत टीमों में से है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उसने सात में से पांच मैच जीते, एक ड्रॉ रहा और एक गंवाया। नॉर्वे के कोच हेजे रिसे ने कहा, दोनों टीमों पर दबाव होगा लेकिन हम पूरी तैयारी के साथ आये हैं।"

दूसरी ओर आस्ट्रेलिया के मैच में नजरें सैम केर पर लगी होंगी जो 63 अंतरराष्ट्रीय गोल कर चुकी हैं। हाल ही में चेलसी की महिला सुपर लीग में लगातार चौथी खिताबी जीत में उनकी अहम भूमिका रही। आस्ट्रेलिया ने फरवरी में कप आफ नेशंस में एक भी मैच नहीं गंवाया और अप्रैल में इंग्लैंड के 30 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाई। आयरलैंड पहली बार विश्व कप खेल रहा है और कोलंबिया के खिलाफ ब्रिसबेन में अभ्यास मैच 20 मिनट के बाद ही रोकना पड़ा क्योंकि आयरिश खिलाड़ियों ने अति आक्रामक खेल की शिकायत की थी।

# स्मिथ, लाबुशेन शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं : कमिंस

**एजेंसी। लंदन**



अपने पिछले शानदार प्रदर्शन के बावजूद, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट सितारे स्टीवन स्मिथ और मार्नस लाबुशेन मौजूदा एशेज श्रृंखला के दौरान फॉर्म में गिरावट का अनुभव कर रहे हैं। हालांकि, उनके कप्तान पैट कमिंस उनकी भविष्य की संभावनाओं को लेकर आशावादी दृष्टिकोण रखते हैं। स्मिथ और लाबुशेन दोनों ने अब तक अपनी 12 पारियों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए संघर्ष किया है, केवल एक ही उल्लेखनीय स्कोर बना है, जो लॉर्ड्स में स्मिथ का पहली पारी में लगाया गया शानदार शतक है। स्मिथ का उत्कृष्ट एशेज औसत 59.68 (इंग्लैंड में 65.08) है, जिसमें 2019 में अविश्वसनीय 774 रन की श्रृंखला शामिल है, जैसे-जैसे श्रृंखला ओल्ड ट्रैफर्ड तक आगे बढ़ी, 31.66 तक गिरावट देखी गई है। इसी तरह, लाबुशेन का शुरूआती औसत 45.86 भी मौजूदा एशेज सीरीज के दौरान काफी गिरकर 24.00 पर आ गया है। कमिंस ने क्रिकेट.कॉम.एयू के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि उन दोनों लोगों ने पिछले कुछ दिनों में अपने होटल तकिए को नेट में डाल दिया होगा, जितना समय वे वहां बिता रहे हैं। वे दोनों अपने खेल के शीर्ष पर क्लास खिलाड़ी हैं जो ऐसा नहीं करते हैं। बहुत बार चूकना नहीं। वे दोनों वास्तव में अच्छे दिख रहे हैं। स्टीव ने इस टूर्नामेंट में दो शतक बनाए हैं, हमेशा की तरह उनसे बड़ी चीजों की उम्मीद है। स्मिथ का ट्रैक रिकॉर्ड उनकी असाधारण बल्लेबाजी क्षमता के बारे में बहुत कुछ बताता है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 32 टेस्ट शतक और 12 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शतक के साथ, उन्होंने लगातार एक बल्लेबाज के रूप में अपनी उल्लेखनीय क्षमता का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, उनका 58.94 का बल्लेबाजी औसत टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सातवां सबसे बड़ा है।

### टी-20 वनडे विश्व कप 2023 | बीसीसीआई के सूत्र ने दी बड़ी जानकारी

# आयरलैंड दौरे पर बुमराह का जाना मुश्किल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम वनडे विश्व कप से पहले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी सुनिश्चित करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ रही है लेकिन कोई भी पक्के तौर पर यह नहीं कह सकता कि वह आयरलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं। यहां तक कि अगर 29 वर्षीय बुमराह 18 अगस्त से शुरू होने वाले आयरलैंड दौरे पर जाते हैं तब भी इसकी संभावना बहुत कम है कि वह तीनों मैच में खेल पाएंगे। इन मैचों का आयोजन एक दिन के अंतराल पर किया जाएगा।

बुमराह पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के इलाज के लिए हुई सर्जरी से उबर रहे हैं। विश्वकप को देखते हुए लक्ष्य वनडे में वापसी करना होगा लेकिन उनकी फिटनेस का आकलन कर रहे लोग चाहेंगे कि यह तेज गेंदबाज चार ओवर के



स्पेल से शुरूआत करे। हालांकि इसकी पुष्टि की जा सकती है कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को अभी तक फिजियो और चिकित्सकों से बुमराह की आयरलैंड दौरे के लिए वापसी को लेकर हरी झंडी नहीं मिली है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, अभी तक एक अलिखित नियम चलता रहा है कि अगर कोई चोट से उबर कर लंबे समय बाद वापसी करता है तो उसे अपनी फिटनेस साबित करने के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना होगा। मुझे लगता है कि एनसीए और चयन समिति में उन्हें छूट दी है क्योंकि वह देवधर ट्रॉफी के मैचों के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम में शामिल नहीं हैं।" उन्होंने कहा, इसका मतलब यह भी है कि वह भी मैच खेलने के लिए तैयार नहीं है नहीं तो वह देवधर ट्रॉफी का एक मैच खेलता।" आयरलैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी और इस बीच बुमराह को उबरने का पूरा मौका मिल जाएगा। सूत्रों ने कहा, आयरलैंड दौरे के लिए चयन बैठक से पहले एनसीए के फिजियो अगरकर और उनकी टीम को सभी खिलाड़ियों की फिटनेस रिपोर्ट देंगे। यदि फिजियो की रिपोर्ट में यह बात होती है कि बुमराह चार ओवर करने के अलावा 16 ओवर तक क्षेत्ररक्षण करने में सक्षम हैं और उसके बाद वनडे में 40 ओवर तक क्षेत्ररक्षण कर सकते हैं तो फिर उनका चयन किया जाएगा।"

## हमें देश के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीद : शाहबाज अहमद

**बाएं** हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम एशियाई खेलों में अपनी आधिकारिक शुरूआत में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेगी। उन्होंने इस तथ्य पर टिप्पणी की कि क्रिकेट को पीली धातु जीतने का मौका मिलना बहुत गर्व की बात है। यह दूसरी बार है जब पुरुष क्रिकेट टीम किसी बहु-खेल प्रतियोगिता में खेलेगी। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने 1998 में कुआलालंपुर में राष्ट्रमंडल खेलों में 50 ओवर के प्रारूप में खेला था। हालांकि, मैचों को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया गया और उन्हें सूची ए खेलों के रूप में दर्ज किया गया। शाहबाज अहमद ने एक यूट्यूब चैनल 'क्रिकेट बसु' से कहा, हमारे लिए हमारा टूर्नामेंट क्वार्टर फाइनल चरण से शुरू होता है। सभी टीमें अच्छी तरह से तैयार होंगी। हम देश के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीद करते हैं। बीसीसीआई ने पिछले हफ्ते 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझाउ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों 2023 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम और पांच स्टैंडबाय खिलाड़ियों की घोषणा की थी। टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले एशियाई खेल 2023 में पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होगी। सभी मैच झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में खेले जाएंगे। पुरुष टीमः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर) स्टैंडबाय खिलाड़ीः यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा, साई सुदर्शन


